रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज
# रांची एक्सप्रेस
1963 से लगातार आपकी सेवा में
epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-107 | कोलकाता, शनिवार 15 जून 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

# तो क्या फ्लू संक्रमण भी हो सकता है जानलेवा?

### सीडीसी की इस रिपोर्ट ने दुनियाभर में बढ़ा दी चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसमी सर्दी-खांसी और बुखार होना काफी दुनियाभर में काफी सामान्य है। मौसम में होने वाले बदलाव के कारण इन्फ्लूएंजा वायरस का संक्रमण इस प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। सामान्य दवाओं के माध्यम से ये समस्या कुछ दिनों में ठीक भी हो जाती है।

हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों ने इन्फ्लूएंजा वायरस के दो ऐसे सैंपलों का पता लगाया है जिन्हें ड्रग-रेजिस्टेंट माना जा रहा है। मतलब वायरस के ये स्वरूप दुनियाभर में सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली एंटीवायरल फ्लू दवा के प्रति प्रतिरोधी हैं। इन दवाओं से भी वायरस बच सकता है और आसानी से संक्रमण बढ़ा सकता है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों की टीम ने फ्लू के दो ऐसे मानव मामलों का पता लगाया है जिनपर एंटीवायरल फ्लू दवाओं का



कोई प्रभाव नहीं होता है। सैंपल की जांच में पाया गया है कि इन्फ्लूएंजा वायरस में दो प्रमुख म्यूटेशन देखे गए हैं, जिसके कारण वायरस के ये स्ट्रेन न सिर्फ दवाओं से बच सकते हैं, बल्कि संक्रमण के जोखिमों को भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं। तो क्या फ्लू संक्रमण के कारण भी गंभीर रोग और मौत के मामले बढ़ सकते हैं?

**इन्फ्लूएंजा वायरस में दो नए म्यूटेशन-** सीडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इन्फ्लूएंजा-ए वायरस (एच1एन1) में आई 223वी और एस 247एन नामक दो म्यूटेशन देखे गए हैं। अब तक दुनियाभर में 15 देशों से एच1एन1 वायरस के डुअल म्यूटेंट वाले कुल 101 सैंपल की पहचान की गई है।

- **सीडीसी की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता-** सीडीसी की जर्नल इमर्जिंग इन्फेक्शियस डिजीज की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लू वायरस में अन्य वायरस की तरह ही म्यूटेशन होता रहता है हालांकि अब तक के म्यूटेशन एंटीवायरल दवाओं के प्रति प्रतिरोधी नहीं थे। इस साल की शुरुआत में द लैंसेट माइक्रोब जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने फ्लू वायरस में दो ऐसे म्यूटेशनों की पहचान की है जिनपर दवाओं का कोई असर नहीं हो रहा है। कुछ अध्ययनों में कहा जा रहा है कि ड्रग-रेजिस्टेंट वायरस के शिकार लोगों के अस्पताल में भर्ती होने और संक्रमण की गंभीर स्थितियों में मौत का भी खतरा हो सकता है।
- **वायरस के दवाओं के प्रति प्रतिरोधी होने से खतरा-** गौरतलब है कि कमजोर इम्युनिटी वाले और कुछ लोगों में फ्लू जैसे संक्रमण के कारण भी रोग के गंभीर रूप लेने का जोखिम रहता है। ऐसी स्थिति में एंटीवायरल दवाएं दी जाती हैं जो फ्लू की गंभीरता और लक्षणों की अवधि को कम करने में मदद करती हैं। हालांकि जब वायरस इन दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं तो संक्रमण की स्थिति में ये भी दवाएं बेअसर हो जाती हैं।

### फ्लू के कारण मौत

सीडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 से, यूएस. में फ्लू के अनुमानित 35 मिलियन (3.5 करोड़) मामले सामने आए थे। इसमें से 3.90 लाख लोगों को अस्पताल में भर्ती होने का जरूरत पड़ी और 24,000 लोगों की मृत्यु हुई। पिछले फ्लू सीजन में यूएस. में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षण किए गए सैंपल जांच में 76 प्रतिशत सैंपल इन्फ़्लूएंजा-ए के प्रकार के थे, जबकि शेष इन्फ़्लूएंजा बी के थे।

### टला हादसा

## लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पहिये में चिंगारी से उठा धुआं, कई यात्री चलती ट्रेन से कूदे, चोटिल

**बिजनौर (एजेंसी)।** लखनऊ से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारियां उठी और धुआं-धुआं हो गया। पहियों से निकला धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों में आग



लगने की दहशत फैल गई। घबराए यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि अभी ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे। ऐसे में कई यात्री चोटिल हुए हैं। ट्रेन में आग लगने की अफवाह पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।
वहीं स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर आग बुझाई। काफी देर तक यह ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही और पूरी तरह चेकिंग की गई।

## आंध्र प्रदेश में हुआ मंत्रालयों का बंटवारा, सीएम नायडू के बेटे को मिला एचआरडी

**अमरावती (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को जनसेना प्रमुख पवन कल्याण को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया है। अभिनेता से नेता बने कल्याण को पंचायत राज और ग्रामीण विकास, पर्यावरण, वन और विज्ञान एवं



प्रौद्योगिकी विभाग आवंटित किए गए हैं। आधिकारिक टीडीपी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश को मानव संसाधन विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग दिए गए हैं। नायडू के साथ बुधवार को 24 मंत्रियों ने शपथ ली। अनिता वंगलपुडी गृह मंत्री होंगी। पी नारायण को एक प्रमुख विभाग- नगर प्रशासन आवंटित किया गया, जो अमरावती राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए जिम्मेदार होगा।

## भारतीय सेना को मिला पहला आत्मघाती ड्रोन

### 30 किमी रेंज

- 2 किलो विस्फोटक लेकर उड़ सकता है; पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर तैनाती होगी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन आर्मी को भारत में बने आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 की पहली खेप मिल गई है। इन ड्रोन्स को नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड यूनिट ने बनाया है। सेना ने 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन) का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है। ड्रोन को नागस्त्र-1 नाम दिया गया है, जिसकी रेंज 30 किमी तक है। इसका एडवांस वर्जन दो किलो से ज्यादा गोला-बारूद ले जाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप, ठिकानों और लॉन्च पैड पर हमला करने के लिए किया जाएगा। ताकि सैनिकों का जोखिम कम से कम हो।

### मई में थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंची

## खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। आज यानी 14 जून को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी।



वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26 प्रतिशत रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53 प्रतिशत रही थी। फरवरी में थोक महंगाई 0.20 प्रतिशत रही थी। उधर, बुधवार को रिटेल महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी।

- मई में खाद्य महंगाई दर 1.88 प्रतिशत बढ़ी
- खाद्य महंगाई दर अप्रैल के मुकाबले 5.52 प्रतिशत से बढ़कर 7.40 प्रतिशत हो गई।
- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 5.01 प्रतिशत से बढ़कर 7.20 प्रतिशत हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.38 प्रतिशत से घटकर 1.35 प्रतिशत रही।
- मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर -0.42 प्रतिशतसे बढ़कर 0.78 प्रतिशत रही।
- मई में रिटेल महंगाई में आई गिरावट

इससे पहले कल यानी 12 जून को मई के रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी हुए थे। इसके अनुसार मई में रिटेल महंगाई 4.75 प्रतिशत रही।

## आतंकी संगठन ने दी राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, खुफिया तंत्र अलर्ट; बढ़ाई गई सुरक्षा

**अयोध्या (एजेंसी)।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने रामजन्मभूमि को लेकर एक बार फिर जहर उगला है। जैश ने राम मंदिर को उड़ाने की



धमकी दी है। इसे लेकर धमकी भरा ऑडियो भी वायरल किया गया है। वायरल ऑडियो में आमिर नाम के जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसे कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा।

- **खुफिया तंत्र अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा-** यह ऑडियो संज्ञान में आने के बाद सुरक्षा एवं खुफिया तंत्र के कान खड़े हो गए हैं। राममंदिर सहित उससे सटे संपर्क मार्ग एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वर्ष 2005 में रामजन्मभूमि परिसर पर हुए आतंकी हमले में इसी संगठन का नाम सामने आया था। जैश रामजन्मभूमि को लेकर लगातार जहर उगलता रहा है। प्राण प्रतिष्ठता से पूर्व भी इस आतंकी संगठन ने धमकी दी थी। राममंदिर निर्माण के बाद उसकी सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार लगातार नए प्रबंध कर रही है। रामनगरी में प्रस्तावित एनएसजी सेंटर सुरक्षा विस्तार की नई कड़ी है।
- **अलर्ट मोड पर राम नगरी-** आतंकी धमकी के बाद राम नगरी अलर्ट मोड पर है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा परखने के लिए एसएसपी राज करण नय्यर ने दौरा किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सतर्क रहने की हिदायत दी। हालांकि आतंकी संगठन के धमकी के बारे में उन्होंने अनभिज्ञता व्यक्त की।

## सिक्किम में लैंडस्लाइड से 6 की मौत, कई लापता

- पर्यटन स्थलों पर 2 हजार से ज्यादा लोग फंसे; 12 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के उत्तरी राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट में भारी बारिश देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिन से जारी बारिश के चलते सिक्किम में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जगह-जगह लैंडस्लाइड और बाढ़ में सैकड़ों घर और कई सड़कें बह गईं। सबसे ज्यादा तबाही सिक्किम के मंगन जिले में हुई है। यहां गुरुवार (13 जून) को एक दिन में 220 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे पिछले साल बना संगकालांग ब्रिज ढह गया, जिससे गुरुडोंगमार झील और युनथांग घाटी जैसे पर्यटन स्थलों के लिए मशहूर मंगन जिले के जोंगु, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे शहर देश के बाकी हिस्सों से कट गए हैं। राहत-बचाव में जुटे डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने बताया कि लाचुंग और चुंगथांग में करीब 2 हजार पर्यटक फंसे हैं।

### नीट यूजी पेपर लीक मामला

## एनटीए को सुप्रीम कोर्ट ने दिया नोटिस

### सीबीआई जांच की मांग को लेकर भी जवाब मांगा; 8 जुलाई को सुनवाई होगी




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट यूजी पेपर लीक और इसकी सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एनटीए 2 हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

पिटीशनर हितेश सिंह कश्यप ने आरोप लगाया कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी।

कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 छात्रों की डीटेल मिली है। इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच जरूरी है।

- हाईकोर्ट के मामले भी सुप्रीम कोर्ट को ट्रांसफर हों- एनटीए

स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी समेत 7 राज्यों की हाईकोर्ट में नीट में गड़बड़ियों को लेकर याचिकाएं दायर की हैं। एनटीए ने कहा है कि अलग-अलग कोर्ट के अलग-अलग फैसला सुनाने से छात्रों में भ्रम फैल सकता है। इसलिए सभी मामले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाएं।

## जी 7 समिट में मेलोनी से मिले मोदी दोनों ने हाथ जोड़कर नमस्ते किया

### सुनक-मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी7 समिट के लिए इटली में हैं। पीएम ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हाथ जोड़कर नमस्ते किया। यहां प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मक्रों और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से मुलाकात की।



इसके बाद पीएम इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की समेत कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात करेंगे। तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ये नरेंद्र मोदी का पहला विदेश दौरा है। मोदी ने एक पोस्ट में लिखा कि जी7 समिट में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंच गया हूं।

### म.प्र. उज्जैन में करोड़ों का सट्टा पकड़ा गया

## नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन; 14.58 करोड़ रुपये जब्त

**उज्जैन (एजेंसी)।** उज्जैन पुलिस ने मध्यप्रदेश के इतिहास में सट्टे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच, सायबर टीम, नीलगंगा और खाराकुंआ पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करने वाले 9 सट्टेबाजों को भी गिरफ्तार किया, हालांकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 41 मोबाइल फोन, 19 लैपटॉप, 5 मैक-मिनी, 1 आईपैड, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिमें, 2 पेन ड्राइव, 3 मेमोरी कार्ड समेत अन्य सामान के साथ 14.58 करोड़ रुपये बरामद किए गए। साथ ही विदेशी करंसी के साथ करोड़ों के लेन-देन का हिसाब-किताब भी सामने आया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब, राजस्थान और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। जिनके तार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले हुए हैं। पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि टीम को बीते दिन गुरुवार को सूचना मिली कि नीलगंगा थाना क्षेत्र स्थित 19 ड्रीम्स कॉलोनी के ड्यूप्लेक्स नं 18 में पियूष चोपडा के साथ पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ लोग कई दिनों से व्यापक स्तर में अंतरराष्ट्रीय सट्टा खिला रहे हैं।

### लाटविया भागने की फिराक में था आरोपी

आरोपी पीयूष बिल्डर होकर प्रॉपर्टी का काम करता है, इसके घर से पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और सट्टे के हिसाब किताब से संबंधित भारी मात्रा में दस्तावेज और नकदी जब्त की गई है। आरोपी पीयूष परिवार के साथ लाटविया देश भागने की फिराक में था। ऐसे में अब उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कराया जा रहा है।



### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने जसप्रीत उर्फ रूबल पिता हरमंदर सिंह (30) अमरपुरा लुधियाना पंजाब, रोहित पिता सुरजीत सिंह (26) नीमच मप्र, गुरप्रीत सिंह पिता सरदार गुरमिल सिंह (36) लुधियाना पंजाब, मयूर जैन पिता विजय जैन (30) नीमच, सतप्रीत सिंह पिता परमजीत सिंह (34) लुधियाना पंजाब, आकाश मसीही पिता अजय मसीही (26) नीमच, चेतन नेगी पिता स्व पूरनचंद नेगी (37) लुधियाना पंजाब, हरीश पिता राजमल तेली (36) निम्बाहेडा राजस्थान, गौरव पिता सूरजमल जैन (26) नीमच पुलिस की गिरफ्त में हैं।

### ऐसे करते थे अपराध

आरोपी पियूष चोपडा गोपनीय तरीके लंबे समय से 19 ड्रीम्स कॉलोनी इंदौर रोड़ स्थित घर पर सट्टा संचालित कर रहा था। सट्टा व्यापार में मुनाफा होने से बीते छह महीने पहले लुधियाना पंजाब, नीमच मध्य प्रदेश, निम्बाहेडा राजस्थान से सट्टा व्यपार के लिए कुशल गुर्गों बड़ी कीमत देकर लेकर आया। पियूष ने गुर्गों को सभी संसाधन उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बुकीज से सम्पर्क बनाया। इसके लिये londone&ch9.com ऑनलाइन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराकर आईडी और पासवर्ड अपने गुर्गों को खाई लगाई करने के लिये उपलब्ध कराए। londone&ch9.com वेबसाइट पर लाइव क्रिकेट और टेनिस के मैच के भाव के अनुसार match- bet व session-bet प्रदर्शित होती है। इनपर bet लगाने के संबंध में पीयूष चौपड़ा अपने गुर्गों को निर्देशित करता था। पूरे मैच के दौरान बुकीज द्वारा zoom meeting एप के द्वारा और Sim Todo Apk एप्लीकेशन द्वारा लाइव कनेकटीविटी लेकर लाइन लगातार चलती रहती थी, जिस पर बुकीज और गुर्गे लाइव कम्युनिकेशन में रहते थे। इसी समय गुर्गों द्वारा पंटिंग कर खाई/लगाई कर धंधा बोला जाता था। एक बार में एक लाइन पर 50,000/- से 25,00,000/- रुपये तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पियूष चोपड़ा के द्वारा गुर्गों को बताया जाता था उसके बाद वे बुकीज को धंधा उतारते हैं।

# कोलकाता के एक्रोपोलिस मॉल में लगी आग



**कोलकाता ,एजेन्सी।** कोलकाता के एक्रोपोलिस मॉल में भीषण आग लग गई है , जिसके बाद आपातकालीन सेवाओं को तत्काल कार्रवाई करनी पड़ी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों ने अथक प्रयास किया और कई दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में दमकल कर्मियों को तेजी से पहुंचते हुए, मॉल के बाहरी हिस्से में लगे बड़े कांच के पैनल को तोड़ते हुए आग बुझाते और अंदर फंसे लोगों को बचाते हुए दिखाया गया है । स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है और बचाव अभियान चल रहा है। अधिक जानकारी बाद में दी जाएगी। (एएनआई)

# टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में चार सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की



**कोलकाता ,एजेन्सी।** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में, तृणमूल कांग्रेस ने चार सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी किए, जिन पर 10 जुलाई को मतदान होगा। पार्टी ने रायगंज से कृष्ण कल्याणी, रानाघाट-दक्षिण से मुकुट मणि अधिकारी, मानिकतला से सुप्ति पांडे और बगदाह से मधुपर्णा ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले गुरुवार को, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में अगले महीने होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने एक प्रेस विज्ञप्ति में तीन राज्यों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। हिमाचल प्रदेश से, पार्टी ने देहर से होशियार सिंह चंब्याल, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से कृष्ण लाल ठाकुर के नामों की घोषणा की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मध्य प्रदेश से भाजपा ने अमरवाड़ा से कमलेश शाह को उम्मीदवार बनाया है। उत्तराखंड से बद्रीनाथ से राजेंद्र सिंह भंडारी और मंगलौर से करतार सिंह भड़ाना को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। 10 जून को भारत के चुनाव आयोग ने घोषणा की थी कि सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर रिक्तियों को भरने के लिए उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। आयोग ने बिहार, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश की एक-एक सीट, उत्तराखंड की दो सीटों, हिमाचल प्रदेश की तीन सीटों और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर उपचुनाव कराने का फैसला किया है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 जून है और उम्मीदवार 26 जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। ये सीटें मौजूदा विधायकों के इस्तीफे या मृत्यु के कारण खाली हुई थीं।

# कानून की शिक्षिका ने कॉलेज में सिर पर स्कार्फ बांधने की अनुमति मिलने के बाद दोबारा कॉलेज न आने का फैसला किया



**कोलकाता ,एजेन्सी।** एक निजी लॉ कॉलेज की शिक्षिका, जिन्हें कथित तौर पर हिजाब पहनकर कक्षाओं में उपस्थित नहीं होने के लिए कहा गया था, लेकिन बाद में बताया गया कि सिर पर दुपट्टा रखने की अनुमति दी जा सकती है, ने कहा कि वह अपने कार्यस्थल पर वापस नहीं आ रही हैं। जवाब में, कॉलेज ने कहा कि वह उनके निर्णय का ÷सम्मान÷ करता है। शिक्षिका, संजीदा कादर ने कहा कि वह ÷फिर से ड्यूटी पर नहीं आएंगी÷ और उन्होंने कॉलेज प्रबंधन टॉलीगंज के एलजेडी लॉ कॉलेज के प्रबंधन ने 10 जून को उन्हें भेजे गए एक ईमेल में कहा कि वह संकाय सदस्यों के लिए ड्रेस कोड का पालन करते हुए अपने सामान्य कर्तव्यों को फिर से शुरू कर सकती हैं और ÷अपनी कक्षाओं के दौरान, वह दुपट्टे को सिर पर दुपट्टे के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं÷। कादर, जिन्होंने प्रबंधन को अपना निर्णय बताने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था, ने गुरुवार को प्रबंधन को एक नया ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया, ÷आपके आदेश पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने आपके संस्थान में फिर से शामिल नहीं होने और इसके बजाय नए अवसरों की तलाश करने का फैसला किया है, क्योंकि मेरा मानना ??है कि इस समय मेरे करियर के लक्ष्यों के लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है।÷ उन्होंने पीटीआई को बताया कि स्थिति उनके लिए आरामदायक नहीं होगी। उसके पत्र का जवाब देते हुए कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि वह उसके निर्णय का ÷सम्मान÷ करता है और उसे शुभकामनाएं देता है तथा उसके समृद्ध करियर की कामना करता है। कादर रमज़ान (अप्रैल में) के महीने से ही कार्यस्थल पर सिर पर स्कार्फ़ पहन रही थी, लेकिन पिछले हफ़्ते से यह मुद्दा और बढ़ गया।

# अभिनेता-सांसद देव के पश्चिम बंगाल के घाटल में 1.5 मिलियन पेड़ लगाने के अभियान के लिए मदद की बाढ़ आ गई



**मिदनापुर,एजेन्सी।** अभिनेता-सांसद देव के हरित वादे के बाद कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्हें और उनके विपक्षी उम्मीदवारों भाजपा और सीपीआई को मिलने वाले हर वोट के लिए एक नया पेड़ लगाया जाएगा, उनके टॉलीवुड सहयोगियों प्रोसेनजीत चटर्जी और रुक्मिणी मैत्रा ने भी हाथ बढ़ाया है और 10,000 पौधे दान करने का वादा किया है। देव ने कहा कि कई अन्य लोगों ने भी उनसे संपर्क किया है। एक गैर सरकारी संगठन - मिथरी मिट्टी - ने भी कोलकाता में TOI कार्यालयों से संपर्क किया है और देव के प्रयासों में मदद करने का वादा किया है। TOI की रिपोर्ट के बाद रुक्मिणी ने सोशल मीडिया पर देव की सराहना की। उन्होंने लिखा, ÷मैं इस नेक काम का समर्थन करने के लिए अगले 10,000 पौधे PLANT दान करना चाहूंगी। प्रोसेनजीत ने भी देव के प्रयासों की प्रशंसा करने के लिए अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, बहुत बढ़िया पहल, देव। मैं आपके साथ हूं। इसमें मेरी ओर से 10,000 पौधे।÷ देव ने कहा कि जब से उन्होंने पिछले रविवार को घाटल में पौधारोपण अभियान शुरू किया है, तब से कई लोग मदद के लिए उनके पास पहुंचे हैं। ÷पौधारोपण अभियान का पहला चरण 21 जून जून तक जारी रहेगा। मैं शहरी वन क्षेत्र स्थापित करने के लिए भूखंडों के चयन में मदद के लिए पश्चिम मिदनापुर के डीएम से भी मिलूंगा। जो एक विचार के रूप में शुरू हुआ, वह अब लोगों की पहल बन गया है,÷ अभिनेता-सांसद ने कहा। कॉन्वेंट रोड स्थित एनजीओ जिसने TOI कार्यालयों से संपर्क किया, उसका लक्ष्य खुद एक करोड़ पौधे लगाना है। इसके संस्थापक संजय जयसिंह ने कहा, ÷देव, एक सांसद होने के अलावा, एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। उनकी पहल लोगों के दिलों को छू जाएगी। हम न केवल पौधे उपलब्ध कराने में शामिल होना चाहते हैं, बल्कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए भी उनके साथ जुड़ना चाहते हैं कि निरंतर देखभाल की जाए।÷ रविवार को जब देव और राज्य के पूर्व पर्यावरण मंत्री मानस भुनिया ने सबंग के उचितपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधे लगाना शुरू किया, तो अभिनेता-सांसद ने कहा था, ÷अपना नामांकन दाखिल करते समय, मैंने लोगों द्वारा दिए गए प्रत्येक वोट के लिए एक पेड़ लगाने का वादा किया था। आज, जीतने के बाद, मैं न केवल वह पौधा लगाने की प्रतिज्ञा करता हूं, बल्कि मेरे भाजपा और सीपीआई विरोधियों को मिले प्रत्येक वोट के लिए एक पौधा लगाने की भी प्रतिज्ञा करता हूं। मैं नोटा को बाहर रख रहा हूं, क्योंकि लोग उस स्थिति में किसी भी पार्टी को वोट नहीं देते हैं। आज, हमने एक दिन में 10,000 पौधे लगाने के साथ शुरुआत की। अगले पांच वर्षों में, हम घाटल में 15 लाख से अधिक पेड़ लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे।÷ देव को 8.3 लाख वोट मिले थे, भाजपा के हिरन को 6.5 लाख वोट मिले थे और सीपीआई छ्क्क्षुको 74,908 वोट मिले थे। घाटल में लगभग 13,000 लोगों ने नोटा का विकल्प चुना।

# झारखंड में जल्द होगा मंत्रिमंडल विस्तार, कल्पना को भी मिल सकती है जिम्मेदारी



**रांची, एजेंसी।** विभिन्न विभागों के कल्याण, विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन परिसर में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जल्द किया जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्व मंत्री आमलगीर आलम के जेल में बंद होने के कारण कांग्रेस कोटे से एक मंत्री बनना है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुलाकात की। मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। झामुमो के साथ गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस कोटे के एक रिक्त पद पर नए मंत्री शपथ लेंगे। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस कोटे से जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को मंत्री बनाया जा सकता है।

कांग्रेस के स्तर से मंत्री का नाम तय होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की दिशा में बात आगे बढ़ेगी। चंपाई मंत्रिमंडल में 12वें मंत्री का पद भी रिक्त है। गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीतने के बाद कल्पना सोरेन के नाम को लेकर कई तरह की चर्चा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कल्पना सोरेन की जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व तय करेगा। कल्पना को विधानसभा में बोलने का अवसर मिले इसे लेकर विमर्श जारी है। सांसद चुने गए चार विधायकों का इस्तीफा मंजूर

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने लोकसभा चुनाव 2024 में सांसद निर्वाचित चार विधायकों का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को झामुमो की मनोहरपुर विधायक पूर्व मंत्री जोबा मांझी और शिकारीपाड़ा से विधायक नलिन सोरेन ने अपना इस्तीफा स्पीकर को सौंप दिया है। दोनों झामुमो के विधायक हैं। एक दिन पूर्व भाजपा के बाघमारा के विधायक ढुलू महतो और दस जून को हजारीबाग के विधायक पद से मनीष जयसवाल ने इस्तीफा दिया था।

सांसद महतो और जयसवाल भाजपा के विधायक थे। विधानसभा में अब दलीय स्थिति देखें तो कल्पना सोरेन को शामिल कर झामुमो के 28, बाबूलाल मरांडी को मिलाकर भाजपा के 24, प्रदीप यादव को मिलाकर कांग्रेस के 17, आजसू के तीन, राजद के एक, माले के एक, एनसीपी के एक, निर्दलीय दो और मनोनित एक सदस्य हैं। इस प्रकार झारखंड विधानसभा की 81 में से अब चार क्षेत्र शिकारीपाड़ा, बाघमारा, हजारीबाग, मनोहरपुर रिक्त हो गए हैं।

# उत्तरी सिक्किम में 1,500 लोग फंसे, 3 की मौत, कलिम्पोंग में बारिश से बाढ़



**कलिम्पोंग,एजेन्सी।** सिलीगुड़ी लगातार बारिश के कारण गुरुवार को सीक्किम के मंगन जिले में कई जगह भूस्खलन हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग लापता हो गए और एक गंभीर रूप से घायल हो गया, इसके अलावा 1,500 से अधिक पर्यटक, जिनमें से ज्यादातर बंगाल के थे, लाचुंग और चुनथांग में फंसे हुए हैं। गुरुवार सुबह तीस्ता का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे एनएच-10 की सड़कों पर भीषण बाढ़ आ गई और दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और गंगटोक के बीच परिवहन बाधित हो गया। मंगन की ओर जाने वाली सड़क कई जगहों पर बह गई है, जिससे राहत सामग्री ले जा रहे वाहन कट गए हैं। रंगपो से सिलीगुड़ी की ओर मुनसोंग-17वें माइल-अलगार-लावा-गोरुबाथन होते हुए जाने वाले छोटे वाहनों के लिए यातायात डायवर्ट करने की सलाह दी गई है।

भारी वाहनों को रेशी-पेडोंग-अलगार-लावा-गोरुबाथन होते हुए सिलीगुड़ी की ओर डायवर्ट किया गया पीडब्ल्यूडी पेशोक-दार्जिलिंग सड़क को साफ करने की कोशिश कर रहा है। मंगन एसपी सोनम डिचू ने कहा, ÷संकलंग में पुल के ढहने के कारण जोंगू, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग का संपर्क टूट गया है। फंसे हुए पर्यटकों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए जहां वे हैं, वहीं रहने के लिए कहा गया है।÷ डिचू ने कहा कि उत्तरी सिक्किम में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं कर रहा है, जिससे क्षेत्र में संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। अचानक आई बाढ़ ने स्थानीय निवासियों को संकट में डाल दिया है, उनके घर जलमग्न हो गए हैं और उनका सामान खतरे में है। तीस्ता गांव की निवासी सुनन्या प्रसाद ने कहा, ÷हमें कहां जाना चाहिए? हर कोई हमारी स्थिति जानता है, लेकिन कोई कुछ नहीं करता।÷

तीस्ता की पंचायत सदस्य ज्योति विश्वकर्मा ने कहा कि 4 अक्टूबर, 2023 को अचानक आई बाढ़ के दौरान इस्तेमाल किए गए पुनर्वास केंद्र और स्कूल विस्थापित व्यक्तियों के लिए फिर से खोले जाएंगे। कलिम्पोंग के डीएम बाला सुब्रमण्यम टी ने कहा कि सड़क की सतह में दरारों के कारण मेली से चित्रे तक यातायात प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। डीएम ने कहा, ÷किसी भी बड़ी संपत्ति के नुकसान या निकासी की कोई सूचना नहीं मिली है। निवासियों को सूचित किया जा रहा है और बढ़ते जल स्तर के बारे में उनसे लगातार संपर्क किया जा रहा है। बाढ़ आश्रय स्थल तैयार हैं। लेकिन, अभी तक किसी को भी स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है।÷ उन्होंने कहा कि आवश्यक निगरानी और निरीक्षण के लिए प्रमुख स्थानों पर नागरिक सुरक्षा कर्मियों और पुलिस की विशेष टीमों को तैनात किया गया है।

# सांसद यूसुफ पठान पर अतिक्रमण का आरोप



**कोलकाता ,एजेन्सी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और हाल ही में पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव जीतने वाले नवनिर्वाचित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोकसभा सांसद यूसुफ पठान एक विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। यूसुफ पठान को उनके गृह राज्य गुजरात में वडोदरा नगर निगम (वीएमसी) ने जमीन अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किया है। वीएमसी का दावा है कि जमीन कंपनी की है और माना जाता है कि उस पर एक पूर्व क्रिकेटर ने कब्जा कर लिया है।यह नोटिस भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित निगम द्वारा लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के ठीक दो दिन बाद 6 जून को जारी किया गया था, लेकिन मामला अब सामने आया है। बीजेपी के पूर्व सलाहकार ने उठाया ये मुद्दाभारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद विजय पवार द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद वडोदरा नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने गुरुवार को इस संबंध में मीडिया से जानकारी साझा की। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी यूसुफ पठान ने पश्चिम बंगाल के बहरामपुर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव जीत लिया है।

# बंगाल में चार विधानसभा सीटों होंगे पर उपचुनाव, चारों सीटों पर केंद्रीय बलों की 55 कंपनियां होंगी तैनात




**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाल में 10 जुलाई को चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की तैनाती की घोषणा की है, जिसमें सबसे अधिक जवान उत्तर 24 परगना जिले के बागदा में तैनात किए जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि उपचुनाव में तैनात की जाने वाली 55 कंपनियों में से सबसे अधिक 16 कंपनियां बागदा विधानसभा क्षेत्र में होंगी, जबकि नदिया जिले के राणाघाट दक्षिण में 15 कंपनियां तैनात की जाएंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज और कोलकाता के मानिकतल्ला में 12-12 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

बता दें कि कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिहाज से यह तैनाती की जाती है। रिकार्ड के अनुसार बागदा विधानसभा सीट चारों निर्वाचन क्षेत्रों में सबसे अधिक संवेदनशील है। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने उपचुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट का उपयोग करने का निर्णय लिया है और इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त संख्या में मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं और इन मशीनों की सहायता से सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं। उपचुनाव के लिए राजपत्र अधिसूचना शुक्रवार को जारी की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। कोलकाता की मानिकतल्ला विधानसभा सीट पर उपचुनाव तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री साधन पांडे के निधन के कारण हो रहा है। अन्य तीन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के टिकट पर 2021 के विधानसभा में निर्वाचित हुए बागदा से पूर्व भाजपा विधायक विश्वजीत दास, राणाघाट दक्षिण से डा मुकुट मणि अधिकारी और रायगंज से कृष्ण कल्याणी को विधानसभा से इस्तीफा देना पड़ा।

तीनों ने तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में इस बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि तीनों चुनाव हार गए। इस्तीफे के चलते इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो रहा है।

# एवियन इन्फ्लूएंजा का कोई खतरा नहीं: अधिकारी



**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल में बर्ड फ्लू की खबरों के बीच , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव नारायण स्वरूप निगम ने गुरुवार को कहा कि राज्य में एवियन इन्फ्लूएंजा का कोई खतरा नहीं है और पोल्ट्री उत्पादों के सेवन के खिलाफ कोई सलाह जारी नहीं की गई है। निगम ने कहा , ÷स्थिति बिल्कुल सामान्य है... किसी भी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। राज्य में एवियन इन्फ्लूएंजा एवियन इन्फ्लूएंजा का कोई खतरा नहीं है और पोल्ट्री उत्पादों के सेवन न करने के बारे में कोई खतरा या सलाह नहीं है।÷ उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं जिनमें वायरस का कुछ इतिहास पाया गया है, H9N2 और H5N1 । हालांकि, मानव से मानव या पक्षी से मानव में संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा, ÷विभिन्न मीडिया चैनलों और प्रिंट मीडिया में ऐसी खबरें आई हैं कि पश्चिम बंगाल में बर्ड फ्लू की घटना हुई है। कुछ मामले ऐसे भी आए हैं, जिनमें वायरस का इतिहास पाया गया है, H9N2 और H5N1 , लेकिन हमने मानव प्रजातियों के बीच संपर्कों के साथ-साथ पोल्ट्री पक्षियों और आस-पास के पक्षियों के बीच बहुत सक्रिय निगरानी की है और मानव से मानव या पक्षी से मानव में किसी भी तरह के संक्रमण की कोई घटना नहीं हुई है।÷ इस सप्ताह की शुरुआत में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में बर्ड फ्लू के एक मानव मामले की पुष्टि की, जब पश्चिम बंगाल में चार वर्षीय बच्चे में H9N2 वायरस का पता चला । कुल मिलाकर, यह भारत से WHO को अधिसूचित एवियन इन्फ्लूएंजा ए ( H9N2 ) का दूसरा मानव संक्रमण है , पहला 2019 में हुआ था। बच्चा ठीक हो गया है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। स्वास्थ्य निकाय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि डब्ल्यूएचओ को भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (आईएचआर) राष्ट्रीय फोकल प्वाइंट (एनएफपी) से पश्चिम बंगाल में एवियन इन्फ्लूएंजा ए ( एच9एन2 ) वायरस के संक्रमण के एक मानव मामले के संबंध में एक अधिसूचना प्राप्त हुई है। (एएनआई)

# नए सांसद अभय कुशवाहा का लोगों ने किया स्वागतः बोले- गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को दूर करूंगा



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद जिले के अंबा प्रखंड के चिल्हकी हाई स्कूल मैदान में गुरुवार की रात मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित राजद सांसद अभय कुशवाहा का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंबा प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एवं संचालन पूर्व प्रमुख मनोज यादव ने किया।

## ग्रामीणों से मिलेंगे सांसद

सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि एक दिन में लोकसभा क्षेत्र के दो पंचायत में जाएंगे। गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं से नजदीक से रूबरू होंगे। कार्यक्रम की तिथि एवं समय निर्धारित कर क्षेत्र में जाया जाएगा ताकि लोगों की समस्याओं को नजदीक से जान सके। सांसद ने कहा कि जिस विधानसभा से सबसे ज्यादा लीडिंग हुई है। वहां से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

## किसानों से किया वादा पूरा करूंगा

उत्तर कोयल नहर को लेकर उन्होंने कहा कि आज तक जितने भी प्रतिनिधि हुए हैं, सिर्फ उत्तर कोयल नहर को लेकर राजनीति करते आए हैं। किसानों से वादा करता हूं कि उत्तर कोयल नहर को लेकर सड़क से लेकर संसद तक आवाज बुलंद करेंगे। अगर सरकार उत्तर कोयल नहर पर ध्यान नहीं देती है तो संसद भवन में आत्मदाह करने का काम करेंगे। हम लोग जो बोलते हैं वह करने में विश्वास करते हैं। किसानों से वादा किया है उसे करके रहूंगा।

### 79111 मतों से हुई थी अभय कुशवाहा की जीत

औरंगाबाद लोकसभा से राजद प्रत्याशी अभय कुमार सिंहा उर्फ अभय कुशवाहा दो बार से भाजपा पार्टी से सांसद रह रहे सुशील कुमार सिंह को 79111 मत से हराया है। अभय कुशवाहा को पुरे लोकसभा से 465567 में प्राप्त हुआ है। वहीं उनके प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह को 386456 मत पड़े थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नोटिफिकेशन होते ही टीबी मरीजों के खाते में आएगी 1500 रुपए

**बक्सर, एजेंसी।** जिले के टीबी के इलाजरत मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब तक जितने मरीजों का निक्षय पोषण योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, उनके खाते में राशि हस्तांतरित की जाने लगी है। साथ ही, इसको लेकर सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने सभी बैकलॉग को खत्म करने का निर्देश दिया है। ताकि, जिले में इलाजरत सभी टीबी मरीजों को जल्द से जल्द निक्षय पोषण की राशि मिल सके। सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने के बाद निक्षय राशि का भुगतान नहीं किया जा सका। क्योंकि बजट के बाद ही योजनाओं के लिए राशि भेजी जाती है। गत दिनों जिले को निक्षय पोषण योजना के लाभार्थियों के लिए सरकार ने 30 लाख रुपए भेजे हैं। जिसमें से 15 लाख रुपए इलाजरत मरीजों के खाते में भेजे जा चुके हैं। शेष राशि का भुगतान भी शनिवार तक पूरा कर लिया जाएगा। ताकि, योजना का लाभ सभी लाभुक को मिल सके। अब किश्तों में भेजी जाएगी खाते में राशि जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शालीग्राम पांडेय ने विभाग द्वारा अब निक्षय पोषण योजना की राशि के वितरण में बदलाव किया गया है। पहले टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद हर माह उनके खाते में 500 रुपए भेजे जाते थे। लेकिन नए नियमों के अनुसार टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के बाद 1500 रुपए की पहली किश्त खाते में हस्तांतरित की जायेगी। जिसके 84 दिनों के बाद उनके खाते में दोबारा 1500 रुपए भेजे जाएंगे। हालांकि, विभाग ने इसमें एक और नियम जोड़ा है जिसके तहत यदि किसी मरीज का इलाज छह माह से ऊपर चलता है तो उसके बाद इलाज अवधि तक 500 रुपए उसके खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के भरगामा थाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है । जिसकी जानकारी अररिया एसपी ने गुरुवार की देर शाम प्रेस रिलीज जानकारी कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित रंजन को गुप्त सूचना मिली की भरगामा थाना के मनुल्लाहपट्टी गांव में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है।

जिसके बाद एसपी अमित रंजन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मनुल्लाहपट्टी गांव में छापेमारी अभियान चलाकर एक घर से गोविंद कुमार पिता रामदेव पासवान को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके साथी पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के आपराधिक रिकार्ड के बारे में पता लगाने में जुट गई है। वहीं गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ भरगामा थाना कांड संख्या 163/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में भरगामा थाना प्रभारी मनीष कुमार,एसआई संजय कुमार सिंह सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। इन दिनों भरगामा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर लहराने और वीडियो बनाने का फैशन चल चुका है।

### तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर :मधुबनी में साइकिल सवार व्यक्ति की गई जान

**मधुबनी , एजेंसी।** मधुबनी के जयनगर के कमलापुल के पूर्वी तट काली मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने घर जा रहा था। तभी अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल जयनगर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृत व्यक्ति खैरामाट निवासी राम गुलाम यादव के बेटे अरुण यादव( 54) बताया जा रहा है। स्व. अरुण यादव गुरुवार की संध्या साइकिल से घर की ओर जा रहा था, तभी मेन रोड काली मंदिर के के पास बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल के परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया।

# रुपौली विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेंगी बीमा भारती



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के रुपौली विधानसभा सीट के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। इस बीच लोकसभा में मिली करारी हार के बाद पूर्व विधायक बीमा भारती ने उपचुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। बीमा भारती ने इसकी जानकारी दी। उनकी जगह इस बार उनके पति अवधेश मंडल रुपौली विधानसभा से दावेदारी पेश करेंगे। वो बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरेंगे। अवधेश मंडल का मुकाबला महागठबंधन से सीपीआई के विकास चंद्र मंडल से हो सकता है। बीमा भारती रुपौली विधानसभा सीट से 5 बार की विधायक रह चुकी हैं। उनके इस ऐलान के बाद उनके चुनाव लड़ने की सारी अटकलों पर विराम लग गया है। बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हो गई थी। बीमा भारती सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुईं और पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि, इस चुनाव में उन्हें मात्र 27,120 वोट मिले। पप्पू यादव ने बीमा भारती को 5 लाख 40 हजार 436 वोट से हराया है।

**जिसके साथ काम किया, उसी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ीं :** लोकसभा चुनाव के तीन महीने पहले बीमा भारती राजद में शामिल हुईं थी। जो बीमा भारती कल तक जदयू और पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा के साथ काम करती थीं, उन्हीं लोगों के खिलाफ लोकसभा चुनाव में राजद के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ा। बीमा भारती के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी काफी प्रचार किया। हालांकि, नतीजा बीमा भारती के खिलाफ ही रहा।

**14 जून से नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू:** रुपौली विधानसभा सीट के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए 14 जून से नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 21 जून नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 26 जून तक नाम वापस लिए जाएंगे। वहीं, 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 13 जुलाई को काउंटिंग होगी। पूर्व मंत्री रहीं बीमा भारती के पति अवधेश मंडल का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। जेडीयू ने अवधेश मंडल के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उनकी पत्नी बीमा भारती को पहली बार 2010 में टिकट दिया था। तब से लेकर अब तक बीमा भारती तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं।

# नवादा में गरजी बंदूक, महादलित मुखिया की गोली मार हत्या



**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने एक मुखिया को मौत के घाट उतार दिया। घटना पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बुधौली की है। पंचायत के मुखिया पप्पू मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शुमुखिया के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना से पुलिस और प्रशासन के होश उड़ गए। कई वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर खुद तहकीकात में लगे हैं। हत्या की इस वारदात से नीतीश सरकार की किरकिरी हो रही है कि मुखिया भी सुरक्षित नहीं है।

घटना की सूचना के बाद पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। मृतक के परिवार वालों से घटना की जानकारी ली जा रही है। मृतक का सबसे बड़ा पुत्र सोनू कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात को नौ बजे के आस पास किसी से मोबाइल पर बात करते हुए घर से बाहर निकले। उसके बाद घर लौटे नहीं। शुक्रवार की सुबह को रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली के पास एक बालक ने कुत्ते को शव को चाटते हुए देखा। इसके बाद पाया कि शव पंचायत के मुखिया का है। मृतक की पहचान मुखिया बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण डॉग स्क्काड की टीम को बुलाने एवं हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। मृतक के पांच छोटे- छोटे बच्चे हैं। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक पप्पू मांझी दूसरी बार बुधौली पंचायत के मुखिया बने थे। बुधौली पंचायत की दिवंगत मुखिया बसंती देवी की मृत्य के बाद 2018 में हुए उप चुनाव में वे मुखिया बने थे। इसके बाद 2021 में हुए पंचायत चुनाव में दूसरी बार मुखिया बने। इस घटना की छानबीन में पुलिस जुट गई है। परिवार की ओर से कोई संकेत नहीं मिलने से पुलिस कई एंगल से छानबीन कर रही है। पुलिस उस शख्स का पता लगाने में जुट गई है जिसके बुलाने पर मुखिया घर से निकले थे। उनके मोबाईल का कॉल डिटेल पुलिस खंगाल रही है। आस पास के लोग और परिवार वालों से जानकारी ली जा रही है।

# मेडिकल छात्रा-छात्राओं के लिए खुशखबरी, बिहार में एमबीबीएस की 200 सीटें बढ़ेंगी



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मेडिकल कॉलेज में इस सत्र से बढ़ी हुई सीटों पर नामांकन होगा। पहली बार समस्तीपुर और छपरा मेडिकल कॉलेज में सौ-सौ सीटों पर दाखिला होगा। एमबीबीएस की 200 सीटें बढ़ने पर राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कुल 1690 सीटें हो जाएंगी। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए डॉक्टर बनने के अवसर में इजाफा हो गया है जिसका लाभ सूबे के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। इसके साथ साथ इलाके के लोगों को मरीजों का इलाज कराने में भी सुविधा मिलेगी।

इसके पूर्व में अबतक राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स में 1490 सीटें थीं। ये बढ़कर 1690 हो जाएंगी। हालांकि बीडीएस की सीटों में कोई बढ़ोतरी नहीं है। पटना डेंटल कॉलेज और रहुई डेंटल कॉलेज, नालंदा में सौ सीटों पर ही नामांकन होगा। वहीं निजी मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस कोर्स को जोड़ दिया जाए तो संख्या 2500 के पार कर जाएगी।

अभी पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पटना में 200, डीएमसी लहेरियासराय में 120, भागलपुर में 120,एनएमसी पटना में 150, मुजफ्फरपुर में 120, गया में 120, आईजीआईएमएस पटना में 120, जीएमसी बेतिया में 120, विम्स पावापुरी में 120, मधेपुरा में 100, ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज बिहटा में 100, जीएमसी पूर्णिया में 100, पटना डेंटल कॉलेज में 40 व रहुई डेंटल कॉलेज नालंदा में 100 सीटें हैं।

बिहार के मेडिकल कॉलेजों में 15 सीटों पर ऑल इंडिया कोटा के तहत नामांकन होता है। वहीं, शेष 85 प्रतिशत सीटों पर राज्य कोटे के तहत दाखिले लिए जाते हैं। केन्द्रीय कोटे का नामांकन होने के बाद ही राज्य कोटे से नामांकन की प्रक्रिया बीसीईसीई के माध्यम से होगी। बढ़ी हुई दो सौ एमबीबीएस सीटें राज्य के उन छात्र छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा जो मेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उन्हें अपने राज्य में डॉक्टरी की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीटः दरभंगा में आपसी विवाद में 8 लोग हुए जख्मी



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के रसियारी गांव में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। इसमें एक पक्ष से पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को घनश्यामपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के रसियारी गांव की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रसियारी गांव निवासी सेवा नंद झा और मदन झा के बीच वर्षों पहले से जमीन विवाद चला आ रहा है। जानकारी हो कि सभी एक पक्ष के लोग दिल्ली से अपने गांव गुरूवार को देर रात 8 बजे घर रौशन कुमार, विजय कुमार, दीपक कुमार ,केशव कुमार , रजनीश कुमार आया था सभी लोग आंगन में खाना खा रहे थे।

## एक पक्ष से 5 लोग जख्मी

इसी बीच गुरुवार को देर रात करीब 10 बजे दोनों पक्ष में किसी बात को लेकर तू-तू, मैं-मैं होने लगी। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गयी। इसमें एक पक्ष से पांच लोग घायल हो गए। एक पक्ष से सेवा नंद झा , दीपक कुमार झा,विजय कुमार , श्रवण कुमार व रजनीश कुमार झा घायल है। वहीं, दूसरे पक्ष से तीन लोग मदन मोहन झा , इंद्र मोहन झा व कृष्ण मोहन झा घायल है। सभी घायलों का पीएचसी घनश्यामपुर में इलाज चल रहा है।

# युवक की हत्या मामले में पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है नालंदा पुलिस

## अज्ञात आरोपियों पर दर्ज हुआ मामला, ई रिक्शा और मोबाइल गायब



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के चंदुआरा और पितौंजिया स्थित अर्धनिर्मित कचरा संग्रह केंद्र में एक युवक की ईंट से सिर कूच कर हत्या करने का मामला गुरुवार की सुबह सामने आया था। मवेशी चरा रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई । घँटों बाद मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के तुंगी पासवान टोला निवासी सिया पासवान का (32) वर्षीय पुत्र रंजय पासवान के रुप में की गई थी। वहीं इस मामले में रंजय पासवान की पत्नी फुली देवी के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध पति की हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बुधवार की सुबह 6:00 बजे रंजय पासवान ई रिक्शा लेकर बाजार की तरफ निकला था। जो बुधवार की देर शाम तक नहीं लौटा, परिजनों ने काफी खोजबीन की बावजूद उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। रंजय का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। गुरुवार को जानकारी प्राप्त हुई कि एक शव कचरा संग्रह केंद्र रहुई में मिला है। परिजन रहुई पहुंचे और शव की शिनाख्त रंजय पासवान के रूप में की गई।

**क्या बोली पुलिस :** फिलहाल युवक जिस ई-रिक्शा को चलाता था वह गायब एवं मोबाइल भी अब तक बरामद नहीं हुआ है।वहीं इस मामले में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। डॉग स्क्वायड एवं एफएसएल की टीम से भी मदद ली जा रही है।

# भागलपुर में चौकीदार पर यौन शोषण का आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के सजौर थाने में पदस्थापित चौकीदार पर दो बच्चों की मां (26) ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला ने स्स्क्ककार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि पिछले सात साल से युवक उसके साथ संबंध बना रहा था। चार साल पहले युवक चौकीदार बन गया। जनवरी 2024 में उसकी शादी हो गई, जिसके बाद उसने महिला से मिलना छोड़ दिया। एसपी सिटी राज ने बताया कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**झूठे केस में फंसा देने की धमकी :** बुधवार को पीड़िता ने एसएसपी से लिखित शिकायत की थी। उसने एसएसपी को कहा था कि साहब, आपके थाने के चौकीदार ने शादी का झांसा देकर सात साल तक शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान उससे एक बेटा भी पैदा हुआ। इसके बाद आरोपी ने जनवरी में चुपके से शादी रचा ली। इसी बीच इस अवैध संबंध की भनक पति को लगी तो उसने मुझसे नाता तोड़ दिया। वहीं पीड़िता का कहना है कि आरोपी चौकीदार धमकी देता है कि थाने में जाओगी तो वहां पर मेरा आदमी है झूठे केस में फंसा देंगे।

**सिटी एसपी बोले- कार्रवाई होगी :** पीड़िता ने बताया कि जनवरी में आरोपी चौकीदार ने चुपके से शादी रचा ली। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे वह डरकर चुप रही। अभी भी चौकीदार धमकी देता है कि थाने में केस करने जाओगे तो वहां भी मेरा आदमी है। फंसा देंगे। पीड़िता ने पत्नी का अधिकार दिलाने और बेटे की परवरिश करने के लिए खर्च देने की मांग की है। एसएसपी को आवेदन मिलते ही होते ही पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। मामले को लेकर सिटी एसपी का कहना है कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कैडेटों को डिजिटल एवं जुबेनाइल क्राईम पर दी जानकारी





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** :- 45 झारखण्ड बटालियन एनसीसी कोडरमा,ग्रुप हेडक्वाटर हजारीबाग के अन्तर्गत लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार, एसएम(सेना मेडल) के दिशानिर्देश में एटीसी कैम्प का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जगन्नाथ जैन महाविद्यालय किया जा रहा है। इस कैम्प में कोडरमा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से 5 सौ कैडेट भाग ले रहे है। कैम्प के नौवे दिन कोडरमा जिले के प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कैडेटों को डिजिटल क्राइम एवं जुबेनाइल क्राईम के विषय में विस्तार से बताया कि किशोरावस्था में बच्चे बिना समझे क्राइम के तरफ बढ जाते है। किसी भी कार्य करने से पहले विचार एवं बडों से अनुभव लेने के बाद ही कार्य करना चाहिये। सबसे पहले अपनी क्षमता एवं मेहनत पर ध्यान रखने के बाद ही बडे कार्य करना चाहिये। पूरे कैम्प को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ऑनरेरी लेफ्टिनेंट रमेश कुमार राय,एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) विजेन्द्र कुशवाहा, लेफ्टिनेंट सुरज वर्मा,सुबेदार आलोक कुमार,सुबेदार अभय नारायण ठाकुर, सुबेदार सुदीप सरकार,नायक सुबेदार घसीटा राम,सुबेदार एस डी भगत, रामोचित कुमार,सिद्धार्थ कुमार, सोहित कुमार आदि तत्त्परता से लगे हुये है।

## 9 वां मासिक कीर्तन श्री सत्यनारायण मंदिर में किया आयोजित



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** :- सांवरे की सखियों का 9 वां मासिक कीर्तन श्री सत्यनारायण मंदिर में श्याम बाबा के स्थापना के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई। भजन का आरंभ गणेश वंदना और पितरों के गीत से हुआ। मौके पर कीर्तन भवन की मुख्य संचालिका विमला शर्मा ने श्याम बाबा सहित तुलसी मां के भजनों से सभी भक्तों को झूमा दिया। इसके बाद पायल कपसीमे जोशी ने काहे घबराता है दिल और काहे उदास है........ उषा शर्मा ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार........संगीता जेठवा ने जब कोई नही आता तब श्याम आते है......... मिनी कपसीमे ने सांवली सूरत पे मोहन........ जैसे भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर लता वर्मा,सारिका गुप्ता,अंजली वर्मा,शांति कपसीमे, रश्मि कपसीमे,सोनिया कपसीमे,इंदु कपसीमे,मधु सिंह,रीता पहाड़ी,रिचा पहाड़ी,शालिनी तर्वे,सीमा तर्वे,अनीता देवी,निर्मला देवी,पूनम कुमारी,रश्मि पिलानिया,अनुराधा गुप्ता,बबिता देवी, पुष्पा जोशी,नीतू आर्या,रीता देवी, सुधा शर्मा,सखी पहाड़ी,शिल्पी मिश्रा, समृद्धि सुरेलिया,उषा कपसीमे, सारिका कपसीमे,सुलोचना देवी,सोनी जयसवाल,आशा तर्वे,रेणु कपसीमे, संध्या कपसीमे,सुनीता देवी,मुन्नी देवी, अनुपमा देवी,वंदना देवी,अनीता देवी, अर्चना मोदी,अंजली वर्मा,नीलम जोशी,लता देवी,दीपा गुप्ता,शशिकला देवी,कविता देवी,मंजू कपसीमे,शोभा कपसीमे,ज्योति कपसीमे,आभा तर्वे आदि मौजूद थीं। सबने मिलकर बहुत ही सुंदर भजनों का प्रस्तुतिकरण किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भजनों से गुंजायमान हो गया।

## कलश यात्रा एकादशी उद्यापन यज्ञ का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने किया



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड के ग्राम चंद्रपुर में यज्ञकर्ता लक्ष्मण पंडित व शांति देवी द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री एकादशी व्रत उद्यापन सह श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा, पंचाग पूजन, भागवत परायण व मंडप प्रवेश हुआ, यज्ञ का उद्घाटन करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से जहां एक ओर सामाजिक समरसता बढती है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ वेदी के हवन से उठने वाले धुंए से वातावरण शुद्ध होता है, हर व्यक्ति को ईश्वर को याद करना चाहिए, यज्ञ में भाग लेना चाहिए तभी उन्नति व तरक्की संभव है, यज्ञ में 15 को वेदी स्थापना, भागवत परायण, आवंला पूजन व प्रवचन होगा, 16 को आवाहित देव देवी पूजन, एकादशी महामंत्र, 17 को दैनिक पाठ, मंडप पूजन, घृतढारी, तुलसी विवाह, रूकमनी विवाह व नगर भ्रमण होगा, 18 को दैनिक पाठ, वेदी पूजन, हवन, शैय्यादान, गौ दान, पूर्णाहूति, विसर्जन, कन्या भोजन, ब्राहमण भोजन एवं महाभंडारा आयोजित किया गया है जो दोपहर तीन बजे से शुरू होगा, यज्ञ में प्रतिदिन संध्या आरती व रात्रि कथा प्रवचन होगा, यज्ञ के आचार्य व प्रवचनकर्ता वाराणसी के आचार्य दिगंबर शास्त्री है, मौके पर पूर्व मुखिया अंजु देवी, मुखिया सुवंती देवी, किशोर यादव, गणेश राणा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

### जनोपयोगी विकास योजनाओं का चयन कर इसकी सूची बीपीआरओ को पास जमा करने का निर्देश

**घाघरा (गुमला)** :- घाघरा प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख सविता देवी एवंबीडीओदिनेश कुमार की उपस्थिति में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई ।बैठक में पंचायत मे हो रहे जनोपयोगी विकास योजनाओं का चयन करके योजना सूची बीपीआरओ के पास जमा करने का निर्देश पंचायत समिति सदस्यों को दिया गया। साथ ही साथ बैठक में पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा भी की गई ।।साथ ही साथ पंचायत में विकास योजनाओं की संचालन पर पंचायत समिति सदस्यों की सुझाव के साथ जनउपयोगी योजनाओं का पंचायत में संचालन विकास कार्य से करने की बात कही गई। बैठक में बीपीआरओ शंकर साहू 15 वें वित्त के कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार उप प्रमुख शिवा देवी पंचायत समिति सदस्य विजय उरांव सरवन उरांव सुप्रिया कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गांडेय विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू ने विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से किए औपचारिक मुलाकात

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह गांडेय विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू ने आज गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन से उनके रांची स्थित निवास स्थान पर औपचारिक मुलाकात किया तथा पुष्प कुछ देकर जीत की शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ में प्रदेश कांग्रेस महिला सचिव प्रीति सहाय भी उपस्थित रहीं। श्री सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी द्वारा कोडरमा में अभ्रक के रोजगार को पुनर्जीवित करने हेतु किए गए प्रयास की सराहना करते हुए सोरेन से निवेदन किया कि केंद्रीय एजेंसीयों द्वारा अभ्रक में लिथियम पार्टिकल के जांच की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कोडरमा वासियों को अभ्रक एवं ढिबरा स्क्रैप रोजगार की सौगात प्रदान किया जाए। श्रीमती सोरेन ने कहा कि उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल वासियों के लिए इस पर सकारात्मक पहल करने का प्रयास करूंगी। श्रीमती सोरेन ने अपनी जीत को गांडेय विधानसभा वासियों सहित



गिरिडीह एवं झारखंड के सम्मानित जनता की जीत बताया। श्रीमती सोरेन को बधाई देने वालों में शशि भूषण सिंहा ,उपेंद्र कुमार, रेणुका सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## वार्ड सदस्य,जल सहिया व ग्रामीणो की संयुक्त बैठक में नल जल योजना पर हुई सामुहिक चर्चा

### पंचायत में 49 सोलर टंकी बना, आधे से अधिक खराब, संवेदक की लापरवाही

**कामडारा (गुमला)** :- कोंसा पंचायत मे पानी की समस्या को लेकर पंचायत के वार्ड सदस्य, जल सहिया व ग्रामीणों ने शुक्रवार को पंचायत सचिवालय भवन मे संयुक्त रूप से बैठक किया । इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया प्रेमचंद मुंडा ने किया । बैठक मे नल जल योजना मे संवेदक द्वारा बरती गयी अनियमितता पर सामुहिक चर्चा किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि पुरे पंचायत मे 49 सोलर टंकी बनाया गया है जिसमें आधे से अधिक खराब है । ग्रामीणों की माने तो बोरिंग हुआ है टंकी लग गया पानी आपूर्ति पाईप भी घर घर पहुंचा दिया गया है ।मगर बोरिंग मे पानी नहीं निकला। इसके बावजूदयोजना को कम्पलीट बताया गया । ग्रामीणों ने बताया कि गाँव मे दो बार बोरिंग किया गया फिर भी पानी नही आया । उल्लेखनीय है कि पंचायत के विभिन्न गाँव मे टंकी बनाकर पानी सप्लाई नहीं दिया गया है जिससे पानी को लेकर परेशानी हो रही है। यही सब समस्या को लेकर पूर्व मे विभाग को आवेदन सौंपा गया । लेकिन इस दिशा मे विभाग कोई दिलचस्पी नही ले रहा है । बैठक में श्याम कुमार प्रसाद, हरिशरण सिंह, बिनोद कुमार, जलसहिया क्रमशः पुष्पा बरला , फुल मनी बरला,पिंकी देवी ममता देवी, सबिता देवी सरोज कोंगाडी , लिबास सुरीन असरिता गुड़िया हीरा केरकेट्टा समेत पंचायत के मुरूमकेला, कोंसा , लतरा, अरहरा, और कोटबो गाँव के काफी संख्या मे महिला पुरूष उपस्थित थे ।

## गायत्री चेतना केंद्र डोमचांच में साप्ताहिक हवन यज्ञ शुरू



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच**- गायत्री चेतना केन्द्र डोमचांच में बृहस्पतिवार को साप्ताहिक हवन यज्ञ के बाद गोष्ठी में उपस्थित परिजनों के साथ सामुहिक निर्णय लिया .1) गंगा दशहरा , गायत्री जयंती और गुरुदेव (पंडित श्री राम शर्मा आचार्य) के महा प्रयाण दिवस पर 15 जून शनिवार को सुबह 6.00 बजे से अखंड जप और संध्या 5.00 बजे से दीप यज्ञ संपन्न होगा . 2) 16 जून को सुबह 6.00 बजे से हवन यज्ञ , संस्कार पुष्पांजलि पूर्णाहुति संपन्न किया जाएगा। 3) 21 जून विश्व योग दिवस पर 9 स्थानों पर योग शिविर चलाये जाएंगें। 4)शांतिकुंज से आ रही ज्योति कलश यात्रा (अखंड दीप व माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी पर प्रत्येक गाँव के सभी घरों तक गुरुदेव के संदेश पहुँचाने) के लिए कुछ बहन भाई के समय दान के लिए आव्हान किया गया । 5) वर्षों पुरानी माँग कन्या कौशल शिविर झारखंड में पहली बार शांतिकुंज की ब्रह्मवादिनी टोली का आगमन डोमचांच प्रखंड में 15 से 18 नंबर 2024 की स्वीकृति प्राप्त है. उसे वृहत्त रूप से अच्छी प्रकार संपन्न जाय . इसपर भी विशेष चिंतन चला . जिले के सभी विद्यालयों से इसके लिए संपर्क करने का निर्णय लिया गया .6) वृहत्त रूप से सक्रियता के साथ आज की परिस्थिति में पौधारोपण (नीम,पीपल ,बर की प्रमुखता) पर सहयोग करना है. कार्यक्रम में श्री लखन लाल दीक्षित, राजकुमार मेहता, रामस्वरूप विश्वकर्मा, सीताराम मेहता, सूरज गुप्ता, महेश वर्णवाल, कार्तिक पंडित, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, शिव कुमार वर्णवाल, सुनीता वर्णवाल, गीता देवी, सुनीता साव, रेखा साव, पूनम देवी, अनीशा मोदी, डेगनी देवी, आशा वर्णवाल, शीला वर्णवाल, मुन्ना सिन्हा, पुष्पा मेहता,चमेली देवी , सुमा देवी वगैरह उपस्थित थे

## बाबा टांगीनाथ धाम में त्रिशुल प्रतिष्ठा महानुष्ठान 16 व 17जून को, होगाकलश यात्रा, त्रिशुल प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन

**डुमरी (गुमला)**:- जिले के प्रसिद्ध धार्मिक सह पुरातात्विक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम में आगामी 16 व 17 जून को त्रिशुल प्रतिष्ठा महानुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रविवार को प्रातः 7 बजे से 9 बजे डांडटोली बासा नदी से धाम स्थल तक कलश यात्रा, 9:00 बजे से 11:30 बजे तक रुद्राभिषेक, 11:30 बजे से 1:00 बजे तक त्रिशुल प्रतिष्ठा एवं के 1:15 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आरंभ किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष संजय साहु ने कहा कि इस भव्य अनुष्ठान में विभिन्न स्थलों से अतिथि के रूप में अनेकों संत महापुरुष पधारेंगे। जिनमें श्री श्री 108 श्री कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज, स्वामी करपात्री सेवा आश्रम मसमानो लोहरदगा, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संगठन मंत्री महेश्वर भईया जी, जिला संगठन मंत्री रविन्द्र शिखा



जी, मनीजर राम, अरविंद भगत, भट्ठा ग्राम सरपंच सुशील जी, राष्ट्रीय गौरक्षा प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत वेद प्रकाश तिवारी, विहिप के केशव सिंह, अशोक सिंह व कुलदीप सिंह सहित अन्य शामिल रहेंगे। ज्ञात हो कि कई वर्षों पूर्व किसी अज्ञात भक्त के द्वारा त्रिशुल के खंडित अवशेष को छत्तीसगढ़ के सन्ना तहसील अंतर्गत भट्ठा गांव में एक बेल पेड़ के नीचे रख दिया गया था। जिसे बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से उनके मूल स्थान में विधि विधान के साथ लाकर स्थापित किया जा रहा है। जिसमें समिति के द्वारा बाबा टांगीनाथ के सभी भक्तों को सादर प्रार्थना पूर्वक परंपरागत वेश भूषा में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। साथ ही 16 व 17 तारीख को धार्मिक अनुष्ठा के मद्देनजर बकरे की बलि चढ़ाने में रोक लगाई गई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

## टाईल्स मिस्त्री अरविंद हत्याकांड़ में आरोपित दोस्त को भेजा गया जेल

**गुमला** :- टाइल्स मिस्त्री हत्याकांड़ में पुलिस ने आरोपी शैलेश उरांव को जेल भेज दिया है। इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार हत्याकांड़ का मूल कारण बहन पर गलत नजर रखने और लेन-देन को लेकर उत्पन्न विवाद है। नशे में इस कांड को अंजाम दिया गया है। 28 वर्षीय अरविंद मुखिया बेगुसराय का रहने वाला था। जो सालों से चेटर इलाके में किराए के मकान में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करता आ रहा था। मंगलवार को चेटर इलाके के ही शैलेश उरांव सहित अन्य के साथ उसने शराब का सेवन किया। इसके बाद अरविंद शराब के नशे में शैलेश के घर में ही रूक गया। जबकि दूसरे साथी लौट गए। इसी दौरान शैलेश व अरविंद ने पुन:शराब पी और दोनों के बीच पिछली बातों को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद शैलेश ने उसकी हत्या कर दी।

## सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंपने के लिए मतदाताओं का जताया आभार



**टाटीझरिया/विष्णुगढ़** - लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रचंड जनादेश देकर सांसद बनाया। 04 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद हजारीबाग शहर में विराट विजय जुलूस निकाला गया। जिसके बाद 06 जून को दिल्ली से बुलावा आने पर सांसद बनकर पहली बार दिल्ली के लिए रवाना हुए। जहां वे मोदी सरकार 3.0 के सपथ ग्रहण समारोह में रविवार को शामिल होकर सोमवार को ही कार्यक्षेत्र में लौट गए। मंगलवार को दिनभर कार्यालय परिसर में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और बुधवार से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत केरेडारी प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां अष्टभुजी मंदिर और पेटो स्थित बुढ़िया माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ धन्यवाद यात्रा की शुरुआत की। नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखंड के बाद टाटीझरिया प्रखंड के करीब एक दर्जन गांवों का तुफानी दौरा कर मतदाताओं का पिछ्ले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से उन्हें अपना सांसद बनाने के लिए आभार जताया। उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड के खंभवा और मुक्ति दुधमनिया में आयोजित महायज्ञ में शामिल हुए और क्षेत्र के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात होलंग, बेरहो, डूमर, धरमपुर, दूधमनिया, डूंगो द्वारिका, मंडपा बानडीह, डहरभंगा और टाटीझरिया पंहुचकर स्थानीय जन समस्याओं से रूबरू हुए और मतदाताओं का आभार जताया। यहां उनके साथ विशेष रूप से टाटीझरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, प्रखंड प्रमुख संतोष मण्डल, मिथलेश पाठक, राजू यादव, राजेश कुमार यादव, सहदेव यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## तुकबेरा में सिंचाई कुप निर्माण कार्य में विस्फोटक उपयोग करने से दहला क्षेत्र



**नावा बाजार** - तुकबेरा में अर्जुन मेहता के खेत में मनरेगा योजना से हो रहे कुआं निर्माण में विस्फोटक का उपयोग किया गया। विस्फोट से आसपास का माहौल थोड़ी देर के लिए घरबार गए। और कुआं निर्माण खुदाई स्थल के निकट दो बिजली खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। खंभे से प्रवाहित बिजली तार टूट कर भी जमीन पर आ गिरा है। लेकिन घटना के समय विद्युत प्रवाहित नहीं था। जबकि विस्फोटक का उपयोग करना कानूनन अपराध है। आश्चर्य की बात यह कि प्रशासन अपनी कार्रवाई में कहीं कोई कोताही नहीं बरती है । फिर भी विस्फोटक कहां से और कौन लाया और कुआं में विस्फोटक के उपयोग करने का पर्मिशन किसने दिया । लोगों के कहना है कि पूर्व कुआं की खुदाई जेसीबी मशीन से किया गया था। जिसकी शिकायत के बाद तत्कालीन रोजगार सेवक के द्वारा इस पर रोक लगा दिया गया और लाभूक को निर्देश दिया गया कि कुआ के बगल में दूसरे को कुआं की खुदाई मनरेगा मजदूरों से कराया जाए तभी मनरेगा से मिलने वाले लाभ दिए जा सकेंगे। इसी बीच रोजगार सेवक का स्थानांतरण करवाने में पंचायत के जिम्मेवार लोग सफल हो गए। वर्तमान रोजगार सेवक के द्वारा पुराने कुआं को हीं एक बार फिर से शुरू करा दिया गया। जिसमें विस्फोटक का भी उपयोग किया गय।

**क्या कहते है वर्तमान मुखिया**- तुकबेरा पंचायत के मुखिया बिनोद विश्वकर्मा ने बताया कि यह सिंचाई कुप निर्माण पंचायत एवं मनरेगा योजना से निर्माण नहीं है । पुर्व मुखिया रिशू देवी के समय सिर्फ ओनलाइन में था । उस समय भी यह कुप निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है । आज वर्तमान स्थिति में भी हमारे पंचायत या मनरेगा योजना से निर्माण कार्य नहीं है । लाभुक स्वयं अपने से कुप निर्माण कार्य कर रहा है । जिन लोगों के द्वारा मुखिया पर आरोप लगाया गया है । वह निराधार वह वेबुनियाद है ।

## लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर नीरा यादव अधिकारियों के साथ की आवश्यक बैठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

झुमरी तिलैया लचर अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर झुमरी तिलैया नगर अवस्थित मुख्य बिजली कार्यालय में विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु, कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी, सहायक अभियंता गजेंद्र टोप्पो, संदीप कुमार, कनीय अभियंता उज्जवल कुमार तिवारी, हरी कृष्णा केसरवानी, कर्मा उरांव, अवतेश कुमार की उपस्थिति में आपात आवश्यक बैठक की गई। बैठक में नीरा यादव ने कहा पहले 22 घंटे बिजली आपूर्ति रहने के बाद कुछ वर्षों से प्रतिदिन 12 घंटे से कम क्यों हो गई, दूसरा प्रश्न की कई स्थानों पर ए.बी. स्विच क्यों नहीं लगा है, इस कारण तार फॉल्ट के कारण समूचे शहर का बिजली काटी जाती है । तीसरा आपने पूर्व की जर्जर तार कितनी बदली गई। नीरा यादव ने अधीक्षण अभियंता को झाड़ लगाते हुए बोली मेरे तीनों प्रश्न का जवाब तुरंत दीजिए । सारे प्रश्नों का जवाब देने में आधिकारी असमर्थ दिखे । 25 मेगावाट शहर के लिए स्वीकृत थी उसे उद्योग



और प्लांट या व्यवसायिक स्थानों में खपत की जा रही है। दूसरे प्रश्न के अनुसार दो तीन जगह ए.बी. स्विच लगा है पर कोई भी चालू नहीं है। अधीक्षण अभियंता के अनुसार जिला को 65 मेगावाट जेबीभीएनएल से मिलती है, फिर भी शहर को 8 से 12 घंटे ही बिजली क्यों मिलती है। विधायक को इमरजेंसी नंबर दिया गया, जिसे सभी दिया गया विभागीय चार इमरजेंसी नंबर में सतर्कता को जांचने के लिए स्वयं कॉल कर चेक किया । लोगों ने शिकायत में कहा कि ओवरहेड तार भी बहुत जगह नहीं लगा है । अधीक्षण अभियंता ने विधायक को आश्वस्त करते हुए अपना आपातकालीन व्हाट्सएप 9431135704 नम्बर आम लोगों को जारी करते हुए बताया कि इस नंबर पर बिजली संबंधी शिकायत मिलने पर उसकी तुरंत निराकरण की जाएगी । नीरा यादव ने कड़े शब्दों में अल्टीमेटम देते हुए कहा कि कल से यदि हमें अठारह घंटे प्रतिदिन बिजली नहीं मिलेगी तो हमलोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर संजय शर्मा,पंकज बरनवाल, विशाल सिंह नीलू, अनुराग सिंह,अजय झा,कमलेश कमल, संजीव यादव, नवीन चौधरी, बलराम यादव, रामबालक चौधरी, अर्जुन सिंह, सुधीर सेठ, सोनू चंद्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष वर्णवाल, महेश राम,सुदीप्तो घोष, रानू शर्मा आदि स्थानीय उपस्थित थे।

# अकबरनगर का एक हिस्सा बन गया मैदान, अब दूसरे इलाके में गरज रहे बुलडोजर



**लखनऊ, एजेंसी।** कुकरैल रिवर फ्रंट के दायरे में आ रहे अकबरनगर द्वितीय में अवैध निर्माण ढहाने के बाद बृहस्पतिवार शाम अकबरनगर प्रथम में अभियान शुरू हो गया। यहां पहले दिन 54 मकान-दुकान पर बुलडोजर चला। इससे पहले अकबरनगर द्वितीय में अभियान के चौथे दिन 83 अवैध निर्माण ढहाए गए। यहां तोड़े गए मकान-दुकान की संख्या 395 हो गई है। इस जगह पर महज दो निर्माण बचे हैं।

अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम में 850 अवैध दुकानें व मकान हैं। बंधे की ओर से कार्रवाई शुरू हुई है। निर्माण जल्द तोड़ने के लिए पोकलेन, जेसीबी की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे पहले सुबह 7:35 बजे एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ अकबरनगर प्रथम की एक-एक गली में मार्च किया और लोगों को 24 घंटे में घर खाली करने की चेतावनी दी। यहां की बिजली भी काट दी गई। इसके बाद परिवार गृहस्थी का सामान लेकर बसंतकुंज योजना के प्रधानमंत्री आवासों में पहुंचने लगे। शाम तक 70 फीसदी अकबरनगर प्रथम खाली हो चुका था।

### अकबरनगर द्वितीय हो गया मैदान

चार दिन की मेहनत के बाद प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार शाम अकबरनगर द्वितीय को मैदान बना दिया। यहां सिर्फ दो अवैध निर्माण अभी भी खड़े हैं, जिनमें एक धार्मिक स्थल और दूसरा मदरसा है। मदरसे में बच्चे व धार्मिक स्थल में ग्रंथ होने के कारण इन्हें अभी नहीं तोड़ा जाएगा। अकबरनगर द्वितीय में 400 से ज्यादा अवैध मकान व दुकानें थीं। मदरसे के शिक्षकों ने शिविर कार्यालय में वीसी से मुलाकात कर कार्रवाई से पहले 600 से ज्यादा बच्चों को शिफ्ट करने की मांग की। उनके निर्देश पर इसका सिलसिला शुरू हो गया।

### हिंदू महिलाओं ने मांगे अलग घर

अकबरनगर से विस्थापित हिंदू महिलाओं ने वीसी व अपर जिला मजिस्ट्रेट राकेश से मुलाकात कर अलग अपार्टमेंट में फ्लैट मुहैया कराने का अनुरोध किया है। अफसरों ने इसका आश्वासन दिया। अकबरनगर के 892 आवंटियों को पीएम आवास का कब्जा दिया जा चुका है।

### 30 से ज्यादा अवैध निर्माण ढहाए

एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि अदालत के आदेश पर अकबरनगर प्रथम में भी अवैध दुकान, मकान तोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। रात आठ बजे तक 30 से ज्यादा अवैध निर्माण को गिराया जा चुका है। दो दिन में अकबरनगर प्रथम मैदान हो जाएगा।

## लालच में बुरा फंसा: घर बैठे कमाने के चक्कर में गवाएं 1.75 लाख रुपये, दर्ज हुआ मुकदमा



**आगरा।** आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र के निवासी एक युवक को साइबर ठगों ने घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। टेलीग्राम पर लिंक भेजकर ग्रुप से जोड़ लिया। इसके बाद वह जाल में फंसते चले गए। कई बार में ठगों ने खाते से अपने खाते में 1.75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रंगोली कॉलोनी निवासी सौरभ शर्मा ने पुलिस को बताया कि आठ महीने पहले एक्सीडेंट हो गया था। पैर में चोट आने की वजह से घर पर ही रह रहे थे। घर बैठ-बैठे रुपये कैसे कमाएं जाएं। ऑनलाइन पता किया। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। उन्होंने उसे खोलकर देखा। थोड़ी देर के बाद ही टेलीग्राम से जोड़ लिया गया। इसके बाद लगातार उनके पास रुपये कमाने के बारे में जानकारी देने वाले मैसेज आने लगे। इस तरह से वह ठगों के जाल में फंस गए। धीरे-धीरे करके अधिक रकम कमाने का लालच देकर उनके खाते से 1.75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। सिकंदरा पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

## सपा नेता के घर की तीसरी मंजिल पर अवैध निर्माण सील, एक हॉस्पिटल पर भी हुई कार्रवाई

**आगरा ।** आगरा में अवैध निर्माणों से चौथ वसूली में अभियंताओं के फंसने के बाद आवास विकास परिषद के अधिकारी अब डैमेज कंट्रोल की कवायद में जुट गए हैं। कमला नगर में बृहस्पतिवार को हॉस्पिटल सहित पांच अवैध निर्माण सील किए। सील हुए निर्माण एक साल से बदस्तूर जारी थे। अभियंताओं की मिलीभगत से कार्रवाई नहीं हो सकी। कमला नगर एफ-154 में डॉ. आलोक अग्रवाल ने आवासीय भू उपयोग में व्यावसायिक उद्देश्य के लिए हॉस्पिटल खड़ा कर लिया। आवास विकास परिषद से मानचित्र स्वीकृति नहीं था। पिछले साल नोटिस भेजा, लेकिन निर्माण नहीं रुका। बृहस्पतिवार को अवैध निर्माण आवास विकास ने सील कर दिया है। सपा नेता नितिन कोहली ने डी ब्लॉक में मकान नंबर 557 में तीसरी मंजिल पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन दल ने सील किया है। एफ ब्लॉक के 508 नंबर में श्री प्रकाश लापरा व राजकुमार जापरा ने अवैध निर्माण कर मंगल कॉम्पलेक्स खड़ा कर दिया। ए ब्लॉक मकान संख्या 794 में भी भू उपयोग के विरुद्ध संतोष जैन ने अवैध कॉम्पलेक्स खड़ा कर दिया। बी- ब्लॉक 154 में मुरारी लाल अग्रवाल और और एफ-154 मं राजीव जैन का अवैध निर्माण सील किया है। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार के अनुसार अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## खेत पर कब्जे का विरोध करने पर पीटा, फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** गोंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में जबरन खेत पर कब्जा करने व विरोध पर पिटाई करने की रिपोर्ट गोंडा थाने में दर्ज हुई है। आरोप है कि मौके पर गोलियां भी चलाई गईं, जिसमें पीड़ित बाल-बाल बच गया। आरोपियों ने उसकी नाबालिग भांजी के साथ छेड़खानी भी की।

गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि गांव में उसकी जमीन को लेकर अदालत में मामला विचाराधीन है, दूसरे पक्ष ने धोखाधड़ी से उसके खेत का बैनामा कर दिया। 11 जून सुबह करीब साढ़े दस बजे हरेन्द्र सिंह, उसकी पत्नी जगवीरी, उसका बेटा अरुण और लोकेंद्र, विकास, गीता, गुंजन, बहोरन, रामकुमार, प्रवीन, रवेंद्र, जगवीर, सुरेश, हरेन्द्र निवासीगण चांदपुर, थाना नौहझील मथुरा अन्य दस अज्ञात लोग तमंचा, लाठी, डंडा लेकर खेत पर पहुंच गए। कब्जे की नीयत से ट्रैक्टर से जुताई कराने लगे। उसी वक्त उसकी मां ओमवती, बहन मीना देवी पहुंच गए तथा उन्हें रोकना चाहा। इस पर आरोपियों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर नाबालिग भांजी उन्हें बचाने पहुंची तो उससे आरोपियों ने छेड़खानी करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। जब पीड़ित पहुंचा तो आरोपी रामकुमार, हरेन्द्र, प्रवीन ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिसमें वह बाल बाल बच गया। जगवीर ने मां के सिर में फरसा मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। घटना में पीड़ित पक्ष के गंभीर चोटें आ गईं। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पहिये में चिंगारी से उठा धुआं, कई यात्री चलती ट्रेन से कूदे, चोटिल



**बिजनौर , एजेंसी।** लखनऊ से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारियां उठी और धुआं धुआं हो गया। पहियों से निकला धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों में आग लगने की दहशत फैल गई। घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। बताया गया कि अभी ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे। ऐसे में कई यात्री चोटिल हुए हैं। ट्रेन में आग लगने की अफवाह पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

वहीं स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर आग बुझाई। काफी देर तक यह ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही और पूरी तरह चेकिंग की गई। वहीं इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी इसी स्टेशन पर रोकना पड़ा। यात्रियों में इतनी दहशत फैल गई थी कि ट्रेन के चलने पर भी वे उसमें सवार नहीं हुए और स्टेशन पर ही रह गए। ये यात्री दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं।

## आसमान से बरसी आग, कानपुर रहा सबसे गर्म, आगरा में न्यूनतम तापमान 35 डिग्री



**लखनऊ , एजेंसी।** पूरा प्रदेश प्रचंड गर्मी झेल रहा है। शुष्क व गर्म पछुआ हवा, आसमान साफ होने से सूर्य की तीखी धूप के कारण लू का दायरा तेजी से बढ़ा है। प्रदेश के 28 शहर लू की चपेट में रहे। गोरखपुर में तो तीव्र उष्ण लहर चली। 46.6 डिग्री सेल्सियस के साथ कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान भी 34.9 डिग्री रहा, जो कि सर्वाधिक था।

**आगरा में न्यूनतम तापमान ने बनाया रिकॉर्ड:** आगरा के न्यूनतम तापमान ने रिकॉर्ड बनाया। बीते 50 वर्षों में तीसरी सबसे गर्म रात रही।

यहां पर न्यूनतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बीती रात 33.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा के पिछले 50 वर्ष के प्रेक्षण इतिहास (1974-2024) में 34.8एष्ट-13 जून 2018 और 33.6एष्ट-05 जून 2017 के बाद जून महीने की तीसरी सबसे गर्म रात रही। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर जारी लू और भीषण लू की परिस्थितियां आगामी 15 जून तक बिना किसी विशेष परिवर्तन के जारी रहेंगी। इसके बाद पूर्वी तराई क्षेत्र में हवा के पैटर्न में बदलाव होने और बादल छाने की संभावना है। बारिश के कारण पूर्वी तराई क्षेत्र में लू की स्थिति में 16 जून के बाद आंशिक कमी आने की संभावना है।

**इन शहरों में 45 पार रहा पारा:** बुलंदशहर, अलीगढ़, हमीरपुर, उरई, फुरसतगंज, अयोध्या, सुल्तानपुर, बहराइच, वाराणसी, बाराबंकी

**इन शहरों में रात का पारा 30 से 33.5 के बीच हुआ रिकॉर्ड:** अलीगढ़, आगरा, इटावा, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, झांसी, फतेहगढ़, प्रयागराज, बलिया, चुर्क, वाराणसी, लखनऊ, खीरी, कानपुर और हरदोई।

**यहां ऑरेंज अलट :** प्रतापगढ़, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, श्रावस्ती, सीतापुर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ‌़, हाथरस, एटा, मैनपुरी और आसपास के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**येलो अलर्ट:** कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्तनगर, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फरूखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, शामली, मुजफ्फरनगर, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बंदायूं और आसपास।

## वाराणसी में दो लोगों की मौत: एक ने लगाई फांसी, दूसरा ट्रेन से कटा; पारिवारिक कलह के कारण उठाया खौफनाक कदम

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी के कपसेठी थाना क्षेत्र के भीटकुरी गांव में शुक्रवार को सुबह घर के सामने नीम के पेड़ से लटकती हुई युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जाता है कि सूरज पटेल (26) पुत्र चंद्रबली का गुरुवार को देर रात किसी बात को लेकर पत्नी सरिता से विवाद हो गया था। उसके बाद युवक परिवार के सो जाने के बाद घर के सामने स्थित नीम के पेड़ में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

सुबह पत्नी सरिता उठी तो देखा कि सूरज का फांसी के फंदे पर शव लटक रहा था। वह चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देखा तो सूरज की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक परी (8) और सुरसरा (4) का पिता है। वहीं मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो भाई अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करते हैं। मृतक भी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। कपसेठी थाना क्षेत्र के कपसेठी गांव निवासी जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा उर्फ़ टिल्लू (30) ने पारिवारिक कलश से उबकर ट्रेन के सामने कूद जान दे दी। घटना की सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जितेंद्र शराबी था। आए दिन परिवार के साथ विवाद करता था। शुक्रवार को सुबह घर से उठकर रघुनाथपुर गांव के सामने पहुंचा, जहां भदोही की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रही मालगाड़ी के सामने कूद कर जान दे दी।

## दर्शन तो कभी भंडारे की लाइन में लगने का बहाना, पुलिस ने तीन शातिर दबोचे, ऐसे उड़ाते थे मोबाइल

**आगरा, एजेंसी।** आगरा पुलिस ने ऐसे तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो कभी दर्शन के बहाने मंदिर की भीड़ में प्रवेश कर जाते तो कभी प्रसाद के लिए भंडारे की कतार में लगते। इस दौरान ये शातिर लोगों की मोबाइल चोरी कर लेते थे।

आगरा में तीन शातिर चोर दर्शन और भंडारे की लाइन में लगकर श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन चोरी करते थे। दर्शनार्थी की जेब से एक मोबाइल खींचता था। दूसरा उसे बाहर खड़े रहने वाले तीसरे व्यक्ति तक पहुंचाता था। हरीपर्वत पुलिस ने बुधवार को तीनों शातिर गिरफ्तार किए। सेंट जोंस कॉलेज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मंगलवार को भंडारा होता है। दर्शन करने वालों के मोबाइल चोरी की शिकायतें लगातार पुलिस को मिल रही थीं। पुलिस ने शातिरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बुधवार को हरीश, विजय उर्फ कालू और कल्लू पठान को एमजी रोड स्थित नेकी की दीवार के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि वह मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की जेब से मोबाइल चोरी करते थे। दर्शन और भंडारे की लाइन में लगकर चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। हरीश पर पहले से चार केस दर्ज हैं। विजय उर्फ काले पर दो और कल्लू पठान पर एक केस है।

**रास्ता रोककर महिला से लूटा मोबाइल:** एत्माउद्दौला क्षेत्र में 9 जून को रास्ता रोककर राह चलती महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया था। बुधवार को पुलिस ने दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

## शादी के सात महीने बाद विवाहिता की मौत, वायुयान से लाया गया दहेज हत्या का आरोपी नौसैनिक

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में दहेज के लालच में छत से धक्का देकर पत्नी की हत्या कर देने के आरोपी को पुलिस ने केरल के एर्नाकुलम स्थित कोच्चि के नेबल बेस से बुधवार को गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर उसे वायुयान से आगरा लाकर बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया गया। शाहगंज के दौरेठा स्थित मुरली विहार में रहने वाला पंकज नौसैनिक है। फरवरी 2023 में उसकी शादी हुई थी। सात महीने बाद 7 सितंबर 2023 को पत्नी के भाई ने बहनोई के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज कराया। वादी के अनुसार उसकी बहन की हत्या दहेज की लालच में छत से धक्का देकर की गई थी। वारदात के बाद पंकज केरल चला गया। वहां कोच्चि नेबल बेस पर तैनात था। आठ महीने से फरार चल रहे पंकज की गिरफ्तारी के लिए पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसके बाद मंगलवार को शाहगंज पुलिस गिरफ्तारी के लिए केरल के एर्नाकुलम शहर पहुंची। वहां हार्बर पुलिस की मदद से कोच्चि नेबल बेस से आरोपी को गिरफ्तार किया।

धरने पर बैठे सांसद राकेश राठौर

## मुस्लिम युवकों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की



**सीतापुर , एजेंसी।** सीतापुर जिले के खैराबाद थाना क्षेत्र में स्थित बड़ी संगत के महंत बजरंगमुनि पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान उनके साथी को भी चोटें आई है। महंत ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने विशेष समुदाय के युवकों को हिरासत में लिया है। इसके विरोध में सांसद राकेश राठौर धरने पर बैठ गए हैं।

थाना क्षेत्र के उदासीन आश्रम कमाल सरांय बड़ी संगत के प्रबंधक महंत बजरंगमुनि ने बताया कि देर शाम अपनी माता जी को लखनऊ से देखकर वापस आ रहे थे। उनकी माता जी अस्पताल में भर्ती हैं। आरोप है कि असोरढ मार्ग से होते हुए वह भुइंऊ ताली तीर्थ बाग के निकट पहुंच रहे थे। इसी दौरान एक विवादित बाग में विशेष समुदाय के लोग आम तोड़ रहे थे। महंत ने मना किया तो वह नहीं माने। उन्होंने कस्बा चौकी पर फोन किया।

मौके पर दो सिपाही पहुंचे आरोपी उनसे भी लड़ने लगे। महंत जैसे तैसे आश्रम के निकट पहुंचा तो पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उनकी कार पर हमला कर दिया। महंत को बचाने पहुंचे उनके साथी पंकज को दबंगों ने बुरी तरह से पीट दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्लेवालों पर भी आरोपियों ने हमला किया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए।

महंत ने पुलिस को तहरीर दी है। महंत पर पहले भी कई हमले हो चुके हैं। एसओ नीरज सिंह ने बताया कि आम तोड़ने को लेकर दो पक्षो में विवाद हुआ था। हमले की जांच की जा रही है। वहीं ,सांसद को समझाया जा रहा है।

## दम तोड़ रही है आगरा की जीवन रेखा यमुना... आचमन तो दूर, नहाने लायक भी नहीं पानी



**आगरा , एजेंसी।** गंगा दशहरा पर्व पर गंगा और यमुना नदी में स्नान करने की प्रथा है। मगर, यहां यमुना नदी का पानी नहाने लायक है और न ही आचमन के लिए इसका प्रयोग किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यमुना नदी के पानी का सैंपल जांचा तो यह सिंचाई और मछली पालन के साथ सिर्फ औद्योगिक उपयोग के लायक ही बचा है। कैलाश घाट के मुकाबले ताजमहल पर यमुना नदी का पानी दोगुने से ज्यादा प्रदूषित है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सैंपल की जांच में यहां यमुना का पानी प्रदूषित पाया गया है। कैलाश घाट में प्रवेश के साथ ही यमुना का पानी ठीक है, लेकिन जीवनी मंडी वाटरवर्क्स से ताजमहल के बीच बड़े नालों के जरिए घुल रहे सीवर के कारण यमुना का पानी बेहद प्रदूषित हो चुका है।

मंटोला नाले से 100 एमएलडी सीवर डिस्चार्ज के कारण ताजमहल के दशहरा घाट पर नदी बेहद मैली पाई गई है। मथुरा के शाहपुर, विश्राम घाट, गोकुल बैराज और डाउनस्ट्रीम में यमुना का पानी सिर्फ औद्योगिक उपयोग के लायक ही बचा है। यमुना के पानी में सीवर की मात्रा सबसे खराब गुणवत्ता के पानी मुकाबले भी 26 गुणा ज्यादा है। पर्यावरणविद डॉ. शरद गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी में जब तक नालों के जरिए सीवर पहुंच रहा है, तब तक नदी की हालत कैसे ठीक होगी। जलनिगम के इंजीनियरों के कारण यमुना की यह हालत हुई है। यह दुखद पहलू है कि साल में एक दिन भी यमुना नहाने लायक नहीं है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. यतेंद्र चाहर ने बताया कि यमुना में सीवर और औद्योगिक अपशिष्ट आने के कारण इससे नहाना हानिकारक है। त्वचा संबंधी कई रोग जैसे खुजली, रूखापन, एलर्जी, पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## संपादकीय

# गठबंधन सरकार से उम्मीदें और चुनौतियां

नई सरकार ने शपथ ले ली है। नई उम्मीदें हैं और चुनौतियां भी बेशुमार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में भाजपा अकेले बहुमत के पार थी। इस बार जबकि राजग लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता है, उनके साथ तालमेल बनाकर चलने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना तीसरा कार्यकाल समझौतावादी जनादेश के साथ शुरू किया है। नतीजतन, मोदी के 72 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगियों के 11 मंत्री हैं। साथ ही, देश को मजबूत विपक्ष मिला है। नीतियों को लागू कराने के दौरान सरकार को विपक्ष को साथ लेकर चलना होगा। मजबूत विपक्ष सामने है। इससे विपक्ष और असहमति जताने वाली आवाजों को कुछ राहत मिलेगी। सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है। राज्यों में प्रभावी दलों के साथ सत्ता साझा करने से मोल-भाव की गुंजाइश बढ़ जाती है। लेकिन देश के सामने मोदी की सत्ता की मूल प्रकृति सामने है, जो फैसलों में दृढ़ संकल्प वाली है। गठबंधन धर्म इस प्रकृति को लेकर एक गहन विश्लेषण की मांग करेगा। गठबंधन सहयोगियों की राज्य स्तरीय राजनीति के नजरिए से देखा जाए तो कम से कम अगले चरण के विधानसभा चुनावों तक तस्वीर मोदी के पक्ष में है। तेलगुदेसम पार्टी अपने राज्य में आराम से बैठी है। जद (एकी) को अगले साल विधानसभा चुनावों तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा की जरूरत है। लोजपा के चिराग पासवान और फिर से उभर रहे राजद की चुनौती सामने है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे भाजपा के दम पर मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जद (सेकु), रालोद और राकांपा जैसे अन्य गठबंधन सहयोगी अपने फायदे के लिए सौदेबाजी से परे कोई प्रभाव नहीं डाल सकते। देश में बीते तीन दशकों के आर्थिक उदारीकरण के दौर में लोगों की आकांक्षाओं में वृद्धि हुई है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यक्रमों ने इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। विकसित भारत का नारा लोगों के सामने है। लेकिन यह हकीकत भी है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए रोजगार पैदा करने, कौशल विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने जैसे काम अभी शुरू ही हुए हैं।

## कश्मीर में आतंकी दहशत की बुनियाद

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं। पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं। पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं। मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है।

# संघ प्रमुख भागवत ने भाजपा और मोदी को खरी खरी सुना कर क्या संदेश दिया है?

**(नीरज कुमार दुबे)**

*संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अतीत की बातों को भूलने और सबको अपनाने की सीख दी है। साथ ही उन्होंने जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करते हुए अपने संगठन के पदाधिकारियों से समाज में सामाजिक सद्भाव की दिशा में काम करने के लिए कहा है। बहरहाल, संघ प्रमुख के नागपुर में दिये गये संबोधन को लेकर जिस तरह की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं वह दर्शा रही हैं कि प्रतिपक्ष को भाजपा पर वार करने के लिए नया हथियार मिल गया है।*

आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला तो देश-दुनिया से बधाई संदेश आने लगे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने इसी बीच मोदी सरकार और भाजपा को जिस तरह खरी-खरी सुनाई उससे सब आश्चर्यचकित हैं। हालांकि विपक्ष ने भागवत की टिप्पणियों का स्वागत किया है। देखा जाये तो मणिपुर की अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है। मणिपुर में अब भी जिस तरह से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि वहां के मुद्दे हल करने में केंद्र और राज्य सरकार नाकाम रही हैं। इसके अलावा, आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। आरएसएस के कई पदाधिकारी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि चुनावों से पहले भाजपा ने अति आत्मविश्वास के साथ 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाना शुरू किया था तब संघ परिवार के लोगों ने उन्हें जमीन पर रह कर काम करने की सलाह दी थी लेकिन पार्टी के नेताओं को 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे पर इतना भरोसा हो गया था कि उन्होंने किसी की नहीं सुनी और आखिरकार मुंह की खानी पड़ी। देखा जाये तो लगभग ऐसी ही स्थिति साल 2004 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी हुई थी जब भाजपा के नेता इंडिया शाइनिंग के नारे पर इतना भरोसा कर रहे थे कि उन्होंने जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी थी। रही सही कसर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कथित तौर पर आरएसएस के बारे में दिये गये बयान से पूरी हो गयी थी। चुनावों के बीच ही आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जिस तरह भाजपा से दूरी बना ली थी उससे पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह इशारों इशारों में भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं उससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन में अब नागपुर की ज्यादा चलेगी। हम आपको याद दिला दें कि 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद भागवत की पहल पर ही नितिन गडकरी को नागपुर से दिल्ली भेजा गया था ताकि वह पार्टी को संभालें। उस समय भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार जैसे नेता दिल्ली की राजनीति में प्रभावी थे लेकिन सबको दरकिनार कर गडकरी को लाया गया था। जहां तक मोहन भागवत के संबोधन की बात है तो आपको बता दें कि एक तो उन्होंने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर चिंता जताई है साथ ही देश के सभी समुदायों के बीच एकता पर जोर दिया है। आरएसएस प्रमुख ने साथ ही चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अपनी पहली टिप्पणी में भागवत ने कहा है कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचना चाहिए। भाजपा की सीटें घटने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस ''कैसे हुआ, क्या हुआ'' जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। इसके अलावा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के संबंधों में जिस तरह की खटास हाल के वर्षों में देखने को मिली है उस ओर इशारा करते हुए भागवत ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने स्पष्ट कहा है कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने विपक्ष को विरोधी कहने की बजाय प्रतिपक्ष नाम से पुकारने का सुझाव भी दिया है। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। भागवत का इस बात पर अफसोस जताना भी स्वाभाविक ही था कि आरएसएस को बिना किसी कारण राजनीतिक विवादों में घसीटा जाता है। दूसरी ओर, भले इस बार का लोकसभा चुनाव बिना किसी विघ्न के संपन्न हुआ लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मिथ्या प्रचार और अफवाहों का बाजार खूब देखने को मिला। इस ओर भी इशारा करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा है कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने परोक्ष तौर पर डीपफेक आदि की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि तकनीक का उपयोग करके झूठ फैलाया गया। हम आपको याद दिला दें कि चुनावों के बीच ही गृह मंत्री अमित शाह का आरक्षण के बारे में विवादित बयान वाला डीपफेक वीडियो जारी किया गया था जिसे कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा भी कर दिया था। इसके अलावा, भागवत ने देश की विविधता का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि एक दूसरे की उपासना पद्धति का सम्मान किया जाना चाहिए। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों की अच्छाई और मानवता को अपनाया जाना चाहिए और सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे का भाई-बहन के रूप में सम्मान करना चाहिए। देखा जाये तो भागवत की यह नसीहत उन लोगों के लिए खासतौर पर है जो टीवी की बहसों और सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों में धर्म विशेष को निशाना बनाते हैं। यकीनन ऐसे लोगों के चलते ही समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ता है। इसके अलावा, जो लोग बात-बात पर दूसरों को देश छोड़कर कहीं और बस जाने की सलाह देते हैं, उनकी ओर इशारा करते हुए भागवत ने कहा है कि सभी को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि यह देश हमारा है और इस भूमि पर जन्म लेने वाले सभी लोग हमारे अपने हैं। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया है।

# देखना है गठबंधन के कितने दबाव में काम करते हैं नरेंद्र मोदी?

**(अशोक मधुप)**

चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है। हालांकि 2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और उसे सत्ता में बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। वैसे शपथ ग्रहण की रात में भारत ने टी20 विश्व कप 2024 में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ ही टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बना दिए। यह जीत एक तरह से नई सरकार का स्वागत ही मानी जाएगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा। हालांकि पाकिस्तान में ये काम चल रहा है। काफी समय ये वहां रह रहे भारत विरोधी आंतकियों को चुन?चुन कर कत्ल किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता वापस में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी। लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते है। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल हैं। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं। तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। मोदी ने आयुष्मान भारत के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त स्वास्थ्य सेवा तक अभूतपूर्व पहुंच पर जोर दिया। भाजपा के 2024 के घोषणापत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगा और यह सरलता से लागू हो जाएगा। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके धन में वृद्धि होगी। आपको लाभ होगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। साथी आपको मदद देने के लिए तैयार तो हैं परन्तु उस पर पूरी तरह विश्वास कर लेना खतरे से खाली नहीं होगा। ऑफिस में आपको कुछ नए काम सौंपे जा सकते हैं। आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं। हर मामले में सतर्क रहें और विवाद से बचें।

### वृष
आज का दिन थकान और परेशानी वाला रहेगा। आज आप किसी वजह से तनाव में रहेंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन रहेगी। शाम के बाद घर परिवार में किसी बात पर आपस में सभी लोगों के बीच में बहस हो सकती है। हर मामले में सतर्क रहें और विवाद से बचें। आपके भाग्य में वृद्धि होगी। आज आपको सार्वजनिक वाहन का लाभ मिलेगा।

### मिथुन
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आप नए प्रॉजेक्ट की तरफ ध्यान दें। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपॉर्ट मिल सकता है और आपको लाभ होगा। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपके मन में कुछ संतुष्टि का भाव रहेगा और आपको आर्थिक लाभ हो सकता है।

### तुला
आज लाभ होगा। करियर में कुछ बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह ले लें। निर्णय लेकर आगे बढ़ना है तो फिर कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपको परिवार के लोगों खास उम्मीद है।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपको संकल्प करने पर सफलता प्राप्त होगी। किसी का एडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था करना या फिर किसी जरूरी वस्तु की खरीद या फिर कहीं अटका हुआ पैसा निकालना। आज आपको दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। सब कार्यों को एक एक करके निबटाने से कुछ काम तो एकाएक ही बनते नज़र आएंगे।

### धनु
आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। अगर सैर सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं। दोपहर के बाद दौड़भाग बढ़ जाएगी। उतावली के चक्कर में कोई गलती हो सकती है। ध्यान से अपना काम करें और किसी प्रकार की गलती से बचें।

### कर्क
आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आपको तीर्थयात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों की मदद के लिए धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के वरिष्ठ सदस्य से कोई विवाद हो सकता है।

### सिंह
आज का दिन किसी प्रकार का सुधार करने में बीतेगा। आज आप कार्यक्रम में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर आपको फोकस करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में आपको कोई फैसला सोचकर लेने की जरूरत है। हल्की फुल्की देनदारियां चुकानी पड़ सकती है। परिजनों की मांग पूरी करनी आवश्यक है।

### कन्या
आज करियर के मामले में आज कोई भी फैसला काफी सोचकर लेने की जरूरत है। तनाव से उबरने का रास्ता यह है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आप कहीं धन का निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको लाभ होगा।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ और आज आप जिन मामलों में अपना दिमाग लगाएंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। सभी कार्य में अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है। किसी खराब पड़ी वस्तु का फिर से संचालन करने का प्रयास करेंगे।

### कुंभ
आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल पहल बढ़ेगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। और आपका मन खुश होगा।

### मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। विपरीत हालात में मन को व्यथा होगी। जीवनसाथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। बुजुर्गों का सहयोग कुछ हद तक माहौल को ठीक करने में सहायक होगा। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और सफलता प्राप्त होगी।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5401


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5400

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5401



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. साथ, सोहबत, संपर्क, मिलन (2)
6. भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ इस वेद इसमें कुल 1810 ऋचाएं थी (4)
7. फोटो, चित्र (3)
9. दहलीज, भाव, मूल्य, निर्ख (2)
10. उदास, रोगग्रस्त, अप्रसन्न (4)
12. वैमनस्य, खटपट, ठनाठनी (4)
15. ये मिथिलेश के नाती थे (4)
16. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
17. मां की बहिन के पति का मालवी में यह कहते है (2)
18. झुककर प्रणाम करता हुआ (3)
19. हुक्म की तामील करना, आदेश मानने का भाव (3)

**ऊपर से नीचे**
1. अभिनेता अमजद खान के अभिनेता पिता (निधन 2 जून 1975) पुराणानुसार इंद्र और शची का एक पुत्र उपेंद्र का यह नाम था (3)
2. कटि, लपेट (3)
3. केमिकल, कमियागरी, रासायनिकी (4)
4. मनोवेग, स्पर्श, अनुभूति, सहभावना (4)
5. असफल विद्रोह, बगावत (3)
8. नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टॉकहोम है (3)
10. अविराम, बिना रूके, लगातार (5)
11. भारत में पहली टेलिफिल्म के निर्देशक, भगवान शिव का एक नाम (3)
12. रंज, मलाल (4)
13. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
14. निर्जन, वीराना, एकांत (4)
17. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादू भोजन (2)

### वर्ग पहेली 5400 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | त | ना | म | | घा | त |
| पा | | ला | ल | च | दे | ना | |
| शा | बा | श | | च | | | |
| | ना | ना | ना | | स | ह | ज |
| बा | | | गा | | रि | वा | ज |
| धा | व | क | | | ता | म | |
| ही | न | ता | | स | | ह | |
| न | | र | की | ब | | ल | क्ष्य |



# गृहिणियों का श्रम भी मान का हकदार

**हाल ही में सोशल मीडिया में एक पति का लिखा वो पत्र लोगों को भावुक कर गया, जिसमें उसने अपनी पत्नी को समर्पण के लिए शुक्रिया कहा और कृतज्ञता जताई। पति ने लिखा कि एक गृहिणी होने के नाते मुझे लगता था कि मेरी पत्नी घर पर रहती है तो उसके पास काम ही क्या है? इसलिए मैंने उसे कभी उसके काम का क्रेडिट नहीं दिया। वह दिनभर घर और बच्चे की देखभाल में थकी रहती। लेकिन मुझे घर लौटने पर हमेशा अपनी ही थकान दिखती।**

ऑफिस से लौटकर मैं उसे अक्सर यही कहता कि तुमने क्या किया दिनभर? लेकिन अब गंभीरता से सोचने पर लगता है कि यह महिला कितनी गजब की है। जो बच्चे और घर की अनगिनत जिम्मेदारियां अकेले ही संभालती है। इतना सोचा तो खुद पर ही गुस्सा आया। इसलिए सबसे कहूंगा कि अपने बच्चों की मां का सम्मान करें। जो घर-परिवार के लिए अपनी हर खुशी से नाता तोड़ लेती हैं।

## हर मोर्चे पर है डटी

चिंता में डूबी पत्नी, नसीहतें और समझाइशें देती मां, बड़ों की देखभाल का जिम्मा उठाने वाली बहू और नाते रिश्तेदारी के बुलावे और दिखावे की रीति-नीति निभाने वाली एक जिम्मेदार स्त्री। वह हर मोर्चे पर डटी रहती है। भागती है, दौड़ती है, हांफती है, थकती है। भीतर ही भीतर जूझती भी है। बस, मन की नहीं कहती कभी। गृहिणी जो है। सामाजिक-पारिवारिक छवि कुछ ऐसी कि वह सब कुछ करती है पर कुछ नहीं कहती। वाकई, गृहिणी के रूप में स्त्री की यह भूमिका साधारण होकर भी कितनी असाधारण है। रोजमर्रा की अनगिनत जिम्मेदारियों को निभाते हुए समय के साथ कितना कुछ रीत जाता है गृहिणियों के मन के भीतर। लेकिन इसे समझने का अवकाश ना उसे मिलता है और ना ही उसके अपनों को।

## बदलते समय में बढ़ी जिम्मेदारियां

समय के साथ गृहिणी की भूमिका भी बदल गई है। लेकिन उसके हिस्से आई जिम्मेदारियां कम नहीं हुई हैं। आज हर काम के लिए घरों में मशीनें मौजूद हैं पर उसकी भागमभाग अब भी जारी है। पहले जिम्मेदारियां तो थीं लेकिन दायरा सीमित था। मगर आज दायरा असीमित है घर से लेकर बाहर की जिम्मेदारी के अलावा बच्चों की पढ़ाई से लेकर फ्यूचर इंवेस्टमेंट की तैयारियों में वह जुटी रहती है। फिर भी वह हर बात में तालमेल बैठा ही लेती है।

## सबके लिए कुछ न कुछ

चाहे गांव हो या शहर सुबह सबसे पहले बिस्तर छोड़ने और रात को सबके बाद अपने आराम की सोचने वाली महिलाएं पति, बच्चों और घर के अन्य सदस्यों की देखरेख में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि खुद को हमेशा दोयम दर्जे पर ही रखती हैं। दूसरों की शर्तों, इच्छाओं और खुशियों के लिए जीने की उन्हें न केवल आदत-सी हो जाती है बल्कि किसी काम में जरा-सी भी कमी रह जाए तो, वे अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। लेकिन फिर भी देखने में आता है कि उन्हें ताने ही सुनने को मिलते हैं। उनके काम का श्रेय और सम्मान उनके हिस्से नहीं आता। कुल मिलाकर कहा जाए तो वो एक ऐसा 'सपोर्ट सिस्टम है जो हमें जीने का हौसला देती हैं। न कोई छुट्टी ना कोई वेतन। सच कहें तो कोई गृहिणी वेतन चाहती भी नहीं। पर वो अपनों की जो सेवा सहायता करती है उसके बदले सम्मान की अपेक्षा तो करती ही है जो कि उसका मानवीय हक भी है। एक राष्ट्रीय सर्वे के मुताबकि 45 प्रतिशत ग्रामीण और 56 प्रतिशत शहरी महिलाएं जिनकी उम्र पंद्रह साल या उससे ज्यादा है पूरी तरह से घरेलू कार्यों में लगी रहती हैं। यह आंकड़ा हैरान करने वाला है कि 60 साल से ज्यादा की उम्र वाली एक तिहाई महिलाएं ऐसी हैं, जिनका सबसे ज्यादा समय इस आयु में भी घरेलू कार्यों को करने में ही जाता है।

## भागीदारी का आर्थिक पहलू

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ भारत में ही महिलाएं दिनभर में 352 मिनट अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं। यानी इन कामों के लिए उन्हें कोई आर्थिक लाभ नहीं मिलता। जबकि कुछ सालों पहले अमेरिका में हुए एक अध्ययन ने वहां गृहिणियों द्वारा किए गए घरेलू कामों की सालाना कीमत 57 लाख रुपए के बराबर आंकी थी। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में घर की जिम्मेदारियां केवल महिलाओं के हिस्से नहीं हैं। इसलिए वहां गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी के पक्ष को महत्व दिया जाता है। जबकि हमारे यहां का रहन-सहन और सामाजिक ढांचा कुछ इस तरह का है कि घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से में काम विकसित देशों से ज्यादा हैं और सुविधाएं कम हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हमारे यहां घरेलू कार्य का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं का ही होता है। पुरुषों का सहयोग नाममात्र को ही मिलता है। हमारे यहां घरेलू कामकाज में पुरुषों की भागीदारी प्रतिदिन केवल 19 मिनट है।

## अनदेखी की शिकार

गृहिणी हर परिवार की पृष्ठभूमि तैयार करती है। किसी कलाकृति को उकेरने के लिए जो स्थान कैनवास का होता है घर के सदस्यों के जीवन में वही भूमिका होती है गृहिणियों की। ये बात और है कि तस्वीर बन जाने पर वे भी कैनवास की तरह ही कहीं पीछे छुप जाती हैं। शायद यही वजह है कि इस रूप में महिलाओं की भागीदारी को हर जगह और हर हाल में अनदेखा करने की ही कोशिश की जाती है। घर का कोई भी सदस्य किसी भी समय कह देता है कि 'तुम दिन भर घर में करती ही क्या हो?'

## मनोवैज्ञानिक आधार

मनोवैज्ञानिक रूप से देखा जाय तो यह अनदेखी एक अपराधबोध के भाव को जन्म देती है। वे सबके साथ होकर भी अकेली हो जाती हैं। उनके मन में सब कुछ करके भी खुद को कुछ भी करने योगय ना समझने का भाव इतना गहरा जाता है कि वे तनाव और अवसाद की शिकार बन जाती हैं। एक हालिया अध्ययन में भी सामने आया है कि 96 फीसद महिलाएं दिन में कम से कम एक बार खुद को दोषी या अपराधी मानती हैं। अपराधबोध से जुड़ा उनका यह भाव अधिकतर मामलों में बच्चों की परवरिश या परिवार की संभाल से ही जुड़ा होता है। इसके बावजूद उनके कार्यों का आकलन ठीक से नहीं किया जाता है।





**पिछले कुछ समय में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन काफी बढ़ गया है। यह अधिक सुविधाजनक है, क्योंकि घर बैठे-बैठे आपको सामान आसानी से डिलीवर हो जाता है। इतना ही नहीं, ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान आपको कई अच्छी डील्स भी बेहद आसानी से मिल जाती हैं। इस तरह समय और पैसों की बचत के लिहाज से ऑनलाइन शॉपिंग करना एक अच्छा ऑप्शन है। ऑनलाइन शॉपिंग के अन्य भी कई लाभ हैं, जैसे जो सामान आपको मार्केट में आसानी से अवेलेबल नहीं होता है, उसे आप ऑनलाइन ऑर्डर कर सकती हैं।**

# ऑनलाइन शॉपिंग करने की है आदत तो इन चीजों को खरीदने से बचें

ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन के कारण ही इन दिनों ऑनलाइन सबकुछ अवेलेबल है और लोग इन्हें खरीद भी रहे हैं। लेकिन अगर आप एक स्मार्ट शॉपर हैं तो आपको कुछ चीजों को ऑनलाइन खरीदने से बचना चाहिए। ऑनलाइन डील भले ही आपको अपनी तरफ आकर्षित करें, लेकिन फिर भी इन चीजों को ऑफलाइन खरीदना ही समझदारी है।

## बिग साइज अप्लाइंस

ऑनलाइन आपको हाउसहोल्ड अप्लाइंसेस पर कई ऑफर मिलते हैं, लेकिन फिर भी बिग और हैवी गैजेट्स को ऑनलाइन खरीदना समझदारी भरा नहीं है। दरअसल, इस तरह के अप्लाइंस खरीदने पर अक्सर आपको शिपिंग चार्जेस देने पड़ सकते हैं और इस तरह यह आपको सस्ता नहीं पड़ता है। साथ ही साथ रेफ्रिजरेटर या डिशवॉशर की शॉपिंग करते समय बहुत कुछ गलत हो सकता है, और अगर यह डैमेज्ड हो जाता है, तो इसे रिटर्न करना भी आपके लिए किसी सिरदर्द से कम नहीं होगा। इसके अलावा, जब आप ऐसे किसी अप्लाइंस को किसी स्टोर में खरीदते हैं, तो आप डीलर से इसे इंस्टॉल करवाने से लेकर वारंटी आदि के बारे में बात कर सकते हैं। लेकिन ऑनलाइन, आपको फाइन प्रिंट का बारीकी से विश्लेषण करना होगा। हो सकता है कि इसमें आपसे कोई गलती हो जाए और आपको बाद में पछताना पड़े।

## परफ्यूम

ऑनलाइन परफ्यूम खरीदना भी एक अच्छा विचार नहीं है। दरअसल, परफ्यूम खरीदते समय उसकी सुंगध पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। कभी-कभी एक ही चीज की महक दो अलग-अलग ब्रांड्स में थोड़ी अलग होती है और परफ्यूम एक ऐसी चीज है, जो हर किसी की पर्सनल च्वाईस पर निर्भर करती है। ऑनलाइन आपको परफ्यूम की महक को टेस्ट करने का मौका नहीं मिलेगा, इसलिए इसे ऑफलाइन खरीदना अधिक अच्छा ऑप्शन है। हालांकि, अगर आप परफ्यूम को ऑनलाइन खरीदना ही चाहती हैं तो ऐसे में अपने रेग्युलर परफ्यूम को ऑर्डर करें या फिर पहले किसी स्टोर पर जाकर अलग-अलग ब्रांड्स के परफ्यूम को चेक करें और फिर अपने पसंदीदा परफ्यूम को आप ऑर्डर कर सकती हैं।

## मेकअप

ऑनलाइन मेकअप खरीदना भी बहुत अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है। हो सकता है कि आपको ऑनलाइन प्रोडक्ट्स में हैवी डिस्काउंट्स मिलें, लेकिन यहां आपको यह समझना चाहिए कि मेकअप सीधे आपकी स्किन के संपर्क में आने वाले हैं और अगर इनमें कोई भी हार्श केमिकल्स होंगे तो यह आपकी स्किन को डैमेज करेंगे। इतना ही नहीं, ऑनलाइन आपको डुब्लीकेट मेकअप प्रोडक्ट्स मिलने की भी संभावना बहुत अधिक है। इसलिए, जहां तक हो सके, ऑनलाइन मेकअप खरीदने से बचें( ऑनलाइन फाउंडेशन खरीदते समय रखें ध्यान)। अगर आप ऑनलाइन मेकअप ऑर्डर कर ही रही हैं तो हमेशा अपने फेवरेट ब्रांड के ऑनलाइन स्टोर पर विजिट करें। वहां पर प्राइज थोड़े अधिक हो सकते हैं, लेकिन आपको यकीनन अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट मिलेंगे।

## गद्दे

नींद आपके स्वास्थ्य के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है और आपके गद्दे की गुणवत्ता व नींद का आपस में सीधा कनेक्शन है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि केवल एक महंगा गद्दा खरीदना बेहतर रात के आराम की गारंटी देता है। गद्दे पर आराम एक बहुत ही पर्सनल चीज है और यह कई तरह के कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि आपकी ऊंचाई और वजन आदि। इसलिए, जब भी गद्दों को खरीदने की बात आती है तो आराम के लिए इसका परीक्षण करने की आवश्यकता विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में गद्दों को ऑफलाइन खरीदना अधिक बेहतर ऑप्शन माना जाता है।



# ऑनलाइन साड़ी खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल

साड़ी एक ऐसा आउटफिट है, जो किसी भी महिला पर अच्छा लगता है। आप इसे रोजमर्रा से लेकर ऑफिस यहां तक कि पार्टीज में आसानी से पहन सकती हैं। वेस्टर्न वियर में आप अपने लुक को चाहे कितना भी खास बना लें, लेकिन एथनिक वियर साड़ी में एक अलग ही ग्रेस नजर आता है। शायद यही कारण है कि हर महिला के वार्डरोब में आपको साड़ी अवश्य नजर आ जाएगी। अमूमन महिलाएं इन दिनों ऑनलाइन शॉपिंग करना काफी पसंद करती हैं और साड़ी को भी वह ऑनलाइन खरीदने को प्राथमिकता देती है। ऑनलाइन साड़ी खरीदना भले ही एक बेहतर व आसान ऑप्शन नजर आए, लेकिन ऑनलाइन साड़ी खरीदना इतना भी आसान नहीं हो सकता है।

## चेक करें डिटेल्स

अमूमन शॉपिंग वेबसाइट्स पर साड़ियों की तस्वीरों को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में वह साड़ी कैसी है, इसे तस्वीर के माध्यम से नहीं जाना जा सकता। इसलिए कोशिश करें कि आप किसी भी साडी को अपने शॉपिंग कार्ट में एड करने के पहले आप उसकी डिटेल्स को अच्छी तरह चेक करें।

## जरूर पढ़ें रिव्यू

साड़ी की डिटेल्स को चेक करने के बाद बारी आती है उसके रिव्यू को पढ़ने की। हो सकता है कि आपको शॉपिंग साइट पर साड़ी की इमेज काफी अच्छी लगी हो। लेकिन अगर आप साड़ी की रियल इमेज को देखना चाहते हैं तो ऐसे में आप रिव्यू को चेक करें। अक्सर रिव्यू में प्रोडक्ट की रियल इमेज व वीडियोज मौजूद होते हैं। साथ ही कपड़े की क्वालिटी के बारे में भी लिखा होता है। जिससे आपको प्रोडक्ट के बारे में बेहतर जानकारी मिल पाती है।

## रिलाइएबल सेलर से ही खरीदें

आपको यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि ऑनलाइन दुनिया धोखे से भरी पड़ी है। तस्वीरें आपको कुछ दिखाती हैं, और आपको कुछ बिल्कुल अलग मिलता है। इसलिए, आपको अगर आप किसी भी तरह के धोखे से बचना चाहते हैं तो आपको एक रिलाइएबल सेलर से ही साडी खरीदनी चाहिए।

## ब्रांडेड हो साड़ियां

अगर आप नहीं चाहती है कि आपको खराब क्वालिटी वाली साड़ी मिले, तो ऐसे में आप ब्रांड की साड़ियां खरीदें। (साड़ी में दिखना है स्टाइलिश, तो अलग अंदाज में करें इसे ड्रेप) ब्रांडेड साड़ियां थोड़ी महंगी हो सकती हैं, लेकिन इनकी क्वालिटी, प्रिंट व एंब्रायडरी आदि काफी अच्छा होता है।


## रिटर्न पॉलिसी करें चेक

हालांकि ऑनलाइन साड़ी खरीदना यकीनन एक सेफ ऑप्शन है, लेकिन फिर भी ऐसी स्थितियां भी हो सकती हैं जहां आपको ऑर्डर किया गया प्रोडक्ट पसंद नहीं आएगा। उस स्थिति में, आपको अपना ऑर्डर वापस करना होगा और आप अपने पैसे वापिस चाहेंगी। इसलिए, कोशिश करें कि आप किसी भी साड़ी को ऑर्डर करने से पहने उसकी रिटर्न पॉलिसी अवश्य चेक करें।

## डिलीवरी डिटेल्स पर भी दें ध्यान

आप जिस साड़ी का ऑर्डर दे रही हैं, आपको उसकी शिपिंग डिटेल्स को भी एक बार अवश्य चेक करना चाहिए। खासतौर से, अगर आपने किसी खास अवसर के लिए साड़ी खरीदी है तो यह और भी अधिक जरूरी हो जाता है।





# वर्कआउट क्लॉथ्स सलेक्ट करने में नहीं होगी कोई गड़बड़, अगर इन बातों पर करेंगी फोकस

**वर्कआउट के दौरान आपको कोई परेशानी ना हो, इसके लिए आपको अलग से कपड़ों की जरूरत पड़ती है। हालांकि इन वर्कआउट क्लॉथ्स को चुनते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों की जानकारी दे रहे हैं**

आज के समय में लोग अपनी हेल्थ को लेकर अधिक सजग हो गए हैं और यही कारण है कि अब लोग चाहे घर पर हों या बाहर, खुद को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज करते हैं। हालांकि एक्सरसाइज के दौरान सिर्फ व्यायाम के तरीकों पर ही ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अपने कपड़ों पर भी फोकस करें। वर्कआउट के दौरान अगर सही कपड़ों का चयन ना किया जाए तो इससे स्किन पर दाने, खुजली व अन्य कई समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं, ऐसे में आप कंफर्टेबल तरीके से वर्कआउट भी नहीं कर पातीं। वैसे तो मार्केट में अलग से आपको वर्कआउट क्लॉथ्स मिलते हैं, लेकिन सिर्फ महंगे कपड़े होने का अर्थ यह नहीं है कि वह वर्कआउट क्लॉथ्स आपके लिए सही है। अगर आपको इस बात की जानकारी नहीं है कि आपको किस तरह के वर्कआउट क्लॉथ्स का चयन करना चाहिए तो आज इस लेख में हम आपको इस बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस लेख को पढ़ने के बाद आपको वर्कआउट क्लॉथ्स चुनने में यकीनन कोई परेशानी नहीं होगी

## सही हो फैब्रिक


जब आप वर्कआउट के लिए कपड़े चुन रही हैं तो सबसे जरूरी है कि आप सबसे पहले फैब्रिक पर ध्यान दें। दरअसल, ऐसे कई फैब्रिक होते हैं, जो खासतौर से वर्कआउट के लिए ही होते हैं। इनकी खासियत यह होती है कि यह वर्कआउट के दौरान आपकी स्किन के पसीने का अब्जार्ब करते हैं। इसके अलावा, आप कुछ ब्रेथेबल सिंथेटिक कपड़ों को भी चुन सकती हैं जो पसीने को आपकी त्वचा से दूर करते हैं। यह इसे जल्दी से वाष्पित करने और आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद कर सकते हैं। पॉलीप्रोपाइलीन युक्त कपड़ों से बने कपड़े व्यायाम और अन्य गतिविधियों के लिए एक अच्छा विकल्प है। आप मानो या न मानो, लेकिन वर्कआउट के लिए आपके द्वारा पहने गए कपड़े व्यायाम के बाद आपको कैसा महसूस कर सकते हैं, इस पर काफी गहरा असर छोड़ते हैं।

## फिटिंग पर करें फोकस

वर्कआउट क्लॉथ्स की फिटिंग भी काफी अहम है। आपको ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जो ढीले और आरामदायक हों। हालांकि, अगर आप रनिंग कर रही हैं या फिर साइकिलिंग करने वाली हैं, तो चौड़े पैर या ढीली पैंट से बचें, यह पैडल या आपके पैरों में उलझ सकता है। योग या पिलेट्स जैसी गतिविधियों के लिए, पसीने को दूर भगाने वाले स्ट्रेसी व फिटेड कपड़े एक अच्छा विकल्प हैं।

## मौसम का भी रखें ध्यान

वर्कआउट क्लॉथ्स मौसम के साथ भी काफी हद तक बदल जाते हैं। यदि आप आउटडोर एक्सरसाइज करती हैं या फिर सीजनल स्पोर्ट्स खेलती हैं तो आपको अपने वर्कआउट क्लॉथ्स पर अलग से ध्यान देना होगा। उदाहरण के तौर पर, ठंड के मौसम में खुद को गर्म रखने के लिए यकीनन आप गर्म कपड़े पहनना चाहेंगी, लेकिन ध्यान रखें कि आप व्यायाम कर रही हैं, जो अपने हृदय गति और शरीर के तापमान को बढ़ाएंगे। ऐसे में वर्कआउट क्लॉथ्स पहनते समय आप एक ही बहुत अधिक गर्म कपड़े पहनने से बचें, बल्कि इसकी जगह आप लेयरिंग का ऑप्शन चुनें। यह आपको स्टाइलिश भी दिखाएगा। साथ ही आपको वर्कआउट के समय अगर बहुत गर्मी लगे तो आप इसे रिमूव भी कर सकती हैं। ठंड के मौसम में आप वर्कआउट के दौरान अपने सिर, कान और हाथों को कवर करना ना भूलें।



# जरीन खान का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



एक्ट्रेस जरीन खान ने 2010 में फिल्म वीर से बॉलीवुड में एंट्री की थी। इसके बाद उन्होंने रेडी, हाउसफुल 2, हेट स्टोरी 3, अक्सर 2 और चाणक्य जैसी फिल्मों में काम किया। इन 14 सालों में जरीन ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से हर किसी को हैरान किया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी फिटनेस जर्नी, शादी, सोशल मीडिया ट्रोलिंग, पैप्स कल्चर और फिल्मों को लेकर बात की है। जरीन खान ने कहा- मैं कोई मंत्रा फॉलो नहीं करती, बस फिट रहने की कोशिश करती हूं। फिटनेस को मैंने अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाया हुआ है। क्योंकि जब मैं टीनएजर थी, बहुत ओवरवेट थी। 100 किलो से ज्यादा मेरा वजन था, जब फिटनेस की जर्नी शुरू की, वो बहुत अच्छी फीलिंग देती है। बॉडी लाइट फील होना, बहुत सारे फायदे हैं। पिछले साल मेरा वजन काफी बढ़ गया था। मैं काफी स्ट्रेस से गुजर रही थी। इसने मेरी हेल्थ पर असर डाला था। मेरा वजन काफी बढ़ गया था। फिर मैं लग गई उसके पीछे अभी मैं पिछले साल से ज्यादा फिट हूं। मैं किसी कॉम्पिटिशन में नहीं हूं। किसी से खुद को कंपेयर नहीं करती, जब मैं 100 किलो की थी वजन कम करने की कोशिश कर रही थी तब मैंने बहुत सारे डाइट फॉलो किए थे। एक वक्त था जब मैं करीबन 5 दिनों तक लिक्विड पर थी। ताकि वजन फटाफट कम हो। फिर 1 हफ्ते की वो डाइट फॉलो की जिसमें हर दिन अलग खाना होता है। आखिर में आपका 3 किलो तक वजन घटता है। बहुत सारा पागलपन किया है लेकिन अब मैं खुश हूं। उम्र के साथ समझ और बढ़ती है और आप खुद से संतुष्ट होते हो। अब मैं कंटेंट जोन में हूं। अभी तो इंटरनेट पर काफी सारी जानकारी मौजूद है। जब मैं टीनएजर थी सोशल मीडिया या इंटरनेट नहीं था। अभी तो इंस्टा पर हर एक डाइटीशियन टिप्स दे रहे हैं। अभी लोग नॉलेज कई मीडियम से एक्सपलोर कर सकते हैं। उन्हें कोशिश करनी चाहिए वो सही सोर्स से जानकारी हासिल करें।

नेगेटिव कमेंट्स पर जरीन ने कहा- मुझे इससे फर्क ही नहीं पड़ता, जो ये ट्रोल्स हैं वो फेसलेस अकाउंट हैं। आपको ये भी नहीं पता वो रियलिटी में हैं भी या नहीं, मेरा मानना है अगर कोई तुम्हारे अकाउंट पर कमेंट छोड़कर जाए, जिंदगी इतनी बिजी चलती है, उसमें से भी टाइम निकालकर तुम्हारे अकाउंट पर आकर कमेंट कर रहा है। इसका मतलब आप सीक्रेटली मेरे प्यार में हो। मेरा अटेंशन पाने के लिए कमेंट कर रहे हो। ट्रोल्स से मुझे हमदर्दी है। मुझे लगता है ट्रोल्स अपनी रियलिटी में इरिटेट होते हैं, उन्हें लाइफ में कोई अटेंशन नहीं देता, इसलिए वो निगेटिव कमेंट्स लिख अपनी भड़ास निकालते हैं। इसलिए इनकी बातों को सीरियसली नहीं लेना चाहिए।

काम को लेकर एक्ट्रेस ने कहा- मेरी बहुत सारे लोगों के साथ काम करने की ख्वाहिश है। दुर्भाग्य से अभी तक मुझे मौका नहीं मिला है। मुझे उम्मीद है ये लोग मुझे काम करने का मौका देंगे। संजय लीला भंसाली मेरे फेवरेट डायरेक्टर हैं, जो कैनवस वो क्रिएट करते हैं, जैसा उन्होंने हीरामंडी में किया। कॉस्ट्यूम सेट सब कुछ खूबसूरत था। इम्तियाज अली के काम की मैं बड़ी फैन हूं। वो सोलफुल सिनेमा बनाते हैं। राजकुमार हिरानी हैं वो हटके फिल्में बनाते हैं। अनुराग कश्यप मैं उनकी भी बड़ी फैन हूं, वो जिस तरह का रियलिस्टिक सिनेमा बनाते हैं। रियलिस्टिक सिनेमा का कल्चर वो ही हिंदी सिनेमा में लेकर आए हैं।

शादी के बारे में जरीन ने कहा- मैं इस रेस में नहीं हूं, जिस तरह से सब एक्टर्स शादी कर रहे हैं। पता नहीं सच में कर रहे हैं या प्रेशर में कर रहे हैं। मैं कंपैनियनशिप में भरोसा रखती हूं। दो लोग साथ में रहें खुश रहें। आजकल का जो जमाना है तीन महीने साथ रहते हैं फिर लड़ाई होती है और रिश्ता टूट जाता है। मैं ऐसी चीजों में यकीन नहीं करती। मैं ताउम्र साथ रहने वाले प्यार पर भरोसा करती हूं। जैसे हमारे ग्रैंड पेरेंट्स के रिलेशन थे। मुझे नाना, दादा के टाइम जैसा रिलेशनशिप चाहिए, जब तो वो नहीं मिलेगा मैं शादी नहीं करूंगी। मुझे अभी तक वैसा कोई नहीं मिला है।



# रिवॉल्वर में नजर आएंगी तेजस्वी

पंजाबी सुपरस्टार सिंगर और एक्टर गिप्पी ग्रेवाल जल्द ही एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश के साथ नए म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। दरअसल, गिप्पी ने गुरुवार को तेजस्वी प्रकाश के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि उनका नया म्यूजिक वीडियो रिवॉल्वर जल्द ही रिलीज होने वाला है। गिप्पी ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में वह शर्ट, ब्लेजर और पैंट के साथ येलो कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक शूज पहने हैं। वहीं बिग बॉस 15की विनर तेजस्वी प्रकाश ने ऑरेंज कलर की स्लीवलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई हैं। वहीं बैकग्राउंड में बड़े अक्षरों नें जी जी लिखा हुआ है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए गिप्पी ने कैप्शन में लिखा, रिवॉल्वर वीडियो जल्द ही आ रहा है... तेजस्वी को पिछली बार नागिन 6 में बतौर लीड एक्ट्रेस देखा गया था। वह जस्सी गिल के दूर होवा गे, यासर देसाई के रुला देती है और कुलविंदर बिल्ला के कलाकार जैसे सॉन्ग वीडियो में भी दिखाई दी। वहीं गिप्पी ने कैरी ऑन जट्टा 3, हनीमून, मौजा ही मौजा, लखनऊ सेंट्रल और मंजे बिस्तरे जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उनकी शिंदा शिंदा नो पापा रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस हिना खान नजर आईं, वहीं उनके बेटे के रोल में शिंदा ग्रेवाल दिखे। फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत छाबड़ा ने किया। इस फिल्म की बात करें तो कहानी बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है। कनाडा में रह रहे गिप्पी अपने शरारती बेटे शिंदा को डिसिप्लिन सिखाने के लिए भारत ले जाने का प्लान बना रहे हैं।

**हर कोई कर रहा है तारीफ**

# राजकुमार राव की स्त्री-2 का टीजर आउट

सबसे दमदार कलाकार राजकुमार राव स्त्री 2 में विक्की के रूप में वापस आ गए हैं, और उनके प्रशंसक उत्सुक हो रहे हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीज़र आउट हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि इसे मैडॉक फिल्म्स की नवीनतम रिलीज मुंज्या के साथ सीधे सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया था। पहले फ्रेम से, निर्माता यह स्पष्ट कर देते हैं कि सीक्वल अधिक मजेदार, डरावना है और इसमें साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बनने के सभी तत्व मौजूद हैं। सिनेमाघरों में टीज़र देखने वाले प्रशंसक फिल्म का समर्थन करते दिखे, जो इस साल राजकुमार राव की तीसरी फिल्म है। और प्रशंसकों की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, फिल्म 2024 में राव के वर्ष के रूप में मजबूत होने के लिए तैयार है क्योंकि यह निश्चित रूप से बॉक्स ऑफिस पर कमाई करेगी। बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ राव के लिए यह साल अब तक बहुत अच्छा रहा है। उनकी फिल्म श्रीकांत में उन्हें दृष्टिबाधित




उद्योगपति श्रीकांत बोला की भूमिका में देखा गया था, जिसे आलोचनात्मक प्रशंसा मिली थी, जबकि मिस्टर एंड मिसेज माही में वह क्रिकेटर से कोच बने व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आए थे। दो विविध भूमिकाएँ, जो निश्चित रूप से राव को इस पुरस्कार सीज़न में पसंदीदा बनाएंगी, ने अभिनेता की बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया है और साथ ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। दरअसल, स्त्री के बाद मिस्टर एंड मिसेज माही राव की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई। और अब ऐसा लग रहा है कि स्त्री 2 पिछले रिकॉर्ड भी तोड़ देगी. लेकिन राव के लिए साल ख़त्म नहीं हुआ है! अभिनेता पहली बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। उनकी पाइपलाइन में कुछ अन्य दिलचस्प परियोजनाएँ भी हैं, जिनकी वह जल्द ही घोषणा करेंगे!

# सुधीर बाबू को पसंद नहीं अपना उपनाम नाइट्रो स्टार, हरोम हारा के क्रेडिट में भी नहीं दिखेगा



तेलुगु अभिनेता सुधीर बाबू की नई फिल्म हरोम हारा आज थिएटर में रिलीज हो चुकी है। सुधीर ने पिछले दिनों जमकर फिल्म का प्रचार किया। अब देखना होगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी और लोग इसे कितना पसंद करेंगे। सुधीर बाबू को इंडस्ट्री में नाइट्रो स्टार के नाम से भी जाना जाता है, जिसे लेकर हाल ही में, उन्होंने अपनी राय साझा की है।

## सुधीर बाबू को अच्छा नहीं लगता अपना उपनाम

हम जानते हैं कि दक्षिण भारतीय कलाकारों को उनके उपनाम से जाना जाता है। उनकी फिल्म की घोषणा में नाम के साथ-साथ उनका उपनाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उदाहरण के लिए, रजनीकांत को थलाइवर, पवन कल्याण को पावर स्टार और अल्लू अर्जुन को आइकन स्टार के नाम से जाना जाता है। सुधीर बाबू ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि उन्हें खुद को नाइट्रो स्टार कहलाना पसंद नहीं है। उन्हें अपना उपनाम अच्छा नहीं लगता है।

**धीरे-धीरे पड़ी नाइट्रो स्टार की आदत**

सुधीर बाबू ने कहा कि शुरू में नाइट्रो स्टार नाम चौंकाने जैसा था, लेकिन वक्त के साथ-साथ इसकी आदत हो गई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वो खुद को इस नाम से कहलाना नहीं चाहते हैं। सुधीर ने एक जानकारी देते हुए बताया कि उनकी फिल्म हरोम हारा में नाइट्रो स्टार को शीर्षक में शामिल नहीं किया गया है।

## ये कलाकार आएंगे नजर

हरोम हारा में सुधीर बाबू के साथ-साथ मालविका नायर ने भी अहम भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा सुनील, अक्षरा, जया प्रकाश, लक्की लक्ष्मण, रवि काले और अर्जुन गौड़ा ने भी फिल्म में काम किया है। फिल्म का निर्देशन ज्ञानसागर द्वारका ने किया है। इसका निर्माण श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमा द्वारा किया गया है। चैतन भारद्वाज ने फिल्म को अपनी धुनों से सजाया है।



# विश्व कप की मेजबानी के दौरान मंदिरा हुई थीं भेदभाव का शिकार

**वर्षों बाद अभिनेत्री का छलका दर्द**

अभिनेत्री मंदिरा बेदी टीवी और फिल्म जगत का एक मशहूर नाम हैं। अभिनेत्री ने साल 2003 में क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की। हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में मंदिरा ने अपने अनुभवों को साझा किया। मंदिरा ने अपने साथ हुए भेदभाव को लेकर जब बात की तो इसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने बताया कि पैनल में शामिल लोग उनके सवालों को अनदेखा कर देते थे। मंदिरा ने कहा वह एक हफ्ते तक रोती रहीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने खुद के अंदर एक बड़ा बदलाव किया। आइए जानते हैं मंदिरा ने क्या साझा किया? एक साक्षात्कार के दौरान क्रिकेट जगत में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'यह आसान नहीं था, उनके पैनल में कोई महिला नहीं थी, इसलिए पैनल में बैठे दिग्गज लोग पैनल में एक महिला को रखने के बारे में कुछ खास उत्साहित नहीं थे।

**शो के अंत में रोती थीं मंदिरा**

मंदिरा ने याद करते हुए कहा, 'हर शो के अंत में मैं अपना सिर नीचे कर लेती थी और रोती थी और मेरे अगल-बगल बैठे लोग कहते थे, 'मैं अभी जाकर कॉफी पीता हूं। क्या आप कॉफी लेंगी?' और बस वो चले जाते थे। मैं दुखी थी और पहले एक हफ्ते तक किसी ने कुछ नहीं कहा। मैं हकला और लड़खड़ा रही थी, मैं घबरा रही थी और मुझे कहीं से कोई समर्थन नहीं मिला। वहीं, मेरे पास में एक सह होस्ट था और उसके सवालों को स्वीकार किया जा रहा था।' हालांकि, इसके बाद मंदिरा ने अपने अंदर कई बड़े बदलाव किए और खुद को साबित किया।

# केआरके ने की आपत्तिजनक टिप्पणी

फेमस क्रिटिक और एक्टर केआरके यानि कमाल आर खान अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। इस पर केआरके ने बसपा प्रमुख मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसके कारण उनके खिलाफ सहारनपुर में मामला दर्ज किया गया है। इंद्रपुर गांव में रहने वाले बसपा नेता सुशील कुमार ने एक्टर के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया है। सहारनपुर से बसपा कैंडिडेट और



केआरके के भाई माजिद अली को मायावती ने निष्कासित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि कमाल आर खान उर्फ केआरके के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार ने देवबंद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिनेता जिले के फुलास अकबरपुर क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस के मुताबिक, केआरके ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बसपा प्रमुख मायावती पर टिप्पणी की थी। एक्टर के भाई माजिद अली ने कहा है कि उनका केआरके से पिछले 15 वर्ष से कोई लेना देना नहीं है।

# आठ साल बाद दर्शकों को फिर से हंसाने आ रहे हैं सिकंदर खेर, बोले- कॉमेडी मेरा पैशन रहा है

अभिनेता सिकंदर खेर बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। फिल्म वुडस्टॉक से अपने करियर की शुरुआत करने वाले सिकंदर ने सफलता के साथ-साथ असफलताओं का भी लंबा दौर



देखा है। वे वेब सीरीज आर्या में नजर आए थे। इस सीरीज में दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आया था। बैक टू बैक एक्शन ड्रामा प्रोजेक्ट्स के बाद, सिकंदर खेर 8 साल बाद अपनी अगली कॉमेडी फिल्म के साथ वापसी करने जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपने कॉमेडी टाइमिंग के लिए मशहूर सिकंदर खेर एक नए कॉमेडी ड्रामा में अपनी हास्य प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ वर्षों में सिकंदर ने कई प्रोजेक्ट्स में गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। सिकंदर 8 साल के ब्रेक के बाद कॉमेडी में वापसी करने के लिए उत्साहित हैं। यह फिल्म एक नए निर्देशक द्वारा निर्देशित है और वर्तमान में जल्द ही प्रोडक्शन में जाने के लिए तैयार है।

# सरफिरा बन धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म खेल खेल में की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। वहीं, अब उन्होंने दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा हो चुका है। अक्षय कुमार ने अब सरफिरा की रिलीज डेट का खुलासा करते हुए फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया।

इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। अक्षय कुमार जल्द ही सरफिरा में नजर आएंगे, जो साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है। आज फिल्म की रिलीज डेट और पहला पोस्टर शेयर किया गया। यह बायोपिक 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के पहले पोस्टर में अक्षय कुमार की पहली झलक देखने को मिली। पोस्टर में अक्षय कुमार आसमान की तरफ देखते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ ही देर में फैंस भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आए।

फिल्म की शूटिंग अभी जारी ही है। फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक ऐसे आदमी की कहानी,जिसने बड़े सपने देखने की हिम्मत की और मेरे लिए, यह एक कहानी है, एक किरदार है, एक फिल्म है, जीवन भर का एक मौका है। इसके साथ ही अक्षय ने पोस्ट के कैप्शन में फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। फिल्म का ट्रेलर 18 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लिपकार्ट की किया सबसे बड़े ब्यूटी फेस्टिवल का आयोजन

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने बहुप्रतीक्षित ग्लैम अप फेस्ट 2024 के दूसरे एडिशन का आयोजन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में किया जाएगा। यह भारत के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट आयोजनों में से एक है,जिसमें 3500 से अधिक ब्यूटी एवं लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स के अलावा 70 से ज्यादा टॉप ब्रैंड्स विभिन्न कंज्यूमर कैटेगरीज़ की भागीदारी होगी। ग्लैम अप फेस्ट कई लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स को अभूतपूर्व तथा इमर्सिव प्लेटफार्म मुहैया कराएगा और ये इंफ्लुएंसर्स सोशल मीडिया के जरिए अपने फौलोअर्स के लिए ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज को इंटरेक्टिव फीचर्स के साथ प्रस्तुत करेंगे। इस साल फ्लिपकार्ट के ग्लैम अप फेस्ट एक ही छत के नीचे कई लोकल और इंटरनेशनल ब्रैंड्स को ला रहा है और इनका जश्न मनाने के लिए कई हस्तियां तापसी पन्नू, सिद्धांत चतुर्वेदी, रोहित सर्राफ, अदा शर्मा और पश्मिना रोशन आदि भी एकजुट हो रही हैं। ये हस्तियां तथा इंफ्लुएंसर्स फ्लिपकार्ट की एआर तथा वीआर क्षमताओं का लाभ उठाते हुए कई इनोवेटिव टूल्स जैसे वर्चुअल ट्राई-ऑन, वीडियो कॉमर्स, स्किन एनेलाइज़र्स और अन्य समेत इमर्सिव ब्रैंड बूथ्स के साथ एंगेजमेंट बढ़ाएंगे। साथ ही, प्रोडक्ट्स को देखने एवं बेहतर शॉपिंग अनुभव भी मिलेंगे। वेन्यू पर को-क्यूरेटेड एक्सपीरिएंशियल ब्रैंड ज़ोन्स के लिए लॉरियाल, लैक्मे, मेबिलिन, शुगर कॉस्मेटिक्स, मामाअर्थ, रीबॉक, रेवलॉन, न्यूट्रोजेना तथा सेटाफिल ने पहल की है जहां नए लॉन्च, डील्स, और सिग्नेचर कलेक्शंस होंगे। 14 जून कोइस एक-दिवसीय ब्यूटी फेस्ट में कई उल्लेखनीय ब्रैंड लॉन्च, इंटरेक्टिव एक्टिविटीज़, ब्यूटी डेमोन्स्ट्रेशंस, प्रोडक्ट ट्रायल्स और समर्पित फोटो तथा वीडियो स्टेशंस भी होंगे। इस आयोजन में फ्लिपकार्ट लीडरशिप की ओर से मंजरी सिंघल, हैड ऑफ बिजनेस, एफएमसीजी तथा जनरल मर्चेंडाइज़, फ्लिपकार्ट, हेमंत बदरी, हैड ऑफ सप्लाई चेन एवं एसवीपी, कस्टमर एक्सपीरियेंस तथा री-कॉमर्स और जयेंद्रन वेणुगोपाल, चीफ प्रोडक्ट एंड टैक्नोलॉजी ऑफिसर, फ्लिपकार्ट की भी भागीदारी रहेगी जो टैक्नोलॉजी इनोवेशंस, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर इंडस्ट्री के बारे में अपने विचारों से अवगत कराएंगे।

### जी5 ने अपनी अगली डायरेक्ट-टू-डिजिटल फिल्म, रौतू का राज का ट्रेलर जारी किया

**मुंबई, एजेंसी।** जी5,भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, अपनी अगली डायरेक्ट-टू-डिजिटल फ़िल्म, रौतू का राज की घोषणा करने के लिए उत्साहित है। ज़ी स्टूडियोज़ और फट फिश रिकॉर्ड्स द्वारा निर्मित और आनंद सुरपुर द्वारा निर्देशित, रौतू का राज़ में नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में इंस्पेक्टर दीपक नेगी के रूप में नजर आएंगे। मिस्ट्री थ्रिलर में राजेश कुमार, अतुल तिवारी और नारायणी शास्त्री भी सहायक भूमिकाओं में हैं और यह उत्तराखंड के रौतू की बेली के सुरम्य गाँव में बनाई गई है। पिछले साल 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इस फ़िल्म का भव्य प्रीमियर हुआ था, जहाँ इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था और अब यह 28 जून को अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म रौतू की बेली में एक अंधे स्कूल के वार्डन की रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है, जो की एक शांत शहर है, जिसने पंद्रह साल से भी एक भी हत्या नहीं देखी है। यहीं पर एसएचओ दीपक नेगी उर्फ़ नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी टीम इस दुर्लभ और हाई-प्रोफाइल हत्या की जांच को सुलझाने का काम दिया जाता है। फिल्म में एसएचओ दीपक नेगी (नवाजुद्दीन द्वारा अभिनीत) और सब इंस्पेक्टर डिमरी (राजेश कुमार द्वारा अभिनीत) के बीच एक अनोखी और खुशमिज़ाजी यारी का प्रदर्शन करती है, जिन्हें इस हत्या की जांच के कारण अपने आलसीपन से बाहर आना पड़ता है। जी5 इंडिया के चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर मनीष कालरा ने कहा, जी5 पर हम अपने दर्शकों को मनोरंजक कहानियाँ पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और रौतू का राज इसका एक प्रमुख उदाहरण है।

# जीपीईएस सोलर का आईपीओ ओपन

## कीमत 100 रुपये से भी कम, ग्रे मार्केट में दबदबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर इंवर्टर और सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी जीपीईएस सोलर का आईपीओ आज से खुल रहा है। इस आईपीओ का साइज 30.79 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इश्यू पर आधारित है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 32.76 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

कंपनी का इश्यू 14 जून यानी आज से 19 जून तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 90 रुपये से 94 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। हालांकि, लॉट साइज 1200 शेयरों का बनाया गया है। जिस वजह से कंपनी के आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों को कम से कम 1,12,800 रुपये खर्च करने होंगे। जीपीईएस सोलर की तरफ से शेयरों का अलॉटमेंट 20 जून को किया जाएगा। वहीं, एनएसई एसएमई में कंपनी



की लिस्टिंग 24 जून को संभव है। ग्रे मार्केट में जीपीईएस सोलर ने धूम मचाया हुआ है। कंपनी आज 130 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। यानी निवेशकों को पहले दिन ही 138 प्रतिशत का फायदा हो सकता है। अगर यही ट्रेंड जीपीईएस सोलर की लिस्टिंग तक रहा तो कंपनी शेयर बाजारों में 224 रुपये पर डेब्यू कर सकती है। यानी निवेशकों का पैसा पहले दिन ही दोगुना हो सकता है। बता दें, 13 जून को जीपीईएस सोलर का जीएमपी 125 रुपये था। यानी तब से अबतक कंपनी के जीएमपी में इजाफा हुआ है।

### एंकर निवेशकों से कंपनी ने जुटाए 8.30 करोड़ रुपये

जीपीईएस सोलर का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 13 जून 2024 को खुला था। कंपनी ने आईपीओ के जरिए 8.30 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ के पूरे हिस्से में कम से कम 35 प्रतिशत रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। वहीं, क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के

# बुंदेलखंड में बसने वाली औद्योगिक टाउनशिप नोएडा से भी होगी बड़ी, पूरे यूपी की बदलेगी तस्वीर



**लखनऊ एजेंसी।** झांसी के पास आकार लेने वाले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) शहर के मास्टर प्लान का जिम्मा अंतरराष्ट्रीय कंपनी सुर्बाना जुराग को सौंपा गया है। वहीं अमेरिकी कंपनी सीबीआरई कंसल्टेंट के तौर पर बीडा को विकसित करने में सहयोग करेगी। सुर्बाना जुराग कंपनी ने सिंगापुर का मास्टर प्लान तैयार किया है, जबकि अमेरिकी कंपनी सीबीआरई ने हाईटेक स्पेस सिटी, मलेशिया और महाराष्ट्र स्थित शेन्ड्रा-बिडकिन इंडस्ट्रियल पार्क पर काम किया है। बीडा शहर न केवल बुंदेलखंड का कायाकल्प करेगा बल्कि कानपुर तक औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। 47 साल बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ये पहल पर बुंदेलखंड सहित पूरे प्रदेश को नोएडा से बड़ी औद्योगिक टाउनशिप मिलेगी। नोएडा की तर्ज पर झांसी के 33 गांवों की 35300 एकड़ जमीन को अर्जित कर आधुनिक और निवेश सिटी के रूप में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बीडा शहर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर का मास्टर प्लान बनाने के लिए सिंगापुर की जुर्बाना जुराग ने न केवल सिंगापुर का मास्टर प्लान तैयार किया है, बल्कि चीन के सुझा इंडस्ट्रियल एरिया किगाली, जी-4 सिटी शहरों को भी आकार दिया है। काम पूरा होने के बाद बीडा नोएडा से भी बड़ा शहर होगा।

### 11 महीने में तैयार होगा मास्टर प्लान

दोनों कंपनियों को 11 महीने के अंदर बीडा सिटी का मास्टर प्लान तैयार करने का समय दिया गया है। इसके बाद वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, मैन्यूफैक्चरिंग, सेमी कंडक्टर, वैकल्पिक ऊर्जा, ई-वाहन संयंत्र, आटोमोबाइल और डिफेंस सेक्टर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को भूखंड आवंटित करने की शुरुआत होगी। अभी तक बीडा द्वारा 4100 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है।

# देशों में नए घरों की सप्लाई के मुकाबले बिक्री ज्यादा, इसलिए प्रॉपर्टी की कीमतों में आया इतना बड़ा उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दो साल में भारत के शीर्ष 7 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत में 13 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से इजाफा हुआ है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में 8.25 लाख नए घर लॉन्च हुए हैं। वहीं, इस दौरान 8.72 लाख घरों की बिक्री हुई है। इसलिए प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं। पिछले दो



वर्षों में 13 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई 1.3 प्रतिशत गिरकर 5.4 प्रतिशत रह गई है। यह दिखाता है कि रियल एस्टेट महंगाई को आउटपरफॉर्म कर रहा है। कंसल्टेंट फर्म का कहना है कि महंगाई के दौर में अपनी वेल्थ को बनाने और बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एक अच्छे निवेश के माध्यम के रूप में उभरा है। जनसंख्या बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले समय में भी प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़त जारी रह सकती है।

### आईआईटी मद्रास ने खेल में उत्कृष्टता के आधार पर यूजी प्रोग्राम में प्रवेश देने की शुरुआत की

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास ) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 से 'खेल में उत्कृष्टता के आधार पर प्रवेश' (एसईए) देने की शुरुआत की है । संस्थान के प्रत्येक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में अब भारतीय नागरिकों के लिए दो सुपरन्युमरी सीटें होंगी । इनमें एक खास कर छात्राओं के लिए होगी। आईआईटी मद्रास देश का पहला आईआईटी है जिसने अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रवेश देने की शुरुआत की है।अधिक जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। संस्थान ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को मान्यता और पुरस्कार देने के लक्ष्य से यह पहल की है ।इससे योग्य छात्र खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। एसईए के माध्यम से प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को भी जेईई (एडवांस्ड) क्वालीफाई करना होगा । हालांकि यह संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) पोर्टल नहीं, बल्कि एक अलग पोर्टल के माध्यम से होगा जिसे आईआईटी मद्रास ने 11 जून 2024 को लॉन्च किया।

# फॉगसी ने विस्तृत टीकाकरण शेड्यूल पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज़ ऑफ इंडिया (फॉगसी) ने हाल ही में महिलाओं के लिए एक विस्तृत टीकाकरण शेड्यूल पेश किया है, जिसमें व्यस्क महिलाओं और नई माँओं को लगाए जाने वाले आवश्यक टीकों की विस्तृत सूची और टीकाकरण की अनुशंसित आवृत्ति दी गई है। फॉगसी और एमएसडी फार्मा ने भारत में महिला टीकाकरण की जागरुकता बढ़ाने और टीकों द्वारा महिलाओं की बीमारियों को रोकने में मदद करने के लिए गठबंधन किया है। अभिनेत्री और महिला स्वास्थ्य की समर्थक, काजल अग्रवाल ने हाल ही में मुंबई में आयोजित एक समारोह में टीकाकरण शेड्यूल का अनावरण किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. जयदीप टांक, प्रेसिडेंट, फॉगसी; डॉ. माधुरी पटेल, सेक्रेटरी जनरल, फॉगसी; प्रो. डॉ. हृषिकेश पाई, फॉगसी के पिछले प्रेसिडेंट और एफआईजीओ (एशिया -




ओशिनिया) के वर्तमान ट्रस्टी; डॉ. रेशमा पाई, फॉगसी की पूर्व प्रेसिडेंट; डॉ. नंदिता पलशेतकर, फॉगसी की पूर्व प्रेसिडेंट और आईएसएआर (इंडियन सोसाइटी ऑफ आर्टिफिशियल रिप्रोडक्शन) की पिछली प्रेसिडेंट और डॉ. प्रिया गणेशकुमार, फॉगसी ऑन्कोलॉजी कमिटी की चेयरपर्सन मौजूद थीं, जो फॉगसी के लिए इस परियोजना का नेतृत्व कर रही हैं। इस लॉन्च के बाद वक्ताओं ने 'महिलाओं में टीकाकरण और टीके द्वारा बीमारियों को रोकने के महत्व' (इंपॉर्टेंस ऑफ इम्युनाईज़ेशन एंड वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ेज़ इन वीमैन) पर एक पैनल वार्ता भी की। इस रिपोर्ट में सामने आया कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले खराब सेहत में 25 प्रतिशत ज्यादा समय बिताती हैं। टीकाकरण से इस स्थिति में परिवर्तन लाया जा सकता है और महिलाओं को टीका लगाकर उन्हें बीमारियों से बचाया जा सकता है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। फॉगसी के प्रेसिडेंट, डॉ. जयदीप टांक ने कहा, ''महिलाओं के लिए फॉगसी का अपडेटेड टीकाकरण शेड्यूल उनके निवारक स्वास्थ्य की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस विस्तृत संसाधन से महिलाओं और डॉक्टरों को स्पष्ट होगा कि उन्हें क्या करना है, जिससे टीकाकरण के बारे में जागरुकता बढ़ेगी।

# कैटरीना कैफ़ बनीं बॉन ग्रुप और अमेरिकाना बिस्किट्स की नई ब्रैंड एंबैसडर

## बॉन के पास है फूड इंडस्ट्री का 39 वर्षों का लंबा अनुभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख एफएमसीजी फूड ग्रुप्स में से एक बॉन ग्रुप ने बॉलीवुड अदाकारा कैटरीना कैफ़ को बॉन ब्रेड्स तथा बेकरी रेंज के साथ-साथ अमेरिकाना बिस्किट्स की ब्रैंड एंबैसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। कैटरीना की मौलिकता, बहुमुखी प्रतिभा और बड़े पैमाने पर आकर्षण दरअसल, हर प्रोडक्ट में एक्सीलेंस और क्वालिटी के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता से मेल खाता है। इस तरह कैटरीना उन ब्रैंड्स के आकर्षण को सहज रूप से बढ़ाती हैं जिनका वह प्रचार करती हैं; बॉन ग्रुप एंड अमेरिकाना बिस्किट्स के साथ उनका जुड़ाव ब्रैंड की छवि और विस्तार दोनों को बढ़ाएगा, और युवा आबादी को ब्रैंड के प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ेगा।

बॉन ग्रुप ब्रेड, बिस्किट, केक एवं कुकीज़ समेत तरह-तरह की फूड कैटेगरी से जुड़ा है। अमेरिकाना बिस्किट्स इस ग्रुप के सबसे तेजी से बढ़ रहे ब्रैंड्स में से है और आने वाले वर्षों में यह जबदर्स्त ग्रोथ दर्ज कराने की दिशा में अग्रसर है। ब्रैंड ने अपने प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने के लिए टेलीविजन कैम्पेन तैयार किया है




तथा प्रिंट, आउटडोर, ऑनलाइन प्रचार समेत ऑन-ग्राउंड एक्टीवेशन की भी योजना बनायी है। यह महत्वपूर्ण गठबंधन दोनों पक्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी सूचक है। पिछले 39 वर्षों में बॉन ग्रुप ने उपभोक्तावाद की बदलती आकांक्षाओं को बखूबी समझकर हेल्थ, टेस्ट तथा क्वालिटी के मानकों पर खरे उतरने वाले विस्तृत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सफलतापूर्वक तैयार किया है। यही वजह है कि ब्रैंड आज देश की हिंदीभाषी पट्टी में ब्रेड एवं बिस्किट कैटेगरी में काफी पसंदीदा बन चुकी है। कैटरीना कैफ़ लाखों लोगों के लिए आइकॉन और रोल मॉडल हैं, और उनकी फिटनेस का जवाब नहीं है, साथ ही, वह परफॉर्मेंस मानकों और वर्क एथिक्स के पैमाने पर भी लगातार शानदार बनी हुई हैं। बॉन ग्रुप इस गठबंधन के चलते एक मल्टी-मीडिया कैम्पेन शुरू करेगा जिसमें कैटरीना कैफ़ को अमेरिकाना बिस्किट्स, बॉन ब्रेड और बेकरी प्रोडक्ट रेंज को प्रमोट करते हुए दिखाया गया है। कैम्पेन भरपूर प्यार और देखभाल के साथ तैयार तरह-तरह की ब्रेड एवं बिस्किट्स की उम्दा रेंज को प्रदर्शित करते हुए आधुनिक उपभोक्ताओं की खानपान संबंधी पसंद की कसौटियों पर भी खरा उतरता है। बॉन ग्रुप देशभर में कई राज्यों तथा दुनिया के तीन महाद्वीपों के 55 से अधिक देशों में हेल्दी फूड प्रोडक्ट्स की वैरायटी पेश करता है। अमरिंदर सिंह, डायरेक्टर, बॉन ग्रुप ने कहा, कैटरीना कैफ़ की अपील और एक्सीलेंस हासिल करने के पीछे उनके प्रयास वास्तव में, क्वालिटी, हेल्थ और वेलनेस के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं।

# रोबोटिक हार्ट सर्जरी एक आधुनिक टेक्नोलॉजी है: डॉ. युगल किशोर

**भोपाल।** बढ़ती हृदय की समस्याएं चिंताजनक स्तर पर पहुँच गई हैं क्योंकि कार्डियोवैस्कुलर रोग (सीवीडी) पूरे विश्व में मौतों का मुख्य कारण हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हैल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में भारत में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारण 20.5 मिलियन मौतें हुईं, जो दुनिया में होने वाली मौतों के एक तिहाई के बराबर हैं। मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति ने हृदय रोगों के इलाज में क्रांति ला दी है और पूरी दुनिया के मरीजों को एक नई उम्मीद प्रदान की है। इसी तरह की एक अत्याधुनिक प्रगति रोबोटिक सर्जरी है, जो अतुलनीय सटीकता एवं नियंत्रण प्रदान करती है, और पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी से जुड़े जोखिमों को कम करती है। डॉ. युगल किशोर मिश्र, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज़, चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियेक साईंसेज़, और चीफ कार्डियो वैस्कुलर सर्जन, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका ने बताया कि रोबोटिक हार्ट सर्जरी एक आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जिसकी मदद से सर्जन जटिल ऑपरेशन बहुत सटीकता से कर पाते हैं, और सर्जरी की एफिशियंसी बढ़कर जटिलताएं भी कम होती हैं। इस इनोवेशन ने कार्डियेक ऑपरेशन को मरीजों के लिए ज्यादा आसान और कम चुनौतीपूर्ण बना दिया है, और वो ज्यादा तेजी से अपनी सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरू कर सकते हैं। रोबोटिक हार्ट सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द होता है, और स्वास्थ्य लाभ ज्यादा तेजी से मिलता है।

# देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा : जयन्त चौधरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री जयन्त चौधरी ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने मंत्री का स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएँ दीं। यह कौशल विकास और उद्यमिता के परिदृश्य को आगे बढ़ाने में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित यह अवसर भारत सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है। इस अवसर पर बोलते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि, भारत में एक विशाल और युवा आबादी है जिसे अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विज़न से पूरी तरह मेल खाता है, जहां प्रत्येक नागरिक को हमारे देश की समृद्धि में योगदान करने और आगे बढ़ने का अवसर मिले। जीवन के सभी क्षेत्रों में नए और उद्योग-



सम्बन्धित कौशल की निरंतर आवश्यकता है, और मुझे विश्वास है कि मंत्रालय के सतत प्रयास कौशल और रोजगार परिदृश्य पर ठोस प्रभाव डालेंगे।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय स्किल गैप को पाटने वाली रणनीतिक पहलों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) जैसी प्रमुख योजनाएँ शामिल हैं, जिनका निरंतर ध्यान रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर है। ये कार्यक्रम रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए हैं, ताकि व्यक्तियों को तेजी से विकसित हो रहे जॉब मार्केट में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से सुसज्जित किया जा सके।

देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अत्याधुनिक सुविधाओं और उद्योग-संबंधित पाठ्यक्रम से सुसज्जित हों। इस प्रयास का उद्देश्य एक कुशल कार्यबल तैयार करना है जो आधुनिक उद्योगों की मांगों को पूरा कर सके। इसके अलावा, मंत्रालय कौशल विकास कार्यक्रमों को वैश्विक मानकों के साथ जोड़कर अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता को प्राथमिकता देना जारी रखेगा। इससे भारतीय प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। इसमें स्किल्ड वर्कर के लिए विदेश में करियर बनाने के लिए मार्ग बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योगों के साथ साझेदारी शामिल है। सिद्ध (स्किल इंडिया डिजिटल हब) जैसे प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से डिजिटल तकनीकों को अपनाकर, बुनियादी ढाँचे को बढ़ाकर और समावेशी कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, मंत्रालय का उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उच्च प्रभाव वाली पहलों को तेज़ी से लागू करना है। ये प्रयास कौशल विकास और उद्यमिता क्षेत्रों में तत्काल और ठोस प्रगति के लिए हमारे समर्पण को प्रदर्शित करते हैं, जो अंततः एक अधिक कुशल और सशक्त भारत में योगदान करते हैं।


# हरकी डायव्हर्सिटी रिपोर्ट ने लिंग विविधता पर ध्यान आकर्षित किया

**मुंबई, एजेंसी।** महिलाओं के लिए भारत के सबसे बड़े करियर समुदाय हरकी ने डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट, 2023-24 का छठे संस्करण लांच करने की आज घोषणा की। यह रिपोर्ट कॉरपोरेट इंडिया में महिलाओं की भागीदारी और विविधता पर उद्योग की एक मानक रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट जनवरी, 2023 और जनवरी, 2024 के बीच पूरे भारत में 300 से अधिक कंपनियों से एकत्रित डाटा का एक समग्र संकलन उपलब्ध कराती है।

इस डायव्हर्सिटी सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया कि जिन कंपनियों का सर्वेक्षण किया गया उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 34 प्रतिशत है। यह आंकड़ा स्टार्टअप्स और एसएमई में मामूली सुधार के साथ 36 प्रतिशत है जिससे वहां समावेशी भर्ती व्यवस्था का महत्व रेखांकित होता है। वहीं बड़े उपक्रम प्रवेश स्तर पर 38 प्रतिशत भागीदारी के साथ आगे हैं। हालांकि, मध्यम स्तर और वरिष्ठ स्तर पर प्रबंधन में यह आंकड़ा गिरकर 19 प्रतिशत पर आ जाता है जिससे कॉरपोरेट सीढ़ी में एक टूटे हुए पायदान का संकेत मिलता है जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सी-सुइट में नियुक्त महिलाओं की भागीदारी घटकर 24 प्रतिशत पर आ गई है जो 2022 में 37 प्रतिशत थी। यह गिरावट कॉरपोरेट नेतृत्व करने वाली शीर्ष टोली की ओर महिलाओं की प्रगति में सहयोग के लिए अधिक हस्तक्षेप की जरूरत की ओर ध्यान दिलाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि सर्वेक्षण में 84 प्रतिशत कंपनियां महिलाओं की भर्ती के लिए समर्पित पहल करते हुए पाई गई और 98 प्रतिशत बड़े उपक्रमों ने नियुक्ति में लिंग विविधता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है जिसमें से 88 प्रतिशत इन उद्देश्यों को हासिल करने के करीब हैं। स्टार्टअप्स और एसएमई भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जहां सफलता की दर 97 प्रतिशत है। पितृत्व अवकाश की पेशकश करने वाली कंपनियां सतत रूप से 2020 के 86 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 91 प्रतिशत पहुंचने का बावजूद वर्ष 2023 में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई। जहां 2022 में महज छह प्रतिशत कंपनियां पितृत्व अवकाश देने में विफल रहीं, वहीं 2023 में 12 प्रतिशत कंपनियां यह अवकाश देने में विफल रहीं। यह रुख पेशेवर और निजी जिंदगी में संतुलन बनाने के लिए आवश्यक पिता की भूमिका पर निरंतर ध्यान में कमी रेखांकित करता है। यह रिपोर्ट संकेत देती है कि 82 प्रतिशत बड़े उपक्रम और 67 प्रतिशत एसएमई/ स्टार्टअप्स अब महिलाओं की काम में वापसी के अभियान चलाते हैं। सर्वेक्षण के आंकड़े दर्शाते हैं कि इन कार्यक्रमों की सफलता की दर बहुत अधिक है और बड़े उपक्रमों में 93 प्रतिशत महिलाएं और स्टार्टअप्स एवं एसएमई में 83 प्रतिशत महिलाएं जो इन कार्यक्रमों में शामिल हुई हैं उन्हें कंपनी में पूर्णकालिक भूमिका के लिए नियुक्त किया जाता है।

# अरे फर्जी किंग है, उसका रिकॉर्ड तो मुझसे भी घटिया है...

## पाकिस्तानी खिलाड़ी ने बाबर आजम को धो डाला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अहमेद शेहजाद इन दिनों टीम के कप्तान बाबर आजम की जमकर आलोचना की है। पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2024 से लगभग बाहर होने वाला है और इसी दौरान शेहजाद ने एक पाकिस्तानी टॉक शो हारना मना है में बाबर पर फिर से हमला बोला। इस बार शो में शेहजाद और बाबर के टी20 वर्ल्ड कप के आंकड़ों की तुलना दिखाई गई, जिसमें शेहजाद का प्रदर्शन बेहतर रहा। शेहजाद ने बाबर को नकली किंग कहा और ये भी आरोप लगाया कि बाबर अपने दोस्तों को टीम में जगह दिलाने के लिए युवा खिलाड़ियों को टिकने नहीं देते।

### अहमद शहजाद ने बाबर को जमकर लताड़ा

पाकिस्तान टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम ने अब तक 22 टी20 वर्ल्ड कप मैचों में 517 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 112 का रहा है। वहीं, शेहजाद ने सिर्फ 9 मैचों में 126 के स्ट्राइक रेट से 250 रन बनाए हैं, यहां तक कि उन्होंने एक शतक भी लगाया है। शेहजाद गुस्से से बोले, मुझे लगता है मैं इन आंकड़ों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था. लेकिन तुम्हारे (बाबर के) आंकड़े तो मुझसे भी खराब हैं। शेहजाद ने ये भी कहा, तुमने टी20 वर्ल्ड कप में पावरप्ले में 205 गेंदों का सामना किया है, लेकिन तुम एक भी छक्का नहीं लगा पाए। उन्होंने आगे आलोचना करते हुए कहा, तुमने घरेलू क्रिकेट की पूरी व्यवस्था खराब कर दी। तुमने टीम में अपने दोस्तों को बिठाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जगह छीन ली।

### बार-बार ऐसे ही जलील होता है पाकिस्तान, हार के बाद बनाता है घटिया बहाना

खासकर, शेहजाद ने 22 साल के बल्लेबाज सईम आयुब के करियर को बर्बाद करने के लिए बाबर को जिम्मेदार ठहराया। शेहजाद ने कहा, सईम आयुब को आगे बढ़ाना तुम्हारी जिम्मेदारी थी, लेकिन अब इतनी कम उम्र में ही उसका करियर खत्म हो गया है। सिर्फ 25 मैच खेलने के बाद लोग सईम की आलोचना कर रहे हैं बता दें कि पाकिस्तान को अगला मैच आयरलैंड के खिलाफ जीतना जरूरी है। वहीं अगर अमेरिका अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच आयरलैंड के खिलाफ जीत गई तो पाकिस्तान का खेल खत्म हो जाएगा।

टी20 विश्व कप: 2024

# कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें



**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारतः** विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

**कनाडाः** आरोन जॉनसन, नवनीत धालीवाल, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, निकोलस किरटन, साद बिन जफर, श्रेयस मोव्वा, डिलन हेइलिगर, कलीम सना, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी

# कौन सहवाग?, मुल्तान के सुल्तान ने शाकिब की आलोचना की तो बांग्लादेश के ऑलराउंडर ने इस तरह दिया जवाब

**किंग्सटाउन, एजेंसी।** सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। इस पर शाकिब का जवाब सामने आया है। टी20 विश्व कप में अपनी फॉर्म को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ मैच विजयी पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। अनुभवी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 13वां अर्धशतक लगाया और बांग्लादेश को टी20 विश्व कप सुपर 8 क्वालिफिकेशन के करीब पहुंचने में मदद की। शाकिब




46 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 64 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बांग्लादेश की टीम में शाकिब के स्थान पर सवाल उठाए थे।

### सहवाग और शाकिब आमने-सामने

सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप के दौरान मुझे लगा था कि शाकिब को टी20 प्रारूप के लिए नहीं चुना जाना चाहिए। रिटायरमेंट का समय बहुत पहले आ गया था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं, आप इस टीम के कप्तान थे। आपको वास्तव में अपने हाल के नंबरों पर शर्म आनी चाहिए। आपको आगे आना चाहिए और खुद कहना चाहिए कि अब बहुत हो गया, मैं इस प्रारूप से संन्यास ले रहा हूं। हालांकि, शाकिब ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद सहवाग पर एक शब्द की प्रतिक्रिया के साथ पलटवार किया। सहवाग की टिप्पणी पर उनके विचार साझा करने के लिए कहे जाने पर, 37 वर्षीय ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज को कौन कहकर संबोधित किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शाकिब को नीदरलैंड के खिलाफ मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

# फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर, लियोनल मेसी लेंगे संन्यास? खुद किया बड़ा एलान


**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर है. अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा नहीं होंगे. दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि लियोनल मेसी की उम्र और व्यस्त शेड्यूल की वजह से पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल है. इसके अलावा पिछले कोपा अमेरिका गेम्स में अर्जेंटीना ने टाइटल जीता था. इस बार कोपा में अर्जेंटीना डिफेंडिंग चैंपियंन के तौर पर उतरेगी, लेकिन लियोनल मेसी का ना होना अर्जेंटीना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. कोपा अमेरिका टूर्नामेंट का आयोजन 20 जून से 14 जुलाई के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका में होना है.



**मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं...-** लियोनल मेसी ने कहा कि मैंने अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच माशचेरानो से बात की, इसके बाद हम दोनों ने हालात को समझा. अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है क्योंकि हम कोपा अमेरिका में हैं, यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा।

चेस

# 18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं, 10 अंक हासिल किए



**गांधीनगर, एजेंसी।** अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए। उनकी ईएलओ रेटिंग महज 1943 की है।

18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया। 2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए।

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर




**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ।

### इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर-8 की दौर में बनी हुई है। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा।

इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए। स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।



# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी।** शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया। बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# टीम इंडिया नहीं जाएगी पाकिस्तान!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है. लेकिन क्या भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी? दरअसल, बीसीसीआई कई बार दोहरा चुकी है कि आईसीसी चैंपियंस के लिए सुरक्षा संबंधी कारणों से टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी. अगर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत पाकिस्तान नहीं जाएगा तो क्या विकल्प हैं? इस पर बीसीसीआई का कहना है कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाए, ताकि भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की जरूरत नहीं पड़े.



युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा

# भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना



शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं। मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी।


# कनाडा के खिलाफ मैच के बाद भारत लौट सकते हैं शुभमन, आवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ मैच के बाद मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम का साथ छोड़ भारत लौट आएंगे। टीम इंडिया में बैकअप के तौर पर दोनों खिलाड़ी टीम के बाकी सदस्यों के साथ फ्लोरिडा गए। गिल और आवेश उन चार सदस्यीय रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे। रिपोर्ट के



अनुसार, गिल और आवेश दोनों खिलाड़ियों का साथ टीम इंडिया के साथ केवल यूएस लेग तक ही था।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप चरण में लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में पहुंच गई। यूएस लेग के अपने आखिरी मैच में भारत शनिवार को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा से भिड़ेगा। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर अब तक टूर्नामेंट में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्लोरिडा में खराब मौसम की स्थिति भारत की जीत की लय में खलल डाल सकती है।



# घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत, अदालत ने तोड़फोड़ मामले में किया बरी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ और पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 144 के उल्लंघन में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया गया था। धारा 144 के तहत रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट मलिक मोहम्मद इमरान ने फैसला सुनाते हुए तीन वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दो और नेताओं - सदाकत अब्बासी और अली नवाज अवान को बरी कर दिया। यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों के लिए राहत की बात है। उनके खिलाफ अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए खान की सरकार गिराए जाने के बाद कई मामले दर्ज किए गए थे। पार्टी ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और मई 2022 में एक बड़ी रैली निकाली, जिसका नेतृत्व खान ने किया और उनके हज़ारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। जैसे ही प्रदर्शनकारियों ने इस्लामाबाद में प्रवेश किया, छोटे पैमाने पर हिंसा भड़क उठी और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर 27 मई 2022 को खान के साथ-साथ पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

### पीटीआई सांसद बोले- हिंदुस्तान के चुनाव में कोई धांधली नहीं हुई, क्या हमारे देश में भी कभी ऐसा होगा?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इमरान खान की पार्टी के सांसद शिबली फराज ने पाकिस्तानी संसद में भारत में हुए चुनाव की तारीफ की है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सब जानते है कि पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली हुई है पर हमारे पड़ोसी देश में भी चुनाव हुए, लेकिन आज कोई नहीं कह सकता कि इसमें धांधली की गई। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में 80 करोड़ लोगों ने वोट किया है। वहां वोटिंग के लिए लाखों पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। वहां एक व्यक्ति के लिए भी वोटिंग सेंटर बना था। हिन्दुस्तान में पूरा इलेक्शन ईवीएम से हुआ, जो एक महीने से भी ज्यादा चला। फराज ने अपनी सरकार से पूछा- क्या हिंदुस्तान के चुनावों के नतीजों को लेकर अभी तक एक भी आवाज उठी है। वहां की सारी पार्टियों ने मना है कि चुनाव निष्पक्ष हुए हैं। उन्होंने संसद में सवाल उठाया कि क्या कभी पाकिस्तान में भी बिना किसी धांधली के चुनाव हो सकते हैं। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे, जिसमें इमरान खान की पार्टी हार गई थी। शिबली फराज ने संसद के स्पीकर सरदार सादिक से कहा कि हम लोग भी चाहते हैं कि पाकिस्तान में निष्पक्ष चुनाव हों। हमारे यहां चुनाव होते हैं तो इसके रिजल्ट्स को न तो हारने वाली पार्टी मानती है न ही जीतने वाली। इस तरह की चीज ने हमारी पॉलिटिकल सिस्टम को पूरी तरह खोखला कर दिया है।

### ओपिनियन पोल में सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को फराज की रिफॉर्म यूके ने पछाड़ा, लेबर पार्टी सबसे आगे



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में चार जुलाई को चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले गुरुवार को जारी एक ओपिनियन पोल में नाइजेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी ने ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को पीछे छोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के ओपिनियन पोल के अनुसार, रिफॉर्म यूके को 19 फीसदी, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी को 18 प्रतिशत वोट मिले। वहीं लेबर पार्टी 37 प्रतिशत वोट के साथ शीर्ष पर रही। इस ओपिनियन पोल के अनुसार, सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी तीसरे स्थान पर है। यह सर्वेक्षण 12-13 जून को किया गया, जिसमें 2,211 लोगों ने हिस्सा लिया था। नाइजेल फराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक अहम मोड़ है। यहां केवल कंजर्वेटिव वोट बर्बाद होने वाला है। हम लेबर पार्टी को चुनौती दे रहे हैं। फराज को यूरोपीय संघ से ब्रिटेन को बाहर निकालने के लिए उनके सफल अभियान के लिए जाना जाता है। बता दें कि इस छोटी दक्षिणपंथी पार्टी की स्थापना 2018 में ब्रेक्जिट पार्टी के तौर पर की गई थी। पार्टी ने सख्त आव्रजन कानून जैसे मुद्दों का समर्थन किया। डी-डे स्मारक कार्यक्रम से अन्य विश्व स्तरीय नेताओं से पहले निकल जाने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अन्य ओपिनियन पोल में कंजर्वेटिव पार्टी को रिफॉर्म से आगे बताया जा रहा है। गुरुवार को जारी ओपिनियन पोल में कंजर्वेजिव पार्टी को पीछे छोड़ने के बावजूद कई संसदीय सीट ऐसे हैं, जहां रिफॉर्म के जीतने की उम्मीद नहीं है। रिफॉर्म का समर्थन पूरे देश में फैला हुआ है।

# अमेरिका में गर्भपात की दवा मिफेप्रिस्टोन पर नहीं लगेगी रोक, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली गर्भपात की गोली को प्रतिबंधित करने की मांग को खारिज कर दिया है। इससे राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को एक बड़ी जीत मिली है। वहीं गर्भपात का विरोध करने वाले समूह और डॉक्टरों को झटका लगा है।

निचली अदालत के फैसले को पलटा न्यायाधीशों ने गुरुवार को 9-0 से फैसला सुनाया। अदालत ने गर्भपात की गोली मिफेप्रिस्टोन को सीमित करने से इनकार कर दिया, जिसपर निचली अदालतों ने रोक लगा दी थी। निचली अदालतों के फैसलों पर रोक लगाने के फैसले से दवा की उपलब्धता गंभीर रूप से प्रतिबंधित हो जाती। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस दवा के पहुंच को सीमित करने के फैसले पर रोक लगा दी है। बता दें, इस दवा का इस्तेमाल देश में आधे से अधिक गर्भपात के मामलों में किया जाता है। क्या है मिफेप्रिस्टोन अमेरिका में मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टॉल नाम की गोलियों का इस्तेमाल गर्भ गिराने के लिए होता है। इन गोलियों के सेवन को अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने मान्यता दे रखी है। इन गोलियों का इस्तेमाल गर्भ ठहरने के पहले 10 हफ्तों के अंदर किया जाता है। इन गोलियों की ऑनलाइन डिलीवरी भी होती है। अमेरिका के जिन राज्यों ने गर्भपात पर रोक लगाई है, अब वहां इन गोलियों की डिलीवरी रोकने के उपायों पर विचार चल रहा है। मिफेप्रिस्टोन को सन् 2000 में एफडीए रेगुलेटरी ने अनुमति दी थी। इस दवा का 60 फीसदी से अधिक गर्भपात के मामलों में इस्तेमाल होता है।

**यह किया गया था दावा :** बता दें, मिफेप्रिस्टोन टैबलेट से जुड़ी कानूनी लड़ाई तब शुरू हुई थी, जब टेक्सास में एक संघीय न्यायाधीश ने मिफेप्रिस्टोन पर देशव्यापी बैन लगाने का आदेश दिया था। इस फैसले में कहा गया था कि दवा का इस्तेमाल जन्म लेने से पहले ही बच्चे की हत्या करने के लिए किया जा रहा है। इस पर न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि साल 2022 में टेक्सास में मुकदमा करने वाले वादी के पास मामले को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कानूनी आधार का अभाव था, जिसके लिए उन्हें यह दिखाना आवश्यक था कि उन्हें इस तरह से नुकसान पहुंचाया गया है जिसका पता एफडीए से लगाया जा सके। 2022 में गर्भपात को ठहराया था वैध अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के गर्भपात को वैध ठहराने का फैसला पलट देने के बाद कई राज्यों में 'गर्भपात की गोलियों' (एबॉर्शन पिल्स) की उपलब्धता सीमित करने कोशिशों पर ध्यान केंद्रित हो गया था। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2022 में 1973 के रो एंड वेड नामक फैसले को पलट दिया था। 49 साल पहले उस फैसले में कोर्ट ने गर्भपात कराने को महिलाओं का वैध अधिकार घोषित किया गया था। इसके बाद 14 राज्यों को इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया गया था।

### अदन की खाड़ी में नहीं थम रहे हमले, हूती विद्रोहियों ने 24 घंटे में तीन जहाजों को बनाया निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद यमन के हूती विद्रोही जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश खुले शब्दों में चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन हूती अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। एक बार फिर विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में दो क्रूज मिसाइलों से हमला कर एक मालवाहक जहाज को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में एक नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, अमेरिकी सेना ने उसे सुरक्षित बचा लिया। बता दें, गाजा में हो रहे इस्राइल हमलों से मध्यपूर्व बौखलाया हुआ है। मध्यपूर्व गाजा में हो रहे हमलों का कारण अमेरिका को मानता है। इसी वजह से हूती विद्रोही पिछले साल नवंबर से अदन की खाड़ी और लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। साथ ही कभी ईरान तो कभी जॉर्डन को कभी सीरिया में अमेरिकी सेना और अमेरिकी प्रतिष्ठानों पर हमले हो रहे हैं। हालांकि, इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग में मुश्किलें पैदा हुई हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले जहाज एम/वी वर्बेना, जिस पर पलाउन का झंडा लगा था और पोलिश द्वारा चलाया जा रहा था, पर हमला हुआ। हमले के चलते क्षतिग्रस्त हो गया और बाद में उसमें आग लग गई। चालक दल आग बुझाने का प्रयास कर रहा है।

## जी7 की मीटिंग के दौरान भटक गए जो बाइडेन, मेलोनी ने उन्हें संभाला



**इटली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन के लिए इटली में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बाइडेन को भटकते हुए देखा जा सकता है, जिन्हें बाद में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी संभालती दिखती हैं। अेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस तरह के वीडियो बाइडेन और उनकी पार्टी के लिए परेशानी बढ़ा सकती है। वायरल वीडियो में जो बाइडेन को जी-7 के नेताओं से दूर जाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में मेलोनी और जो बाइडेन के अलावा रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कई प्रमुख नेता दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, राष्ट्रपति बाइडेन जी 7 शिखर सम्मेलन में भटकने लगे और उन्हें वापस लाने के लिए उन्हें संभालना पड़ा। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी को बाइडेन को वापस लाने के लिए पकड़ते हुए देखा गया। आपको बता दें कि जो बाइडेन की उम्र 81 साल है। उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की चर्चा होती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह फिर एकबार राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बना पाते हैं या नहीं। इससे पहले जो बाइडेन ने गुरुवार को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा स्वागत किए जाने के दौरान अजीब तरीके से उन्हें सलामी दी।

### हिम्मत की मिसाल: नौकरी गई फिर भी अमेरिका की सबसे अमीर सेल्फ मेड महिला बनी 92 साल की जोआन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** 92 साल की उम्र में अमेरिका की सबसे अमीर सेल्फ मेड महिला बनीं जोआन पेडेन की अनिश्चितता में उलझे भावी उद्यमियों को सलाह है कि जब आप पानी में छलांग लगाते हैं तो डूबने के बारे में नहीं सोच सकते; आपको तैरना ही होगा, हर हाल में सफल ही होना होगा... । फोर्ब्स के अनुसार जोआन की संपत्ति करीब 5,850 करोड़ रुपए है। उनकी मनी मैनेजमेंट फर्म करीब 13.54 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति मैनेज कर रही है। 50 के दशक में महिलाओं के लिए इंजीनियरिंग और फाइनेंस क्षेत्र चुनौती ही थे। संघर्षों से जूझकर कैसे वे शीर्ष पर पहुंचीं डर्बी के कनेक्टिकट में 1931 में जन्म लेने वाली जोआन किशोरावस्था तक इंडोनेशिया में रहीं। अमेरिका लौटने के बाद उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज से फिजिक्स और मैथेमेटिक्स में ड्यूअल बैचलर डिग्री ली। उस दौर में यह किसी महिला के लिए बड़ी उपलब्धि थी। 1950 में न्यू जर्सी में ऑयल रिफाइनरी बनाने वाली कंपनी में बतौर इंजीनियर काम किया। पर छंटनी में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। यही उनके करियर का टर्निंग पॉइंट था। उन्होंने तत्काल फील्ड बदलकर फाइनेंस से जुड़ने का फैसला लिया। उन्होंने इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट फर्म मेरिल लिंच जॉइन कर ली। पर यहां उन्हें 25त्र कम सैलरी पर रखा गया।

# जी7 में ऋषि सुनक से अलग अंदाज में मिलीं इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी



**इटली, एजेंसी।** इटली में जी-7 सम्मेलन में शामिल होने वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों के पहुंचने का सिलसिला गुरवार को ही शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इटली पहुंचे हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने आने वाले मेहमानों को बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका अंदाज एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। मेलोनी ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके भी कई राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलने का उनका अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का मुद्दा बन गया। लोग इस वीडियो पर तरह-तरह के मीम्स बनाने लगे। इस बार इटली में तीन दिन का जी7 सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। ऋषि सुनक गुरुवार को ही इटली पहुंच गए थे। ऋषि सुनक जब जॉर्जिया मेलोनी के पास पहुंचे तो दोनों नेताओं ने एक दूसरे को किस किया और एक दूसरे की बाहें थामें बाते करते रहे। उन दोनों का अंदाज सोशल मीडया यूजर्स को मीम बनाने का मौका दे गया। कई लोग प्रधानमंत्री मोदी से जोड़कर भी मीम बनाने लगे। कई लोगों ने यह भी कहा कि मेलोनी पर भारतीय रंग चढ़ गया है और इसलिए वह नमस्ते करके भी नेताओं का स्वागत कर रही हैं। बता दें कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का भी यह पहला विदेश दौरा है। भारत जी7 सम्मेलन में 11वीं बार हिस्सा ले रहा है। वहीं पीएम मोदी पांचवीं बार जी7 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। जी7 देशों में यूके, कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस शामिल हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और पीएम मोदी की मुलाकात भी होनी है। दोनों द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। मेलोनी ने कहा, इटली जी7 की अध्यक्षता का फायदा उठाना चाहता है और दक्षिण के देशों के साथ भी संबंध मजबूत करना चाहता है। यह भूमि पूर्व और पश्चिम के बीच पुल का काम करती रही है। जी7 में सात देशों के अलावा बाहरी मेहमानों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस बार इटली ने जॉर्डन के राजा पोप फ्रांसिस के अलावा भारत, ब्राजील, यूक्रेन, अर्जेंटीना, संयुक्त अरब अमीरात, केन्या, ट्यूनीशइया, अल्जीरिया और मॉरिटानिया को भी न्योता दिया है। जी7 के मुद्दे में इस बार अफ्रीका की स्थिति, जलवायु परिवर्तन और विकास शामिल है। पहले सत्र में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी शामिल थे। ऐसे में पहला सत्र मध्य पूर्व को लेकर केंद्रित हो गया। दूसरे दिन ऊर्जा और अफ्रीका अप्रवासन, भारत प्रशांत, आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा होनी है.। वहीं पोप फ्रांसिस आर्टिफिशियल इंटेलिजें पर भी बात करने वाले हैं।

## इटली की संसद में हंगामा: सांसदों के बीच हाथापाई, एक को आई चोटें, व्हीलचेयर से ले जाना पड़ा




**रोम, एजेंसी।** एक बार फिर दुनियाभर के लोगों की नजर जी7 शिखर सम्मेलन पर है। इस बार यह समारोह इटली में हो रहा है। हालांकि, शिखर सम्मेलन से पहले इटली की संसद में भारी हंगामा देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद एक दूसरे से भिड़ गए। यहां तक कि जमकर हाथापाई हुई। फाइव स्टार मूवमेंट के डिप्टी लियोनार्डो डोनो इस हाथापाई में इतने जख्मी हो गए कि उन्हें व्हीलचेयर में बिठाकर अस्पताल ले जाना पड़ा। संसद में हुए विवाद ने देश में राजनीतिक तनाव को बढ़ा दिया है।

**ऐसे छिड़ी बहस :** संसद में बुधवार शाम को यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइव स्टार मूवमेंट के डिप्टी लियोनार्डो डोनो ने स्वायत्तता समर्थक उत्तरी लीग के मंत्री रॉबर्टो काल्डेरोली के गले में इतालवी झंडा बांधने की कोशिश की। डोनो ने स्वायत्तता देने की योजना का विरोध करते हुए ऐसा करने की कोशिश की थी। संसद में हुई इस घटना मीडिया समेत कई वर्गों ने इटली की एकता को कमजोर करने वाला बताया। इस घटना के बाद, उत्तरी लीग के दूसरे डिप्टी यानी की मंत्री डोनो पर हमला करने के लिए उठ खड़े हुए और लगभग 20 लोगों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस विवाद ने राजनीतिक नेताओं की प्रतिक्रियाओं की एक धार को उकसाया और इतालवी समाचार पत्रों के पहले पन्ने पर जगह बनाई। कई लोगों ने निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा स्थापित उदाहरण की आलोचना की।

**हाथापाई पर मीडिया ने क्या कहा :** हाथापाई में डोनो घायल हो गए। उन्हें बाद में व्हीलचेयर पर बिठाकर संसद से अस्पताल ले जाया गया। इस घटना की इटली की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने आलोचना की है। इटली के समाचार पत्रों के पहले पन्ने पर यह खबर छाई रही। कई लोगों ने निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा की गई इस करतूत की आलोचना की। एक अखबार ने इस घटना पर चिंता जताई। उसने लिखा कि संसद में स्क्वाड्रिस्ट राइट लड़ रहा है। यह शब्द प्रथम विश्व युद्ध के बाद के अर्धसैनिक बलों का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया गया, जो फासीवादी नेता बेनिटो मुसोलिनी के समर्थन में काली कमीज पहना करते थे। इटली के एक दैनिक अखबार ने लिखा कि सदन एक बॉक्सिंग रिंग में बदल गया था। लीग और ब्रदर्स ऑफ इटली के सांसदों ने डोनो पर घटना को भड़काने और अपनी चोटों को झूठा बताने का आरोप लगाया। एम5एस ने गंभीर और शर्मनाक हमले की निंदा की और तत्काल उपाय करने का आह्वान किया। इसके नेता ग्यूसेप कोंटे ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेलोनी बहुमत की बेंचों से हिंसा आती है। शर्म की बात है। विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने स्वीकार किया कि सांसदों को मर्यादा बनाए रखना चाहिए था और कहा कि नेताओं को पूरी तरह से अलग उदाहरण स्थापित करना होगा।

## दक्षिण अमेरिका में चीन के मेगापोर्ट से बिगड़ेंगे दोनों देशों के रिश्ते, छिड़ सकती है संसाधनों की जंग?




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** चीन की एक बड़ी कंपनी कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स लीमा से 80 किलोमीटर दूर यहां चांके में एक मल्टीपरपस पोर्ट टर्मिनल यानी मेगापोर्ट (बंदरगाह) बना रही है। माना जा रहा है कि ये ऐसा ढांचा होगा जिसके जरिए चीन पेरू में अपनी मौजूदगी बना सकेगा। अपने बड़े विस्तार और कार्यक्षमता के कारण ये बंदरगाह जल्द ही यहां से होने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन सकता है। हालांकि, इन सबके बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बंदरगाह का उद्घाटन इस के अंत तक हो सकता है। इसके तैयार होते ही चीन तथा अमेरिका के बीच और अधिक रिश्ते खराब हो सकते हैं। चीन का कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स चांके में बंदरगाह को करीब 3.6 अरब डॉलर की लागत से बना रहा है। यहां की सरकार को उम्मीद है कि इससे एशिया और दक्षिण अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य निर्यातों के लिए नए बाजार खोल सकता है। वहीं, पेरू की सरकार को उम्मीद है कि इस बंदरगाह से हर साल चीन और दक्षिण अमेरिका के बीच अरबों डॉलर का व्यापार हो सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह ने अमेरिका के लिए एक चुनौती खड़ी कर दी है, जो लैटिन अमेरिका में चीन के उदय को रोकना चाहता है। अमेरिका को चिंता है कि बंदरगाह के जरिए बीजिंग को दक्षिण अमेरिका के संसाधनों पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने का मौका मिल जाएगा। अमेरिकी दक्षिणी कमान की प्रमुख जनरल लॉरा रिचर्डसन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, इससे चीन के लिए क्षेत्र से इन सभी संसाधनों को निकालना और भी आसान हो जाएगा, इसलिए यह चिंता का विषय होना चाहिए। गौरतलब है, अमेरिका और चीन के बीच संबंध पिछले कुछ दशकों में काफी खराब हो गए हैं। हालांकि, दोनों देशों ने कूटनीतिक रूप से फिर से जुड़ने के लिए कदम उठाए हैं। पेरू के तट पर ब्लूबेरी और एवोकैडो उगाने वाले डैनियल बस्टामांटे ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि बंदरगाह फलों के लिए नए एशियाई बाजार खोलेगा, जिन्हें वर्तमान में वह ज्यादातर यूरोप और अमेरिका में भेजते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह बंदरगाह एशिया के लिए एक खिड़की होगा।

## जासूसी के आरोप में रूस की जेल में बंद अमेरिकी पत्रकार पर चलेगा मुकदमा, हो सकती है 20 साल की सजा



**मॉस्को, एजेंसी।** शीत युद्ध के बाद इवान गेर्शकोविच पहले अमेरिकी पत्रकार हैं जिसे जासूसी के आरोप में रूस में गिरफ्तार किया गया है। सीआईए के लिए जासूसी करने का आरोप लगाते हुए उसपर मुकदमा चलाया जाएगा। रूसी प्रेसेक्यूटर जनरल कार्यालय की तरफ से कहा गया कि गेर्शकोविच को पहली बार हिरासत में लिए जाने के एक से अधिक साल बाद उसपर आरोप तय किया गया। दोषी पाए जाने पर उसे 20 साल की सजा दी जाएगी। हालांकि, गेर्शकोविच, अमेरिकी सरकार और उनके कर्मचारियों ने उनके खिलाफ आरोपों का खंडन किया है।

**सीआईए के निर्देशों पर काम कर रहा था गेर्शकोविच: रूस का दावा :** गेर्शकोविच की गिरफ्तारी के दो हफ्ते बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए इसे गलत तरीके से हिरासत में लेना बताया। रूसी अभियोजकों ने कहा कि देश की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान यह पाया गया कि गेर्शकोविच सीआईए के निर्देशों पर काम कर रहा था।

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया :** इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि गेर्शकोविच के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा, हम शुरू से ही कह रहे कि इवान गेर्शकोविच ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें कभी भी गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था। पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है। उनके ऊपर लगे आरोप झूठे हैं। रूस के सरकार को भी मालूम है कि वे झूठे हैं। उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। मिलर ने कहा कि अमेरिका इवान गेर्शकोविच के साथ पूर्व अमेरिकी नौसैनिक व्हेलन की रिहाई के प्रयार को जारी रखेगा। बता दें कि व्हेलन को 2018 में मॉस्को में गिरफ्तार किया गया था। उनपर भी जासूसी के आरोप लगाए गए थे और 16 साल की सजा सुनाई गई। मिलर ने कहा, जैसा कि हमने कहा था, कुछ दिन पहले हमले इवान और व्हेलन की रिहाई के लिए एक बड़ा प्रस्ताव रखा था। हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। गिरफ्तार किए जाने के बाद 32 वर्षीय अमेरिकी पत्रकार को मॉस्को के नोटोरियस लेफोर्टोवो जेल में रखा गया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इवान गेर्शकोविच की हिरासत और जांच प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। हालांकि, इस मामले पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि गेर्शकोविच को रिहा करने के लिए अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत की जा सकती है। बता दें कि बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कई अमेरिकी को हिरासत में लिया है। पिछले साल जून में रूसी-अमेरिकी पत्रकारअल्सु कुर्मासेवा को हिरासत में लिया गया था। जनवरी में बैलेरिना सेनिया कैरेलिना को हिरासत में लिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री किरोड़ी लाल ने सरकारी गाड़ी लौटाई, सचिवालय जाना किया बंद



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना के इस्तीफे को लेकर बड़ा अपडेट आया है। सूत्रों के अनुसार किरोड़ी लाल ने 4 जून को ही इस्तीफा दे दिया। यहीं वजह है कि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना ने सरकारी गाड़ी का उपयोग करना छोड़ दिया है करीब दस दिन से वे सचिवालय स्थित अपने दफ्तर भी नहीं जा रहे हैं। बता दें कैबिनेट मंत्री मीना ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दौसा सहित 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है। उन सातों में किसी एक सीट पर भाजपा हारती है तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद मीना ने चुनाव परिणाम से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था–रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। सूत्रों के मुताबिक पार्टी आलाकमान ने किरोड़ी लाल का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। हालांकि, आधिकारिक तौर किरोड़ी लाल के इस्तीफे को लेकर बीजेपी के नेता बोलने से बच रहे है। जानकारी के मुताबिक चुनाव के बाद से ही मीना अपनी निजी कार में घूम रहे हैं। आचार संहिता हटने के बाद भी उन्होंने सरकारी गाड़ी नहीं मंगवाई। अपने दफ्तर भी नहीं जा रहे। आखिरी बार वे दफ्तर चुनाव परिणाम से दो दिन पहले गए थे। चुनाव परिणाम 4 जून को आने के बाद आचार संहिता भी हट चुकी है। सूत्रों के मुताबिक किरोड़ी जिन 7 सीटों की जिम्मेदारी मिलना बता रहे थे, उनमें से भाजपा 4 सीट भरतपुर, धौलपुर–करौली, दौसा और टोंक–सवाई माधोपुर में चुनाव हार चुकी है। भाजपा को झालावाड़, अलवर और जयपुर ग्रामीण सीट पर जरूर जीती है। पूर्वी राजस्थान में किरोड़ी लाल का किला ढह गया है। दौसा में कांग्रेस ने भारी मतों से जीत हासिल की है। बता दें दौसा किरोड़ी लाल का गढ़ माना जाता है। विधानसभा चुनाव में 5 में से 4 विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी को जीत मिली थी।

### राजस्थान में 6 पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता, छलक आई आंखें



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर जिला प्रशासन 6 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की भारतीय नागरिकता मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इन सभी ने सीएम भजनलाल का आभार जताया। जयपुर जिला प्रशासन अब तक 325 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रदान कर चुका है। कलक्ट्रेट में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाहा ने कविता बाई, निर्मलदास, शभागु मल, पूरी बाई, मुकेश लाल एवं शंकरलाल सहित 6 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। जयपुर जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 325 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जा चुकी है। अरसे बाद नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर शंकर लाल की आंखें छलक आई। शंकर लाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि आज कई साल का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा था लेकिन अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद ना केवल उन्हें पहचान मिली है बल्कि अब सरकारी योजनाओं की मदद से वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

### अब रामपथ से प्रयागराज सहित गोरखपुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्ट होगा

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए एक और योजना को पंख लगे हैं। शहर के गुदड़ी बाजार से नाका फ्लाईओवर तक मार्ग सुंदरीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। अब रामपथ से प्रयागराज सहित गोरखपुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्ट होगा और बिना हिचकोले वाहन फर्राटा भरते नजर आएंगे। यह योजना लगभग 25 करोड़ की लागत से मूर्त रूप लेगी, बताया जा रहा है कि इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण व सुंदरीकरण में सड़क के किनारे मकानों का अधिग्रहण नहीं होगा बल्कि अतिक्रमण हटाए जाएंगे। चौक, फतेहगंज, मकबरा व नाका क्षेत्र में राहगीरों को जाम के झाम से घंटों जूझना पड़ता है। जाम की वजह से राहगीरों के वाहन सड़क पर रेंगते नजर आते है। शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए अयोध्या सिटी में तमाम सड़कों के चौड़ीकरण सहित अन्य विकास कार्य हुए हैं। अब चौक–नाका मार्ग पर जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए काम शुरू हो गया है। प्रथम चरण में नाका क्षेत्र में डक्ट व सीवर लाइन निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। डक्ट निर्माण पूरा होने के बाद सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू होगा। इस मार्ग का निर्माण गुदड़ी बाजार से नाका फ्लाईओवर तक होगा। बताया जा रहा है कि मार्ग के सुदृढ़ीकरण में सड़क के किनारे के कोई मकान अधिग्रहण की जद में नहीं आएंगे, क्योंकि सरकारी मार्ग की चौड़ाई जितनी है उतने पर ही सड़क निर्माण होगा, हालांकि जिन मकानों के बाहर सड़क पर सीढ़ियां या छज्जे निकाले गए है। डक्ट निर्माण के बाद उनके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# 26 जून को होगा लोकसभा स्पीकर का चुनाव, विपक्ष को उपाध्यक्ष पद के चुनाव की भी उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से जारी एक बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। इसमें बताया गया है, मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं। सत्र के पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के लिए समर्पित होंगे, वहीं अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। प्रस्ताव के लिए नोटिस का समर्थन किसी तीसरे सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा यह बयान भी दिया जाना चाहिए कि वह निर्वाचित होने पर अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए तैयार है। लोकसभा सचिवालय ने नियमों का



हवाला देते हुए बताया कि कोई सदस्य अपना नाम प्रस्तावित नहीं कर सकता है या अपने नाम वाले किसी प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकता है। यदि कोई प्रस्ताव पारित (अपनाया) होता है, तो कार्यवाही की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति (प्रोटेम स्पीकर) यह घोषणा करेगा कि पारित किए गए प्रस्ताव में प्रस्तावित सदस्य को सदन का अध्यक्ष चुना गया है।

**कैसे होता है लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव:** उम्मीदवारों का नामांकन: लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए किसी सदस्य को प्रस्तावित किया जाना चाहिए। एक सदस्य किसी अन्य सदस्य का नाम प्रस्तावित करता है और एक अन्य सदस्य इसका समर्थन करता है। ऐसे कई प्रस्ताव हो सकते हैं। अधिसूचना जारी करना: सभी प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद, संसद सचिवालय एक अधिसूचना जारी करता है जिसमें सभी नामांकित उम्मीदवारों के नाम शामिल होते हैं। चुनाव का आयोजन: अगर एक से अधिक उम्मीदवार होते हैं, तो चुनाव का आयोजन किया जाता है। यह चुनाव आमतौर पर लोकसभा की बैठक में होता है। सभी सदस्य मतदान करते हैं। मतदान प्रक्रिया: मतदान में सदस्य एक गुप्त मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालते हैं। मतगणना और परिणाम की घोषणा: मतगणना के बाद, जो उम्मीदवार सबसे अधिक मत प्राप्त करता है, उसे लोकसभा अध्यक्ष घोषित किया जाता है। निर्विरोध चुनाव: यदि केवल एक ही उम्मीदवार होता है, तो उसे निर्विरोध रूप से लोकसभा अध्यक्ष घोषित कर दिया जाता है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आमतौर पर लोकसभा के पहले सत्र में ही होता है, जो कि आम चुनाव के बाद आयोजित होता है। लोकसभा अध्यक्ष संसद की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और संसद में निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा था कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा जिसमें नवनिर्वाचित संसद सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे और निचले सदन के नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आम तौर पर लोकसभा के सदस्यों की पहली बैठक में किया जाता है। अध्यक्ष चुने जाने से पहले, एक सांसद को प्रो-टेम (सीमित अवधि के लिए) स्पीकर के रूप में चुना जाता है। प्रो-टेम अध्यक्ष नए सदन की पहली कुछ बैठकों की अध्यक्षता करता है और नए सांसदों के शपथ ग्रहण प्रशासन की अध्यक्षता भी करता है और अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए मतदान का संचालन करता है। संसद के दोनों सदनों की अगली बैठक जुलाई के तीसरे सप्ताह में बुलाई जा सकती है जिसमें केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इसी के साथ निर्मला सीतारमण लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। आगामी बजट के साथ वह मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे।

## चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक ने कई बदलाव किए

**नई दिल्ली, 14 जून, 2024** चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक ने कई बड़े बदलाव किए हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी से मरीजों की सबसे तेज और बेहतर रिकवरी हो रही है. इस प्रक्रिया के जरिए अब तक 98 फीसदी रोगियों में सफलता हासिल हुई है।

यह जानकारी नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ. एमएम यूसुफ और डॉ. वरुण बंसल ने एक सम्मेलन के दौरान साझा की। मरीजों को उपचार विकल्प प्रदान करने वाली अपनी राष्ट्व्यापी पहल पर आगे बढ़ते हुए अपोलो अस्पताल का यह कार्यक्रम रोबोटिक हार्ट सर्जरी और रोबोटिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) को अपनाने पर केंद्रित रहा।

विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में रोबोटिक विधि के कई फायदे हैं। इसमें सभी धमनी ग्राफ्ट का उपयोग, कम जटिलताएं, कोई हड्डी नहीं काटना, काफी कम रिकवरी समय और न्यूनतम घाव शामिल हैं। अगर सफलता की बात करें तो 98त्न सफलता दर और न्यूनतम जोखिम का दावा है। रोबोटिक हार्ट सर्जरी अत्यंत छोटे चीरों के माध्यम से प्रक्रियाएं करने के लिए उन्नत रोबोटिक तकनीक और सर्जिकल विशेषज्ञता का उपयोग करके न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण प्रदान करती है। मरीज सर्जरी के 24 घंटे के भीतर चलना शुरू कर देते हैं। अक्सर 48-72 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी जाती है। इसके अलावा यह सर्जरी कोरोनरी धमनी रोग, हृदय वाल्व रोग, हृदय ट्यूमर और हृदय में जन्म दोषों के इलाज वाले रोगियों के लिए आवश्यक हैं।

डॉ. एमएम यूसुफ ने कहा, ÷हृदय देखभाल में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी एक परिवर्तनकारी प्रगति का प्रतीक है। इस अत्याधुनिक रोबोटिक प्रौद्योगिकी से हम बेहद सटीक और कम जोखिम भरी प्रक्रियाएं करने में सक्षम हैं जो मरीज के लिए जटिलताओं को काफी कम कर देती हैं।÷ उन्होंने यह भी कहा कि यह तकनीक इलाज के साथ यह तकनीक हमारे मरीजों को त्वरित गतिशीलता प्रदान करती है। इसके अलावा, घाव के निशान कम होते हैं और मरीज तेजी से अपने सामान्य जीवन में वापस लौटने लगता है। डॉ. वरुण बंसल ने कहा, ÷रोबोटिक और न्यूनतम इनवेसिव कार्डियक सर्जरी हृदय देखभाल में एक अहम भूमिका निभा रही है। सर्जिकल विशेषज्ञता के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी के जरिए हम अपने रोगियों को कम जटिलताओं के अलावा तेजी से ठीक होने और जीवन की बेहतर समग्र गुणवत्ता प्रदान करने में सक्षम बने हैं।

## जिन्हें घमंड था, उन्हें भगवान राम ने 241 पर रोका, राम सभी को न्याय देते हैं : आरएसएस नेता इंद्रेश

**जयपुर , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजों पर तीखी टिप्पणी करते हुए आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) नेता इंद्रेश कुमार ने गुरुवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर अहंकारी होने और विपक्षी इंडिया ब्लॉक पर राम विरोधी होने का आरोप लगाया। जयपुर के पास कनोता में रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह में बोलते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि चुनाव परिणाम उनके रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने राम की भक्ति की, लेकिन जब उसमें अहंकार आ गया तो उसे 241 सीटें देकर सबसे बड़ी पार्टी बनाकर रोक दिया। उसको जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। यह बात उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कही, जिन्हें लोकसभा सीटों में 240 सीटें मिलीं हैं। आगे उन्होंने कहा, जिन लोगों की राम में आस्था नहीं थी, उन्हें एक साथ 234 पर रोक दिया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से इंडिया ब्लॉक का जिक्र करते हुए कहा। उनके मुताबिक लोकतंत्र में रामराज्य का विधान देखिए, जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन धीरे-धीरे अहंकारी हो गए, वह पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन जो वोट और सत्ता मिलनी चाहिए थी, उसे उनके अहंकार के कारण भगवान ने रोक दिया।

# वायनाड सीट से हो रही प्रियंका गांधी की लॉन्चिंग की तैयारी? राहुल गांधी ने दिए संकेत

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली के साथ-साथ केरल की वायनाड सीट पर जीत हासिल की है। अब उन्हें एक सीट पर इस्तीफा देना होगा, क्योंकि वह एकसाथ दोनों ही सीटों के सांसद नहीं रह सकते हैं। राहुल किस सीट से इस्तीफा देंगे, इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। इसके साथ ही प्रियंका गांधी वाड्रा के संसदीय पारी शुरुआत होने को लेकर भी कयासों का बाजार गर्म है।

एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा कि अगर राहुल गांधी वायनाड सीट से इस्तीफा देते हैं तो वहां से प्रियंका गांधी वाड्रा को कांग्रेस अपना उम्मीदवार बना सकती है। राहुल गांधी ने बीते मंगलवार को यह कहकर अपनी बहन के चुनाव मैदान में उतरने की बात को हवा दे दी कि अगर उनकी बहन वाराणसी से चुनाव लड़ रही होती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो-तीन लाख वोटों से चुनाव हार जाते। आपको बता दें कि प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा 2019 के लोकसभा चुनाव से ही हो रही है। उस समय भी अटकलें लगाई गईं कि वह वाराणसी सीट से पीएम मोदी को चुनौती दे सकती हैं। इसके बाद 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी उनके चुनाव लड़ने को लेकर अटकलें लगाई गईं। उस चुनाव में तो उनके मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी की भी खूब बात हुई। 2024 में जब सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट छोड़ दी तो प्रियंका गांधी का नाम फिर तेजी से उछला, लेकिन इस सीट से राहुल गांधी



चुनाव लड़े और जीत दर्ज की। ऐसी खबरें आ रही थीं कि प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी और उनके भाई भाजपा की स्मृति ईरानी से अमेठी को वापस जीतने के लिए लड़ेंगे। उनके करीबी सूत्रों ने कहा था कि प्रियंका गांधी ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि अगर वह जीत जातीं तो संसद में तीन गांधी होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की वंशवादी राजनीति के आरोप को बल मिलता। प्रियंका गांधी ने अपना अधिकांश समय रायबरेली और अमेठी में प्रचार में बिताया। दोनों ही सीटों पर उनकी पार्टी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। ??जब लोकसभा के नतीजे आए तो समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन ने उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 43 सीटें जीतकर भाजपा और चुनाव विश्लेषकों को चौंका दिया। रिजल्ट के बाद राहुल गांधी ने यूपी के लोगों का आभार जताते हुए अपनी बहन की भूमिका की प्रशंसा भी की थी। वायनाड से उपचुनाव में प्रियंका गांधी का चुनाव लड़ना इस बात पर निर्भर करेगा कि राहुल गांधी इस सीट को छोड़कर रायबरेली से सांसद बने रहते हैं या नहीं। इस सीट से 2019 में उन्हें जीत मिली थी। वह अमेठी सीट हार गए थे। उन्होंने बुधवार को कहा था कि वह दुविधा में हैं और अभी भी फैसला नहीं कर पाए हैं।

# युसूफ पठान पर अतिक्रमण का आरोप, सांसद बनने के दो दिन बाद भाजपा शासित निगम ने भेजा नोटिस

**वडोदरा, एजेंसी।** गुजरात के वडोदरा शहर के रहने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर और हाल ही में टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस पार्टी) से लोकसभा सांसद बने यूसुफ पठान को शहर के भाजपा शासित नगर निगम ने अतिक्रमण को लेकर एक नोटिस दिया है। नोटिस में उनसे कहा गया है कि उन्होंने कथित रूप से नगर निगम के स्वामित्व वाले प्लॉट पर अवैध कब्जा कर रखा है। साथ ही नोटिस में उनसे कब्जा हटाने के लिए भी कहा गया है। बता दें कि पठान हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से सांसद बने हैं। पठान को यह नोटिस 6 जून को यानी चुनाव नतीजे आने के दो दिन बाद दिया गया था। हालांकि वीएमसी (वडोदरा नगर निगम) की स्थायी समिति के अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने गुरुवार को मीडिया को इसकी जानकारी दी। इस पहले गुरुवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के पूर्व पार्षद विजय पवार ने इस मुद्दे को उठाया था। पवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने साल 2012 में पठान को भूखंड बेचने के वीएमसी के



प्रस्ताव को खारिज कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने (पठान ने) चारदीवारी बनाकर प्लॉट पर अतिक्रमण कर लिया। आगे पवार ने कहा, मेरी यूसुफ पठान से कोई दुश्मनी नहीं है। लेकिन टांडलजा क्षेत्र में स्थित यह प्लॉट वीएमसी के स्वामित्व वाला आवासीय प्लॉट है। 2012 में पठान ने वीएमसी से इस प्लॉट की मांग की थी क्योंकि यह उनके निर्माणाधीन घर से सटा हुआ प्लॉट था। इसके लिए उन्होंने 57,000 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से मूल्य चुकाने का प्रस्ताव भी रखा था। पवार ने कहा, उस समय वडोदरा नगर निगम ने उनके प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी थी और इसे सामान्य बोर्ड की बैठक में पारित भी कर दिया था। हालांकि राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी देने से इनकार कर दिया, जो कि ऐसे मामलों में आखिरी प्राधिकारी होती है। पवार ने कहा, हालांकि प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था, लेकिन वीएमसी ने भूखंड के चारों ओर बाड़ नहीं लगाई। फिर मुझे पता चला कि पठान ने भूखंड के चारों ओर एक दीवार बनाकर उस पर अतिक्रमण कर लिया है। इसलिए, मैंने नगर निगम से इसकी जांच करने को कहा है। उधर वीएमसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने राज्य सरकार की तरफ से पठान को 978 वर्ग मीटर के भूखंड की बिक्री की मंजूरी नहीं मिलने की बात की पुष्टि की और कहा कि कथित अतिक्रमण के लिए उन्हें एक नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने कहा, हाल ही में हमें उनके द्वारा एक कंपाउंड दीवार बनाने के बारे में कुछ शिकायती आवेदन मिले हैं। इसलिए 6 जून को हमने पठान को एक नोटिस दिया है और उनसे सभी अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है। हम कुछ सप्ताह तक इंतजार करेंगे और फिर हम आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

## जनता ने नकारा, अब आरएसएस के निशाने पर, क्या भाजपा के साथ आकर फंस गए अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा को कई राज्यों में लोकसभा सीटों का घाटा उठाना पड़ा है। यूपी, राजस्थान के अलावा देश के दूसरे सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य महाराष्ट्र में भी भाजपा को करारा झटका लगा है। भाजपा को यहां 9 सीटें ही मिली हैं, जबकि 2019 में उसे 23 पर जीत मिली थी। भाजपा के लिए चिंता की बात यह भी रही कि उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना भी 7 सीट जीत पाई। इसके अलावा अजित पवार की एनसीपी को तो महज एक सीट पर ही जीत मिली है। इन नतीजों पर मंथन का दौर जारी है और भाजपा का मातृ संगठन कहा जाने वाला आरएसएस भी ऐक्टिव हो गया है। आरएसएस ने इन नतीजों के लिए अजित पवार से गठबंधन पर भी निशाना साधा है। उसका यह रुख अजित पवार के लिए टेंशन की बात है। इसकी वजह यह है कि एक तरफ उसे चुनावी नतीजों में झटका लगा है तो वहीं आरएसएस की आलोचना के बाद उसके लिए गठबंधन में भी मुश्किल होगी। भाजपा यह आकलन करने में जुटी है कि गठबंधन साथियों से उसे कितना फायदा मिला है। न्यूज एजेंसी द्धहस् के अनुसार भाजपा तो एक सर्वे भी करा रही है, जिसमें यह पता लगाने की कोशिश होगी कि अकेले चुनाव लड़ने में उसके लिए क्या संभावनाएं रहेंगी। अजित पवार के लिए एक मुश्किल यह भी है कि वह वैचारिक आधार पर समझौता करके भाजपा संग आए हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना की तो भाजपा से वैचारिक समानता है और



इसे लेकर आरएसएस को भी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन भाजपा और आरएसएस का एक वर्ग मानता है कि अजित पवार से दोस्ती का ज्यादा फायदा नहीं है। अजित पवार की पार्टी ने 4 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से एक पर ही जीत हासिल हुई। वहीं एकनाथ शिंदे गुट ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा और 7 पर विजय पाई। इस तरह उसने उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुकाबले अपनी ताकत दिखाई है। इसके अलावा यदि उद्धव गुट भी एनडीए के साथ आता है तो भाजपा दोनों को समाहित कर लेगी। अब अजित पवार के लिए यह अस्तित्व का सवाल है। चाचा शरद पवार के गुट ने चुनावी सफलता पाकर दिखाया है कि जनता का उन पर भरोसा है।

# सिक्किम में पति बना मुख्यमंत्री, पत्नी ने अगले ही दिन छोड़ दी विधायकी?

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय ने शपथ लेने के एक दिन बाद ही गुरुवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में वह सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के उम्मीदवार बिमल राय को हराकर नामची-सिंघीथांग सीट से विजयी हुई थीं। विधानसभा सचिव ललित कुमार गुरुंग ने पुष्टि करते हुए कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष एम एन शेरपा ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

कृष्णा कुमारी राय मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी हैं, जिनकी पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने हाल ही में हुए चुनावों में 32 विधानसभा सीटों में से 31 सीटें और राज्य की एकमात्र लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। तमांग पेमा खांडू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश गए हुए थे। तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ी थीं और उन्होंने 5,302 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें 71.6 प्रतिशत मत मिले थे, जो मुख्यमंत्री तमांग के बाद दूसरे स्थान पर थीं। गुरुवार को मुख्यमंत्री की पत्नी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को पत्र लिखकर बताया कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी के फैसले का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ा था। उन्होंने लिखा, बहुत भारी मन से मैं





आपको यह सूचित करना चाहती हूं कि मैंने आधिकारिक तौर पर अपना इस्तीफा दे दिया है... मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी जल्दी चुनावी राजनीति में उतरूंगी... मैंने हमेशा राजनीति को एक सामाजिक गतिविधि के रूप में देखा है और मैं इसलिए चुनाव में उतरी क्योंकि मुझे संसदीय बोर्ड और पार्टी अध्यक्ष द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान करना था। सीएम की पत्नी ने आगे कहा, मैं हमेशा से इस बात पर दृढ़ विश्वास रखती रही हूं कि लोगों की सेवा करने के लिए मुझे किसी पद पर रहने की जरूरत नहीं है। मैं अपनी क्षमता से मदद करती रही हूं और करती रहूंगी। माननीय मुख्यमंत्री और मैं आश्वासन देते हैं कि नामची सिंगिथांग निर्वाचन क्षेत्र के लिए नया उम्मीदवार एक प्रतिबद्ध और समर्पित व्यक्ति होगा जो नामची सिंगिथांग के लोगों की सेवा करेगा। मुख्यमंत्री की पत्नी ने अपने पति की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सिक्किम प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री तमांग ने कहा कि उनकी पत्नी का इस्तीफा पार्टी के सर्वसम्मत निर्णय के अनुरूप है और उन्होंने पार्टी के कल्याण और उद्देश्यों को प्राथमिकता दी है। अरुणाचल प्रदेश के अपने समकक्ष पेमा खांडू के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत के लिए गए तमांग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मेरी पत्नी के इस्तीफे की खबर के संबंध में... मैं सिक्किम के प्रिय और सम्मानित लोगों को सूचित करना चाहता हूं कि उन्होंने पार्टी के कल्याण और उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हुए पार्टी के सर्वसम्मत निर्णय के अनुरूप अपनी सीट खाली कर दी है। कल्याण के लिए चुनाव लड़ा। हमारी पार्टी की ओर से अध्यक्ष के रूप में, मैं उनके समर्पण और अटूट समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। सिक्कम क्रांतिकारी मोर्चा प्रमुख ने कहा कि पार्टी सिक्किम के लोगों की सेवा करने के लिए वास्तविक और समर्पित पदाधिकारियों को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।